04 अगस्त 2025 | रांची, सोमवार | वर्ष-26, अंक- 183, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

नागेंद्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांग रागाय महेश्वराय
नित्याय शुद्धाय दिगंबराय तस्मे न काराय नमः शिवायः॥



सावन का आखिरी सोमवार

## सैनिक भाइयों पर गर्व है हमें

राष्ट्रीय नवीन मेल




पुष्पा पांडेय

6 मई की मध्य रात्रि में जब लोग निद्रा देवी के आगोश में सुख भोग रहे थे, उसी समय हमारे सैनिक महादेव के गण की भांति अपनी भूमिका निभा रहे थे। पहलगाम में हुए क्रूरतापूर्ण अमानवीय कृत्यों का अहसास दिलाने हमारे सैनिक उनके घर में प्रवेश कर गए। अपनी अद्भुत क्षमता, शौर्य, साहस और देशभक्ति का उन्होंने परिचय दिया। हमारी सेना त्याग और बलिदान का पर्याय मानी जाती है। पहलगाम में हुए क्रूरतापूर्ण कर्म पर देश ने यह निर्णय लिया कि उन आतंकवादियों को उन्हीं की जमीन पर सबक सिखाया जाए। आतंकियों के इस कुकर्म का एहसास दिलाने के लिए हमारी तीनों सेनाओं ने मिलकर जो रणनीति बनाई, वह पूरे विश्व को चौंका दिया। उन नई नवेली दुल्हनों को वैधव्य के लिबास में देख भारतवासियों का खून खौल रहा था। हमारी सेना ने उस न भरने वाले जख्म पर मरहम लगाने की कोशिश की। उन मासूमों की निर्मम हत्या क्षमा योग्य नहीं थी। मुझे उन सैनिक भाइयों पर गर्व है, जिन्होंने ऐसी अद्भुत साहस का परिचय दिया।

शेष पेज 11 पर

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। हालांकि, इस चर्चा के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है। राष्ट्रपति के सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' से रविवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी शेयर की गई, जिसमें वे दोनों चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल से तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### गुमला के बेटे ने किया झारखंड का नाम रोशन

# कृष्ण टाना भगत भारतीय अंडर-16 क्रिकेट टीम में चयनित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गुमला जिले के खिलाड़ियों ने देश-विदेश में झारखंड का नाम रोशन किया है। यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इन्हीं खिलाड़ियों में अब एक और नाम जुड़ गया है और वह है कृष्ण टाना भगत। गुमला शहर के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 14 वर्षीय छात्र कृष्ण टाना भगत का चयन भारतीय अंडर-16 क्रिकेट टीम में हुआ है। कृष्ण की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और छात्र दोनों बेहद खुश हैं। कृष्ण को बचपन से ही क्रिकेट से गहरा लगाव था।

उसके माता-पिता ने हमेशा उसे क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। दिसंबर 2024 में उसे ट्रायल के लिए रांची बुलाया गया था, जिसके बाद उसका चयन बैट्समैन के रूप में हुआ। फिलहाल कृष्णा सिसई के महुआडीपा में अपने एक दोस्त के साथ भाड़े के मकान में रह रहा है और प्रतिदिन बस से स्कूल आता-जाता है। शाम को वह शहर के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कोच ज्ञान सर के मार्गदर्शन में प्रैक्टिस करता है। कृष्ण के भारतीय टीम में चयन को लेकर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है। लोगों ने उसे बधाइयां दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### विद्यालय में खुशी की लहर, मिल रही बधाई

**पिता हिमाचल प्रदेश में करते है वेल्डिंग का काम :** कृष्ण टाना भगत ने बताया कि वह सिसई प्रखंड के नगर सिसकारी गांव का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान में उसका पूरा परिवार हिमाचल प्रदेश में रहता है। उसके पिता हिमाचल में वेल्डिंग का काम करते हैं और मां सिलाई का कार्य करती हैं।

### नक्सलियों ने रेल लाइन को विस्फोट कर पहुंचाया नुकसान

# रेल ट्रैक पर आईईडी विस्फोट में एक गैंगमैन की हुई मौत

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क । चाईबासा/चक्रधरपुर (प. सिंहभूम)

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर रेलमंडल के रेंजरा-करमपदा रेलखंड पर नक्सलियों ने शनिवार की रात रेल यातायात को बाधित कर दहशत फैलाने की साजिश रची। 2 और 3 अगस्त की आधी रात को नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक पर माओवादी का झंडा और बैनर लगाकर अपनी मौजूदगी का संदेश दिया। ट्रैक पर संदिग्ध झंडा और बैनर देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने समय रहते इंजन रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ज्ञात हो कि माओवादी 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक शहीद सप्ताह मना रहे थे और 2-3 अगस्त की आधी रात से 24 घंट के बंद का आह्वान किया था। जानकारी के मुताबिक, शहीद सप्ताह के दौरान ही नक्सलियों ने कई जगहों पर बैनर और पोस्टर लगाए हैं।

शनिवार की देर रात को करमपदा और रेंजरा के बीच माओवादियों ने आईईडी विस्फोट से ट्रैक को उड़ा दिया। इसके बाद यहां मालगाड़ियों का परिचालन बंद हो गया। यहां सिर्फ मालगाड़ियों का ही परिचालन होता है। रविवार की सुबह रेंजरा और रॉक्सी के बीच ट्रैक पर लगे बैनर को हटाने के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इसकी चपेट में गैंगमैन हितवा उरांव और बुधराम मुंडा आ गए। दोनों को ओडिशा के बंडामुंडा रेलवे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही हितवा ने दम तोड़ दिया। बुधराम को बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर किया गया है।

इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण-पूर्वी रेलवे के निरीक्षक ने खबर की पुष्टि करते हुए बिमलगढ़ किरीबुरू के सभी मूवमेंट पर तत्काल रोक लगा दी है। इधर, सूचना मिलते ही आरपीएफ, ओडिशा पुलिस और रेलवे इंजीनियरिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। रेलवे प्रशासन ने इस गंभीर घटना को लेकर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाई अलर्ट भी घोषित कर दिया गया है। साथ ही, घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं और ट्रैक को शीघ्र सामान्य करने का कार्य जारी है।

### दूसरा गंभीर रूप से घायल, चक्रधरपुर रेलमंडल के रॉक्सी और रेंजरा के बीच हुआ ब्लास्ट



**नक्सलियों ने 24 घंटे के बंद के दौरान दिया वारदात को अंजाम**

भाकपा माओवादी संगठन ने 2-3 अगस्त की मध्य रात्रि से झारखंड, बंगाल, ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ में 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। बंद के समर्थन में नक्सलियों ने पर्चे और पोस्टर छोड़े हैं। पोस्टरों में नक्सलियों ने 'पुलिसिया दमन के खिलाफ जन प्रतिरोध' की अपील की गई है। माओवादी 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक शहीद सप्ताह मना रहे थे।

## रांची के लटमा में फ्लैट से महिला और दो बच्चों के शव बरामद

नवीन मेल डेस्क



**आत्महत्या की आशंका पुलिस कर रही जांच**

**रांची।** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के चोरिया लटमा रोड स्थित राजेश्वर अपार्टमेंट के फ्लैट में रहने वाली एक महिला और उनके दो बच्चों के शव रविवार को बरामद किए गए। मृत महिला की पहचान 34 वर्षीया संयुक्ता सिंह के रूप में हुई है। वहीं, दो बच्चों में एक उनका 14 वर्षीय पुत्र आरव और दूसरी 12 वर्षीया पुत्री आराध्या बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे सामूहिक आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात से ही संयुक्ता सिंह के फ्लैट का दरवाजा बंद था। रविवार सुबह पड़ोसियों ने दस्तक दी, तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस पर पड़ोसियों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस फ्लैट में दाखिल हुई, तो महिला और दोनों बच्चों के शव ड्राइंग रूम में पड़े मिले।

पुलिस जांच और पड़ोसियों के बयान के मुताबिक, संयुक्ता सिंह पिछले कुछ वर्षों से अपने दो बच्चों के साथ लटमा स्थित फ्लैट में रह रही थीं। उनके पति बृजेश सिंह तीन साल से बिहार के औरंगाबाद जिले स्थित अपने गांव में रह रहे थे। दंपति के बीच रिश्ते बेहद तनावपूर्ण थे और मामला तलाक तक पहुंच चुका था। यह विवाद कोर्ट में विचाराधीन था। बताया जा रहा है कि संयुक्ता मानसिक और आर्थिक रूप से काफी दबाव में थीं। बच्चों की स्कूल फीस तक चुकाना उनके लिए मुश्किल हो गया था। जिस फ्लैट में वे रह रही थीं, वह भी बैंक में गिरवी रखा हुआ था। पारिवारिक विवाद को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर भी समझौते की कोशिश की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। शवों की बरामदगी के बाद मौके पर पहुंची एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने आवश्यक सैंपल जुटाए हैं। शवों का पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के अनुसार, यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। लेकिन, सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घटना की सूचना पति बृजेश सिंह को दी गई है। वह रांची पहुंच चुके हैं।

## मुंबई में कबूतरों को दाना डालने पर पहली बार पुलिस ने दर्ज किया केस

मुंबई (आईएएनएस)

मुंबई में पहली बार कबूतरों को दाना डालने पर अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुंबई में कबूतरों की बढ़ती संख्या और इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए पुलिस ने पहली बार कबूतरों को दाना डालने वाले एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना मुंबई के माहिम इलाके की है, जहां एक शख्स को एलजी रोड पर अपनी कार से कबूतरों को दाना डालते हुए देखा गया। कार की नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी, इस वजह से आरोपी की पहचान नहीं हो सकी। माहिम पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 270 और धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है। यह देश का पहला ऐसा मामला है।

### आतंकियों के खिलाफ अभियान जारी, मार गिराए गए तीन आतंकी

## जम्मू कश्मीर के कुलगाम में तीसरे दिन मुठभेड़ में एक और आतंकी ढेर

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का 'ऑपरेशन अखल' लगातार तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। सुरक्षा बलों ने जारी मुठभेड़ के दौरान 3 आतंकवादियों को मार गिराया है। 'ऑपरेशन अखल' जम्मू कश्मीर में चलाए जा रहे सबसे बड़े आतंकवाद रोधी अभियानों में से एक है। यह 'ऑपरेशन महादेव' और 'ऑपरेशन शिव शक्ति' के बाद शुरू किया गया है। सेना,



सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कुलगाम के अखाल वन क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इलाके की घेराबंदी के बाद सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में शुक्रवार को एक आतंकी मारा गया, जबकि शनिवार को दूसरा आतंकी ढेर कर दिया गया।

शेष पेज 11 पर

## सांसद तिवारी ने बाबा बैद्यनाथ का किया जलाभिषेक

नवीन मेल डेस्क

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने अपनी 105 किलोमीटर की कांवर यात्रा पूरी करके रविवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक किया। मनोज तिवारी ने 31 जुलाई को अपनी कांवर यात्रा शुरू की थी, जो 3 अगस्त को पूरी हुई। सांसद मनोज तिवारी ने बिहार के सुल्तानगंज से कांवर उठाई। वे 30 साल बाद कांवर यात्रा पर निकले। उन्होंने सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए नंगे पांव 105 किलोमीटर की यात्रा की। उनके साथ बड़ी संख्या में लोग कांवर यात्रा पर निकले थे। उनकी इस यात्रा में झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल हुए। जलाभिषेक के दौरान भी भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे अपने परिवार के साथ शामिल हुए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने फेसबुक पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सांसद मनोज तिवारी ने सुल्तानगंज से देवघर 105 किलोमीटर की कांवर यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक किया। मैं सपरिवार उनके साथ गोडियारी नदी से देवघर मंदिर पहुंचा। मनोज तिवारी ने अपनी कांवर यात्रा के बीच फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा था, एक बड़ी तपस्या है अजगैबीनाथ धाम, सुल्तानगंज से देवघर तक पैदल जल लेकर जाना।

जो नहीं चला है इस तपस्या में, वह नहीं समझ सकता कि कितना कठिन तप है, इस मुस्कान और जोश के बीच।

यात्रा शुरू करने से पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था, हर-हर महादेव के जयघोष के साथ आस्था, श्रद्धा और आत्मिक शांति की इस यात्रा पर निकला हूं। भोले बाबा बिहार समेत दिल्ली का, हमारा-आपका, सभी सनातनियों व शिव में विश्वास करने वाले हर प्राणी का कल्याण करें।

**सुल्तानगंज से 105 किमी की कांवर यात्रा पूरी कर देवघर पहुंचे**



**इंडिया**

# टफ ट्रंप का टैरिफ और डक डिप्लोमेसी से भारत का जवाब



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

ऐसा कोई सगा नहीं जिसे अमेरिकी इतिहास की तरह ट्रंप ने ठगा नहीं एलन मस्क ने चुनाव जितवाया वो भारतीय जिन्होंने हवन, भजन करते हुए ट्रंप की जीत के लिए यज्ञ तक करवाए। तब अमेरिका में हाउदी मोदी हो रहा था। भारत में नमस्ते ट्रंप चल रहा था और माना जा रहा था कि दोनों बेस्ट फ्रेंड बन चुके हैं। ट्रंप मोदी को टफ निगोसिएटर बताते फिर दोनों मुस्कुराते हुए मीडिया के सामने आते। एक तस्वीर में मोदी बैठे हैं तो ट्रंप कुर्सी पीछे खींचकर मुस्कुराते नजर आते हैं। राजनीति में कभी कोई किसी का सच्चा दोस्त नहीं सिर्फ नफा नुकसान होता है। ट्रंप जो युद्ध विराम पर शायद नोबेल पीस प्राइज पाना चाहते थे भारत ने क्रेडिट नहीं दिया तो बदले में ट्रंप ने भारत को 25 प्रतिशत का टैरिफ दे दिया। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिका के साथ 500 बिलियन डॉलर की ट्रेड डील साइन कर ले वो भी अमेरिका की शर्तों पर भारत किसानों के हितों को ध्यान में रखकर समझौता नहीं करना चाहता। अमेरिका मांसाहारी चारा खाने वाली अपनी गायों के दूध से बने प्रोडक्ट मार्केट में बेचना चाहता है। ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी यानी मरी हुई अर्थव्यवस्था तक बोल दिया है। जबकि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2024 में भारत की जीडीपी 8.2% थी। जबकि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की ग्रोथ रेट के साथ सबसे तेजी से बढ़ेगी। खुद अमेरिकी कंपनिया चीन छोड़कर भारत में अपना व्यापार लगा रही हैं। ट्रंप की धमकी के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी मजबूत बने रहे। इसमें मजबूरी में ट्रंप ने अपनी अकड़ को कम करते हुए कहा है कि वो भारत से ट्रेड डील पर नेगोसिएट करने के लिए भी तैयार हैं। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी है पर भारत उससे पीछे है और भारत की इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है। अमेरिका में उनकी साख गिरी है,रूस के नेताओं के मजाक उड़ाने से भी ट्रंप बौखलाए हुए हैं। भारत के पास टैरिफ से निपटने के कई आर्थिक और रणनीतिक विकल्प भारत यूरोपियन यूनियन, दक्षिण एशिया, मीडिल ईस्ट, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में निर्यात के विकल्प हैं । भारत रूस, चीन और ब्राजील जैसे देशों के साथ रुपए या स्थानीय करेंसी में व्यापार बढ़ा सकता है। चीन के साथ भारत के रणनीतिक मतभेद हैं, लेकिन व्यावसायिक समझौतों में बढ़ोतरी की जा सकती है। अगर अमेरिकी टैरिफ भारत के निर्यात पर असर डालते हैं तो भारत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भता बढ़ा सकता है। इससे आयात पर निर्भरता घटेगी और घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा। भारत ने डक डिप्लोमेसी से अमेरिका की उपेक्षा की है प्रखर वक्ता पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय राजनीति में संयम को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लेते हैं।




### साइबर क्राइम ब्रांच को मिली बड़ी सफलता

## जमशेदपुर से 2.99 करोड़ की साइबर ठगी में एक गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क



**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईडी की साइबर सेल ने 2.99 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी के मामले में एक साइबर अपराधी को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दिनेश कुमार है। वह जमशेदपुर का ही रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, सीआईडी को दिनेश कुमार के बारे में जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच-पड़ताल की गई। इसके बाद साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने जमशेदपुर में छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार साइबर अपराधी ने पीड़ित व्यक्ति को टेलीग्राम पर संचालित ग्लोबल इंडिया साइट के लिंक को क्लिक करने को कहा और शिकागो

शेष पेज 11 पर

## विभिन्न स्कूलों के 347 उर्दू छात्रों को किया गया सम्मानित

# शिक्षा बेहतर समाज बनाने का एक शक्तिशाली उपकरण है : विस अध्यक्ष

- अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ था आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**शिक्षा से हमें रोजगार व किरदार दोनों मिलते हैं : एमटी राजा**

राजमहल के विधायक एमटी राजा ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि शिक्षा से हमें रोजगार और किरदार दोनों मिलते हैं। उर्दू भाषा और इसके साहित्य इस देश की विरासत है। हमारा दायित्व है कि हम इसे कामयाब भाषा के रूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं।

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो रविवार को बतौर मुख्य अतिथि अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस समारोह में विभिन्न स्कूलों के 347 उर्दू छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट के परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।

उर्दू भाषा एवं साहित्य, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन रांची द्वारा यह कार्यक्रम के. गुलशन मैरेज हॉल कर्बला चौक रांची में आयोजित हुआ।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमहल के विधायक एमटी राजा तथा झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, झारखंड अंजुमन के जुनैद अनवर, जमीयतुल इराकीन के महासचिव सैफुल हक, मजलिस उलेमा के महासचिव मुफ्ती जनाब तल्हा नदवी, अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिक मौजूद थे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि शिक्षा जीवन के सभी पहलुओं में सुधार करने और एक बेहतर समाज बनाने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। शिक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास में सहायक है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति बेहतर निर्णय ले सकता है, अपने जीवन को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकता है और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकता है।

कार्यक्रम के दौरान अंजुमन फरोग उर्दू के अध्यक्ष मो इकबाल ने विस अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें उर्दू एकेडमी के गठन, मदरसा बोर्ड के गठन, आलिम फाजिल यूनिवर्सिटी आदि मांगों का उल्लेख किया गया है। विस अध्यक्ष ने आश्वाशन दिया कि मांग पत्र को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

मौके पर जानकारी दी गई कि कार्यक्रम स्वर्गीय खलीलुर रहमान पूर्व सचिव जमीयतुल इराकीन रांची की याद में किया गया था। इस अवसर पर मो इकबाल, दानिश अयाज, प्रो गालिब नश्तर, हाजी अफसर कुरैशी, मो. गयासुद्दीन, मो. इस्लाम, डॉ अय्यूब, प्रो आफताब, रमजान कुरैशी, आफताब आलम और बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

## अंतिम यात्रा



रविवार को लोक सेवा समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की अंतिम यात्रा दर्शन में शामिल राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ और विधायक सरयू राय। साथ में हैं मोहम्मद नौशाद, अध्यक्ष लोक सेवा समिति, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय तथा कांग्रेस नेताओं में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और लाल किशोर नाथ शाहदेव।

## महिला की गाड़ी बहाने से रुकवाकर अपराधी पर्स ले भागे

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अरगोड़ा इलाके में एक युवती का पर्स कुछ अपराधियों ने उड़ा लिया। चार से पांच अपराधियों ने युवती की कार से धुंआ निकलने की बात कह उसे बातों में उलझाए रखा इसी बीच एक अपराधी कार में रखा पर्स लेकर गायब हो गया।फार्मा कंपनी में काम करने वाली रूबी ने बताया कि वह अपनी कार से अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू से गुजर रही थी, उसी दौरान एक लड़का उनकी कार के पास आया और बोला कि कार से धुंआ निकल रहा है। लेकिन इस बात पर रूबी ने कोई ध्यान नही दिया।

थोड़ी देर में एक और युवक उनकी कार के पास से गुजरा और उसने भी धुंआ निकलने की बात कही, लेकिन रूबी को उसपर विश्वास नहीं हुआ। लेकिन तभी एक बुजुर्ग ने भी कार से धुंआ निकलने की बात कही, जिसके बाद उन्होंने अपनी कार को रोक दिया।जब वह कार से बाहर निकलीं तो देखा कि उनकी कार पर काला काला कुछ लगा हुआ है।

जिसके बाद उन्हें लगा कि लगता है सब सही बोल रहे हैं। इस दौरान जब रूबी ने अपनी कार का बोनट खोला तो एक युवक ने वहां आकर बोनट खोलने में मदद भी की। जैसे ही बोनट खुला पास में खड़ा युवक फरार हो गया।

# सरकार आज पेश करेगी पहला अनुपूरक बजट

- छह अगस्त को दूसरी पाली में विधायी कार्यों के बाद दो घंटे की विशेष चर्चा की जाएगी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को राज्य सरकार वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके साथ ही सत्ता पक्ष केंद्र की एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के खिलाफ प्रस्ताव लाकर भाजपा पर तीखा हमला बोलेगा। दूसरी ओर, विपक्ष ने कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, धर्मांतरण और किसान संकट जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक की थी। स्पीकर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विधायकों के प्रश्नों के उत्तर सटीक और समय पर सचिवालय को सौंपे जाएं।

एसआईआर और किसान के मुद्दे पर सत्ता पक्ष रहेगा मुखर महागठबंधन विधायक दल की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 4 अगस्त को सदन में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसे सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। सत्ता पक्ष ने ऐलान किया है कि वह सड़क से सदन तक एसआईआर का पुरजोर विरोध करेगा। इंडिया गठबंधन की ओर से एसआईआर को लेकर कहा गया है कि भाजपा द्वारा गैर-भाजपा शासित राज्यों पर राजनीतिक षड्यंत्र थोपने की कोशिश है। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य घटक दलों ने भी इस प्रक्रिया को गरीबों और कमजोर तबकों के मताधिकार पर हमला करार दिया है। दूसरी ओर राज्य में अतिवृष्टि के उत्पन्न परिस्थितियों, मक्का, रागी जैसी भदई फसलों के नुकसान, सड़क-संपर्क मार्गों के क्षतिग्रस्त होने, व्रजपात के कारण हुई मौत आदि पर छह अगस्त को दूसरी पाली में विधायी कार्यों के बाद दो घंटे की विशेष चर्चा की जाएगी। सरकार किसानों को राहत देने की योजना पर विचार कर रही है। विपक्ष करेगा धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और आरक्षण मुद्दे पर घेराबंदी भाजपा विधायक दल की बैठक में यह तय किया गया है कि सदन में हेमंत सरकार के धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और आरक्षण मुद्दे पर घेराबंदी की जाएगी। झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक - 2025, अटल क्लीनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस क्लीनिक किए जाने, विधि व्यवस्था आदि को लेकर भाजपा हमलावर रहेगी। स्कूली शिक्षा का सुदिव्य और निबंधन विभाग के सवालों का जवाब देंगे बिरुआ शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने के कारण उनके विभागों से संबंधित जवाब मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री दीपक बिरुआ सदन में देंगे। सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक मंत्री दीपक बिरुआ निबंधन, विधि, सूचना एवं जनसंपर्क, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के प्रश्नों का उत्तर देंगे। वहीं, मंत्री सुदिव्य कुमार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से जुड़े सवालों की जिम्मेदारी दी गई।

## अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जेपीएससी, जेएसएससी, महिला आयोग, सूचना आयोग जैसे अन्य आयोग, बोर्ड में एसी समाज का प्रतिनिधित्व देने, अनुसूचित जाति आयोग का गठन करने, अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद का गठन करने, रांची में एससी छात्रों के लिए 500 बेड का छात्रावास निर्माण करने, एकलव्य विद्यालय की तरह एससी आवासीय विद्यालय का निर्माण करवाने, एससी भूमिहीनों को सरल तरीके से जाति-आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य मांग की।

## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर विस अध्यक्ष सहित कई ने जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता


रबींद्र नाथ महतो


संजय सेठ


डॉ लंबोदर महतो


राजेंद्र प्रसाद

**रांची।** दैनिक समाचारपत्र आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह का रविवार को निधन हो गया। उनके के निधन पर कई राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन के समाचार से दुखी हूं। वे झारखंड में पत्रकारिता जगत के स्तंभ थे, पत्रकारिता में हुए बदलाव को सहज स्वीकार करते हुए सदैव आगे बढ़ते रहे। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे एवं उसके परिजनों को इस विकट घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करे।

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने हरिनारायण सिंह को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, कई अखबारों के माध्यम से पत्रकारिता को नई गति देने वाले, अपनी कलम के माध्यम से झारखंड आंदोलन को नई पहचान देने वाले आजाद सिपाही के संपादक हरिनारायण सिंह के निधन से हृदय बहुत व्यथित है। यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। उनका निधन पत्रकारिता जगत ही नहीं, संपूर्ण झारखंड के समाज की भी वह क्षति है, जिसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती। उनके निधन से समाज में आई शून्यता को कभी भरा नहीं जा सकता है।ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उनके परिजनों और पत्रकारों को दुःख की घड़ी में प्रभु श्रीराम हिम्मत दें। मैं अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं।

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त बिहार के समय से ही पत्रकारिता से जुड़कर अपनी पहचान बनाई। झारखंड राज्य के निर्माण और इसके विकास में अपनी सकारात्मक लेखन कार्य भी जारी रखा। उनका असमय चला जाना पत्रकारिता जगत के साथ-साथ राज्य की भी अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करे।

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने हरिनारायण सिंह के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। प्रसाद ने कहा कि हरिनारायण सिंह ने हिंदी पत्रकारिता को झारखंड में एक नई धार दी।

## युवा कांग्रेस चुनाव का मतदान और सदस्यता अभियान सात से

**रांची।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने झारखंड में होने वाले युवा कांग्रेस चुनावों की प्रक्रिया, तिथियों और आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी है। झारखंड में सदस्यता और मतदान की प्रक्रिया एक साथ आयोजित की जाएगी। सात अगस्त से यह प्रक्रिया शुरू होगी और आठ सितंबर शाम पांच बजे तक चलेगी। इस दौरान 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवक-युवतियां इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। चुनाव प्राधिकरण ने यह भी बताया कि सदस्यता और मतदान प्रक्रिया युवा कांग्रेस के एप के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन संचालित होगी। सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसकी भुगतान की अंतिम तिथि 10 सितंबर को शाम पांच बजे तक है। मतदान के समय पहचान के लिए वोटर आईडी कार्ड, ई-मतदान पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड में से कोई भी एक वैध दस्तावेज पेश करना आवश्यक होगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि चुनावों के बाद सभी प्रक्रियाओं की जांच के बाद ही चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। अगर कोई उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता या गड़बड़ी करता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा सदन में उठाएगी दिव्यांगों का मुद्दा : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा दिव्यांग जन के साथ खड़ी है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के दिव्यांगजन अपनी बहु सूत्री मांगों को लेकर बीते 365 दिनों से राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य की भ्रष्ट और संवेदनहीन सरकार अब तक उनकी पीड़ा को नज़रअंदाज करती आ रही है। कहा कि आज राजभवन स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर दिव्यांगजनों की समस्याओं से अवगत हुआ और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को भाजपा सदन के भीतर पूरी मजबूती के साथ उठाएगी।

## हरि नारायण सिंह के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व हरि जी झारखंड की पत्रकारिता के आधार स्तंभ थे। उनका असमय चला जाना केवल पत्रकारिता केलिए ही नहीं बल्कि राज्य केलिए अपूरणीय क्षति है। श्री मरांडी ने कहा कि स्व सिंह संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से झारखंड की सेवा की। शोक व्यक्त करने वाले प्रदेश के नेताओं में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास,अर्जुन मुंडा,चंपई सोरेन,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बाल मुकुंद सहाय,विकास प्रीतम,गंगोत्री कुजूर ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह,प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र,सरोज सिंह,अमर प्रीत सिंह काले गीता कोड़ा,विजय चौरसिया आदि शामिल हैं।

## बिजली मीटर से धधकी आग में दो दुकानें राख, बुझाने में लगे चार घंटे

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** सहजानंद चौक के पास एक इमारत में रविवार सुबह 4 बजे भीषण आग लगने से दो दुकानें खाक हो गईं। ऊपरी माले पर बने मकान को भी क्षति पहुंची है। गनीमत रही कि ऊपरी मंजिल में सो रहे लोगों ने पास की इमारत की छत पर भागकर जान बचाई। हादसे में लाखों का सामान जलने की खबर है। ग्राउंड फ्लोर में लगे मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन अग्रवाल के भवन के ग्राउंड फ्लोर में आग की लपटें उठती देख हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि ग्राउंड फ्लोर की दोनों दुकानें धू-धूकर जलने लगीं।

कुछ ही देर में आग ने ऊपरी मंजिल को भी चपेट में ले लिया। वहां एकत्र हुए लोगों का शोर सुनकर अर्जुन और उनके परिवार के सदस्यों ने दूसरे घर में कूदकर जान बचाई। अग्निकांड का पता चलते ही अरगोड़ा थाने की पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे। चार दमकल विभाग गाड़ियों की मदद से आग को बुझाने में करीब चार घंटे लग गए। हालांकि तब तक दोनों दुकानें पूरी तरह से राख हो चुकी थीं। पुलिस के अनुसार घटना में लाखों के नुकसान की आशंका है। लपटें देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले बताया जा रहा है कि अर्जुन के मकान के ग्राउंड फ्लोर में स्टेशनरी की दो दुकानें हैं। ग्राउंड फ्लोर में लगे मीटर में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से रविवार तड़के आग भभक उठी। आग ने इतने तेजी से इमारत को चपेट में लिया कि किसी को कुछ समझ नहीं आया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी घर से बाहर निकल आए। सभी अपने स्तर से आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में सफलता पाई। पास की इमारत को पहुंचा है नुकसान लोगों ने बताया कि आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि इमारत के आसपास जाना भी मुश्किल हो गया था।

### भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

# रांची में अग्निवीर भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने का एक सुनहरा मौका मिलने वाला है। अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 22 अगस्त 2025 से 04 सितंबर 2025 तक रांची के खेलगांव स्टेडियम में होगा। इसका आयोजन सेना भर्ती कार्यालय, रांची कर रहा है। यह भर्ती रैली झारखंड के उन मूल निवासी युवाओं के लिए खुली है, जो न्यूनतम 8वीं पास हैं और सेना में सेवा करने का जुनून रखते हैं।

भर्ती रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) पास करना अनिवार्य था। जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन पास कर लिया है, उनके एडमिट कार्ड उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेज दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से अपने पंजीकृत खाते के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है, तो वे तत्काल सेना भर्ती कार्यालय, रांची में संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय का पता है- सेना भर्ती कार्यालय, मेन रोड (ओवर ब्रिज), रांची, झारखंड। अभ्यर्थी अपनी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय में सुबह 9:00 बजे से दिन में 2:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती के निदेशक, कर्नल विकास भोला ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी।

- 04 सितंबर 2025 तक चलेगी भर्ती रैली
- रांची के खेलगांव स्टेडियम में होगा आयोजन



## रैली में प्रवेश के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी

- रैली में प्रवेश के लिए ऑनलाइन जनरेटेड रंगीन एडमिट कार्ड अनिवार्य है। बिना एडमिट कार्ड के किसी भी अभ्यर्थी को रैली में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड में उल्लिखित तिथि और समय पर ही रैली स्थल पर पहुंचना होगा।
- सभी अभ्यर्थियों को अपने साथ ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज लाने होंगे।
- रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए एंड्रॉयड फोन लाना अनिवार्य है।

### झारखंड के युवाओं के लिए है अनूठा अवसर : उपायुक्त

रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजंत्री ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे भर्ती प्रक्रिया में पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ भाग लें। उन्होंने कहा, यह झारखंड के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा और देशभक्ति को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर है। सभी अभ्यर्थी दलालों से सावधान रहें और केवल अपनी मेहनत और योग्यता पर भरोसा करें।

**अभ्यर्थी अपनी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय में सुबह 9:00 बजे से दिन में 2:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।**

### रैली स्थल पर सुविधाएं

मेडिकल कवर और एंबुलेंस सुविधा
ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था
विश्राम क्षेत्र और अन्य मूलभूत सुविधाएं
सुबह 4:00 बजे से सभी आवश्यक सुविधाएं सक्रिय रहेंगी।

### भर्ती रैली की खास बातें

**स्थान :** खेलगांव स्टेडियम, रांची, झारखंड।
**तिथि :** 22 अगस्त 2025 से 04 सितंबर 2025 तक।
**पद :** अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (क्लर्क/स्टोरकीपर तकनीकी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) और अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास)।

## राजेंद्र प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की ओबीसी का अलग मंत्रालय बनाने की बात

- मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने केशव महतो कमलेश से की फोन पर बात
- कहा, कांग्रेस को ओबीसी को 36 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग करनी चाहिए

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से फोन पर बात की। प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से कहा कि कांग्रेस पिछड़ी के लिए 27% आरक्षण की मांग कर रही है, जबकि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी को कम से कम तुरंत 36% आरक्षण देने की अनुशंसा की है।

राजेंद्र प्रसाद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने केशव महतो से कहा कि आयोग ने अपनी अनुशंसा में लिखा है, यदि सरकार चाहे तो तमिलनाडु के तर्ज पर 50% तक आरक्षण दे सकती है। ऐसे में 27% आरक्षण की मांग करना पिछड़ों के साथ धोखा है।

राजेंद्र प्रसाद ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी ओबीसी को आबादी के हिसाब से भागीदारी व आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं और वे स्वीकार करते हैं कि कांग्रेस सरकार में ओबीसी को आबादी के अनुसार आरक्षण नहीं देकर गलती की है। तो फिर आयोग के अनुशंसा को लागू करने की मांग क्यों कांग्रेस नहीं कर रही है। प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से कहा, 27% की मांग को छोड़ 36% आरक्षण की मांग कांग्रेस को करनी चाहिए। झारखंड में कांग्रेस सरकार में शामिल है। मुख्यमंत्री से बात कर ओबीसी का अलग मंत्रालय बनवाने और ओबीसी के विकास के लिए अलग बजट बनाने की पहल करें। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष से कहा कि झारखंड में पिछड़ी जातियों के कुछ सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल के नेता, विधायक भी ओबीसी के लिए 27% आरक्षण की मांग कर पिछड़ों को धोखा देने का काम कर रहे हैं।

# राज्य में उत्तरी भाग के जिलों में आज भी भारी बारिश के आसार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** बिहार में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण झारखंड के संताल और पलामू प्रमंडल सहित चार जिलों हजारीबाग, कोडरमा, चतरा में सोमवार को कहीं-कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में विभिन्न जिलों में अगले चार दिन तेज हवा के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट है। अगले 24 घंटे में रांची में एक से दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान हजारीबाग में सबसे अधिक 78.4 मिमी बारिश हुई। गोड्डा में 73 मिमी, लातेहार में 57 मिमी, गढ़वा 54 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 38.4 मिमी, हजारीबाग में 37.6 मिमी, पाकुड़ में 33.6 मिमी के अलावा अन्य क्षेत्रों में हल्के से मध्य दर्जे की बारिश हुई।

### राज्य में सामान्य से अधिक बारिश

राज्य में एक जून से लेकर तीन अगस्त तक 788.4 मिमी बारिश हो चुकी है। यह 538.7 मिमी की सामान्य बारिश से 46% अधिक है। वहीं, रांची में इस समयावधि में 992 मिमी बारिश हुई, जो कि सामान्य वर्षापात 556.1 मिमी से 78 फीसदी अधिक है। उत्तरी भाग में बारिश होने का कारण मौसम विभाग के अनुसार बिहार के पश्चिमी-उत्तरी भाग पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश तक फैल गया है। इसके चलते झारखंड के उत्तरी भाग के जिलों में बारिश हो रही है। तापमान सामान्य से चल रहा नीचे राज्य में तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। रांची का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राज्यभर में सबसे अधिक तापमान गोड्डा का 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



समर्पण शाखा के सत्र 2025-26 की चौथी कार्यकारिणी बैठक शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की शुरूआत शाखा अध्यक्ष द्वारा की गई। साथ ही, अनुपस्थिति एवं गणपूर्ति की सूचना दी गई। शाखा अध्यक्षा ने स्वागत उद्गार दिया। शाखा सचिव ने जुलाई माह का प्रतिवेदन पेश किया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत फनताक्षरी, डांडिया नाइट, दिवाली लकी ड्रा, दिवाली मेला से संबंधित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई। शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। अध्यक्षा द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई । कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्षा पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी, पूर्व अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, रोजी खंडेलवाल, सौम्या समोता, पिंकी शर्मा, आशा संथालिया, पूजा जैन, पूजा तोदी, कोमल झुनझुनवाला और अन्य सदस्य उपस्थित थीं। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी। उल्लेखनीय है कि कल समाचार में भूलवश कुछ त्रुटि रह गई थी।

## कोकर में श्री रामायण पूजा का आयोजन

रांची। कोकर बाजार टांड के पास श्री हनुमान मंदिर में श्री रामायण पूजा का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के बाद आरती हुई। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के बाद धार्मिक गीत एवं भजन पर आधारित कार्यक्रम हुए। इसमें चतरा से आई तिवारी गायक समिति मंडली से संबद्ध व्यास ने श्री रामायण पर आधारित कई प्रसंग को भोजपुरी में प्रस्तुत किया। देर रात तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर कमेटी एवं श्री बजरंग रामायण मंडली कोकर की ओर से हर साल सावन मास में विशेष पूजा व भजन का आयोजन किया जाता है। इसमें कोकर समेत आसपास के इलाके में रहने वाले धर्मप्रिय लोगों ने भागीदारी निभाई।

## ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान पर चर्चा

**रांची।** देशव्यापी राष्ट्रीय उत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा तीसरा मासिक स्मृति कार्यक्रम धुर्वा के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव चौक में आयोजित हुआ। इसमें शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव एवं उनकी पत्नी महारानी वानेश्वरी कुंवर के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर चर्चा की गई। साथ ही 12 अगस्त को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208वीं जयंती आयोजन पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने चौक के विकास और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पप्पू चक्रवर्ती, निपु कुमार, एस प्रमाणिक, सजल बनर्जी व सदस्यों ने विचार रखे।

# एक-एक पेड़ लगाना, एक-एक जीवन बचाने के बराबर : सज्जन पाड़िया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


● रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने किया पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन के अंतर्गत मंदिर परिसर में आम, अमरूद रंग-बिरंगे करोटन, मोर पंख के पौधे सहित 25 से भी अधिक फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना था, बल्कि समाज में पौधरोपण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। पौधा लगाने से जहां पर्यावरण शुद्ध होता है, वहीं आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और हरित वातावरण की सौगात मिलती है। इस अवसर पर सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने कहा कि प्रकृति हमें बिना कुछ मांगे बहुत कुछ देती है, अब समय आ गया है कि हम भी प्रकृति के लिए कुछ करें। एक-एक पेड़ लगाना, दरअसल एक-एक जीवन बचाने के बराबर है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण करें।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महामंत्री निर्मल बुधिया ने कहा कि यह पहल केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि मारवाड़ी सम्मेलन आने वाले समय में विभिन्न स्थानों पर लगातार ऐसे पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस पहल को जनआंदोलन का रूप देने का लक्ष्य रखा गया है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा कि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की यह पहल न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि समाज के अन्य संगठनों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। यदि हर संस्था और नागरिक इसी भावना से आगे आएं, तो झारखंड का हर शहर हरियाली से आच्छादित होकर एक आदर्श नगरी बन सकेगा। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती, पर्यावरण संयोजक किशन अग्रवाल, श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पदम चंद्र जैन, महेश अग्रवाल, अरुण बाजोरिया, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, पवन पोद्दार, गोमती देवी, प्रभा देवी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्र को विकसित बनाना है तो परिवार को बचाना होगा: सुधांशु



**रांची।** रांची के दरभंगा हाउस सभागार में प्रेम कुमार पोद्दार की 80वीं पुण्यतिथि पर रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। उन्होंने परिवार और संयुक्त परिवार मूल्यों पर चर्चा की। कहा, राष्ट्र को विकसित बनाना है तो परिवार बचाना होगा। जिन देशों में परिवार को नहीं जोड़ा जा रहा है वो भंवर में फंसते जा रहे हैं। जब भारत विकसित होगा तो विश्व को एक अलग मॉडल देगा जो समाज है। उन्होंने कहा कि हम विकसित राष्ट्र बनेंगे तो भारत और भारतीयता के मूल्य के साथ बनेंगे। यह मूल्य परिवार है। उन्होंने प्रेम कुमार पोद्दार के बारे में कहा कि उन्होंने लंबी नहीं बल्कि बड़ी जिंदगी जी। उन्होंने साथ ही कहा कि सारे पैसे वाले सेठ नहीं होते क्योंकि सेठ शब्द श्रेष्ठ से आया है। श्रेष्ठता इस बात से तय होती है कि उन्होंने समाज और लोगों के लिए निस्वार्थ भाव से कितना कुछ किया है।

**आज / कल**




# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में 2 हजार श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


● भजन-कीर्तन में खूब झूमे भक्तगण

राजधानी रांची के पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 221वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया। इसमें 101 किलो दूध का केसरिया खीर महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने लगाया। बाद में मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, आलू चिप्स का पैकेट का वितरण किया गया। इसके बाद 2 घंटे तक भजन- कीर्तन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगी रही। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 5 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सज्जन पाडिया, संजय सर्राफ, निर्मल बुधिया, सुरेश चौधरी, कमलेश संचेती, किशन अग्रवाल, पदम चंद जैन, महेश अग्रवाल, अरुण बाजोरिया, शिवभगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, मधु जाजोदिया, पवन पोद्दार, नवल टिबडेवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

**श्री श्याम मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन**

# गोपाल मुरारका अध्यक्ष, गौरव अग्रवाल मोनू महामंत्री और मनोज खेतान बने कोषाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





शहर की प्रमुख धार्मिक समाजिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल के नई कार्यकारिणी की रविवार को विधिवत रूप से घोषणा की गई। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर के प्रथम तल्ले श्री श्याम उपासना भवन में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने नई टीम की घोषणा की। इसके पहले, कोरम के अभाव में बुलाई गई स्थगित आमसभा में सभी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं पिछले मिनट्स की कार्यवाही के कुछ संशोधनों के साथ पुनः संशोधित करते हुए पारित करने की घोषणा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। चुनाव पदाधिकारी ने नई टीम की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। अध्यक्ष - गोपाल मुरारका, महामंत्री - गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष - मनोज खेतान, उपाध्यक्ष - श्रवण ढानढनिया एवं अशोक लड़ियां, मंत्री - पंकज अग्रवाल गाड़ोदिया एवं विष्णु चौधरी, उपमंत्री - आदित्य लोहिया एवं प्रवीण अग्रवाल सिंघानिया, प्रचार मंत्री - रोहित अग्रवाल, आंतरिक अंकेक्षक - राजेश चौधरी बने हैं। कार्यकारिणी के सदस्यों में श्यामसुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, प्रवीण अग्रवाल शामिल हैं।

### श्री श्याम उपासना भवन के द्वितीय तल्ले का हुआ शुभारंभ

आज प्रात: 8:45 बजे श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा निर्मित श्री श्याम उपासना भवन के द्वितीय तल्ले का शुभारंभ किया गया। सत्यनारायण कथा एवं शालिग्राम पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत यजमान मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने की। हवन पूजन के बाद 10:45 बजे द्वितीय तल्ले का उद्घाटन मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं विश्वनाथ नारसरिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मंडल/मंदिर के अनेक सदस्य एवं भक्त उपस्थित थे। ये जानकारी मंडल के नवनिर्वाचित महामंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में धूमधाम से होगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

● 16 अगस्त को होगा आयोजन, श्री श्याम मंडल की आमसभा में लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के सभागार में रविवार को श्री श्याम मंडल, रांची की आमसभा हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि झारखंड की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल रांची के तत्वावधान में 16 अगस्त 2025 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का अत्यन्त धूमधाम से आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ रांची के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि इसके लिए पूरे मंदिर परिसर को सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है। आकर्षक बैलून, रंग-बिरंगे विद्युत की लड़ियों से मंदिर को मनभावन स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों सजाने के लिए विगत कई दिनों से कारीगर जुटे हुए हैं। सुमित पोद्दार ने कहा कि मुख्य झांकी में रजत झूले पर लड्डू गोपाल का दिव्य स्वरूप होगा। साथ ही, रात्रि 9:00 बजे से संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ होगा। रात्रि 12:00 बजे श्री कृष्ण जन्म के समय घंटा, घड़ियाल, नगाड़ा व शंख ध्वनि से जन्मोत्सव की बधाई दी जाएगी। महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। सुमित पोद्दार ने बताया कि आमसभा में निर्णय लिया गया कि श्री श्याम मंडल के वार्षिक 58वें चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 28 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में होगा। सुमित पोद्दार ने कहा कि आज की आमसभा में विभिन्न उपसमातियों का गठन कर उसके माध्यम से मोहत्सव की तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई व रंग रोगन के कार्य पर चर्चा की गई। श्री श्याम प्रभु व मंदिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार के मनमोहक श्रृंगार के लिए कोलकाता से ही कुशल मालाकार को बुलाने का निर्णय किया गया। महोत्सव में आने वाले भक्तों को पूर्ण सुविधा मिले, इस कार्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष महोत्सव में श्री श्याम दरबार का श्रृंगार एक विशिष्ट स्थान रखता है। आज की आमसभा में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, जितेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, बालकिशन परसरामपुरिया, राजेश सारस्वत, मनोज सिंघानिया, विकाश पाडिया, प्रियांश पोद्दार, कुणाल जलान आदि उपस्थित थे।



# सीमेंट कामगार के पुत्र सचिन उरांव को जेपीएससी में मिली 327वीं रैंक

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी के पूर्व सीमेंट कामगार जगन्नाथ उरांव के पुत्र सचिन उरांव ने जेपीएससी में 327वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सचिन उरांव का चयन वित्त सेवा में हुआ है। सचिन ने बीआईटी सिंदरी, धनबाद से बीटेक की डिग्री हासिल किया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल, खलारी से हुई। इसके बाद उन्होंने 12वीं की पढ़ाई विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, जमशेदपुर से पूरी की। पिता जगन्नाथ उरांव, खलारी स्थित सीमेंट फैक्ट्री से वर्ष 2017 में सेवानिवृत्त हुए हैं। एक साधारण परिवार से आने वाले सचिन की यह सफलता युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने वाली है। क्षेत्रवासियों में इस सफलता को लेकर हर्ष का माहौल है और हर कोई सचिन को बधाई दे रहा है। सचिन ने अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध किया है कि संसाधनों की कमी कभी भी मंजिल की राह में रुकावट नहीं बन सकती।

## आरती के साथ महाकाल का श्रृंगार

**रांची।** सावन की अंतिम सोमवारी से पूर्व रविवार की शाम पहाड़ी मंदिर के आधार तल पर विराजमान महाकाल का उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर मनोहारी श्रृंगार हुआ। विशेष सजावट में शिव भक्त कलाकारों की टीम में शामिल रौनक सिंह, पीयूष, रितेश, अभय, अंकित, आशुतोष, विकास यादव, हिमांशु ने श्रृंगार में योगदान किया। सावन के मौके पर पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। लोग भगवान की दर्शन के लिए काफी भीड़ लगी थी।

## हरि नारायण सिंह का निधन पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति : प्रतुल शाह देव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि हरि नारायण जी एक व्यक्ति नहीं,एक पूरे संस्थान थे ।उन्होंने हिंदी पत्रकारिता को एक नया आयाम किया था। वे आजीवन पत्रकारों के अधिकार के लिए खड़े रहे। प्रतुल ने कहा कि उन्होंने जिस भी मीडिया संस्थान में काम किया उसके माध्यम से शहर और राज्य की बेहतरी के लिए जनहित में अनेक आंदोलन चलाया।प्रतुल ने हरि नारायण जी को याद करते हुए कहा कि आप यूं चले जाएंगे कभी सोचा नहीं था। प्रतुल ने इसे अपने लिए एक बहुत बड़ा व्यक्तिगत आघात बताते हुए कहा कि उनका जाना अपने अभिभावक को खोने समान है।

## रक्षा बंधन पर कार्यक्रम का आयोजन



रांची। त्योहारों से नवचेतना का संचार होता है और सुपुप्त शक्तियां जागृत होती हैं। उक्त बातें रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सज्जन पाडिया ने कही। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में रक्षा बंधन पर आयोजित कार्यक्रम में वे बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन के बंधन में सभी बंधन आ जाते हैं। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री निर्मल बुद्धिया ने कहा यह त्योहार न केवल पवित्रता की रक्षा करता है, बल्कि सांसारिक आपदाओं से भी बचाव करता है। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि यह पर्व ऐसे समय की याद दिलाता है जब परमात्मा ने प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा कन्याओं-माताओं को ब्राह्मण पद पर आसीन कर भाई बहन के सम्बंध की पवित्रता की स्थापना का कार्य किया।

## भारतीय सेना के जवान पीरु गोप सेवानिवृत होकर पहुंचे गांव, हुआ स्वागत



**पिठौरिया।** पिठौरिया गांव निवासी और भारतीय सेना के वीर जवान पीरु गोप 24 वर्ष 13 दिन की सेवा के बाद रविवार को सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे। जैसे ही उनकी वापसी की सूचना गांव वालों को हुई, तो उनके स्वागत में गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।पीरु गोप ने सेना में अपनी सेवा के दौरान विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात रहे और कई अहम अभियानों में हिस्सा लिया। जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद निरोधी दस्ते में उन्होंने 12 वर्ष अपनी सेवा दी। सेना में उनके सर्वोत्तम योगदान के लिए उन्हें सैन्य सेवा पदक और विशेष सेवा पदक का सम्मान मिला। ग्रामीणों ने पीरु गोप का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर डीएसपी वरुण रजक ने कहा कि पीरु गोप की देशभक्ति और समर्पण की भावना गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। पीरु गोप ने कहा कि अब वे गांव में रहकर समाज की सेवा करना चाहते हैं और युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरित करेंगे।

## माओवादियों के बंद का रनिया और अड़की में दिखा असर

**रनिया/अड़की।** भाकपा माओवादी संगठन द्वारा झारखंड समेत पांच राज्यों में रविवार को बुलाए गए एक दिवसीय बंद का असर खूंटी जिले के रनिया और अड़की थाना क्षेत्र में देखा गया। सुबह से ही रनिया ब्लॉक चौक की सभी छोटी-बड़ी दुकानें बंद रहीं और पूरा इलाका सुनसान नजर आया। लंबी दूरी की यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा, जबकि छोटे वाहनों की आवाजाही भी बेहद कम रही। लोगों को अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि, धनरोपनी का समय होने के कारण अधिकांश ग्रामीण अपने खेतों में काम में व्यस्त रहे। अड़की थाना क्षेत्र में भी बंदी का व्यापक असर दिखा। दुकानें बंद रहीं और सड़कें सूनी पड़ी थीं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अड़की पुलिस अलर्ट मोड पर रही। खूंटी मुख्यालय क्षेत्र में बंद का कोई असर नहीं पड़ा। सभी दुकानें खुली रहीं और यातायात सामान्य रहा। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## हरिनारायण सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : सन्नी टोप्पो



मांडर। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन शोक जताते हुए उसे अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि उनका निधन झारखंड की पत्रकारिता, पत्रकारों और समाज के लिए भी बड़ी क्षति है। सन्नी से ईश्वर से उनके लिए मोक्ष की प्रार्थना की, वहीं परिवारजनों को दुख सहने की भगवान शक्ति दें।

### डा एसके घोषाल को लंदन में ज्योतिष भूषण सम्मान

# रांची विश्वविद्यालय और झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी निवासी रांची विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक डा एसके घोषाल ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्हें इंग्लैंड के लंदन में आयोजित 39वें अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष, वास्तु एवं योगा सेमिनार में 'ज्योतिष भूषण' सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित उनके उत्कृष्ट शोध कार्य और प्रस्तुति के लिए प्रदान किया गया। डा घोषाल ने इस सेमिनार में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्योतिषीय तथ्य' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने वेद, उपनिषद, बाल्मीकि रामायण, महाभारत, भगवद्गीता और आयुर्वेद जैसे प्राचीन ग्रंथों में निहित ज्योतिषीय तत्वों को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार जन्मकुंडली के माध्यम से विभिन्न रोगों का पूर्वानुमान लगाकर योग और आयुर्वेद के माध्यम से उनका सस्ता, सरल और प्रभावी उपचार संभव है। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में पाश्चात्य ज्योतिष विशेषज्ञ एवं रोहिणी एकेडमी आफ एस्ट्रोलाजी (लंदन) की चेयरमैन एलेक्स ट्रेनोविथ उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में हांगकांग से ख्यात ज्योतिषाचार्य ईश्वर प्रसाद और आयोजन समिति के सचिव संदीप बोस भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में देश-विदेश के कुल 45 प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया। डा घोषाल की इस उपलब्धि पर रांची विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग की निदेशक प्रो. अर्चना दुबे, पूर्व निदेशक डा मधुलिका वर्मा, डा श्रीप्रकाश सिंह, डा भारती द्विवेदी, डा शैलेश मिश्र, डा चंद्रशेखर मिश्र, डा धीरेंद्र दूबे, डा अटल पांडेय सहित अनेक शिक्षकों और शोधार्थियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

## नशापान सामाजिक बुराई, सामूहिक प्रयास से ही नियंत्रण संभवः सिटी एसपी

**रांची।** सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है। यह सेवन करने वाले, उनके परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। इससे परिवार को आर्थिक नुकसान भी होता है। नशा के विरुद्ध सामाजिक संगठन, पुलिस एवं आमजन के सामूहिक प्रयास से ही सुधार की कल्पना की जा सकती है। सिटी एसपी रविवार को पंडरा में शांति समिति एवं कई स्वयंसेवी संस्था की ओर से आयोजित नशा उन्मूलन सह जागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी को किशोरों की गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है। उनके दोस्तों के व्यक्तित्व एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी रखना भी अब जरूरी हो गया है। इससे पूर्व आयोजन कमेटी के दीपक ओझा ने सिटी एसपी, समाजसेवी ललित ओझा, केंद्रीय शांति समिति के सदस्य सागर कुमार, सुखदेवनगर थाना प्रभारी केके साहू, पंडरा ओपी प्रभारी मनीष कुमार और अन्य को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# कांके क्षेत्र को चार बड़ी पथ की सौगात, हुआ शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत कांके-बोड़िया रिंग रोड आरसीडी पथ से कांके वेटरनरी कॉलेज होते हुए सीआईपी-पतराटोली पथ, सुकुरहुटू जीबी पब्लिक स्कूल डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदर नगर भाया बाजारटांड तक पब्लिक ब्लॉक हेल्थ यूनिट अस्पताल, पीरु टोला में तिलक भक्त 3 किलोमीटर पथ निर्माण मे सुदृढ़ीकरण कार्य का आज विधिवत शिलान्यास किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उपप्रमुख अजय बैठा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह सड़क परियोजना क्षेत्र के लोगों को बेहतर, टिकाऊ और सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय प्रतिनिधियों ने सरकार का आभार जताया और जनता को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

## स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण के लिए निकाली कांवर यात्रा

**रांची।** नमामि स्वर्णरेखा, जोहर स्वर्णरेखा के तहत रविवार को स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुंआ से 21 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पहाड़ी मंदिर तक कावर यात्रा निकाली गई। विभिन्न मार्गों से चलकर यह कांवर यात्रा चार जगहों पर रुककर पहाड़ी मंदिर पहुंची। यहां पर पहुंचकर सभी कांवरियों ने बाबा का जलाभिषेक किया। यह यात्रा प्रत्येक वर्ष पीयूष पाठक के नेतृत्व में निकाल जाती है।

यात्रा का मुख्य उदेश्य स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल एवं जल स्रोतों का संरक्षण है। कावर यात्रा में पीयूष पाठक के साथ 400 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्री में समाजसेवी तपेश्वर केसरी, महावीर मंडल के मंत्री सुभाष साहू, फूलचंद महतो, साहेर पंचायत के मधुबाला, राजमोहन महतो, आयुष पाठक, मनमोहन सिंह, हर्ष तिर्की एवं समाज के लोगों की मौजूदगी रही।,

## अवैध संबंध का विरोध करने पर विवाहिता के साथ मारपीट

**रांची।** टाटीसिलवे अखरा गेट के समीप रहने वाली एक विवाहिता ने पति संदीप नायक व अंजली तिर्की के विरूद्ध जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में विवाहिता ने पति व उसकी महिला मित्र पर मारपीट और वस्त्र फाड़ने का आरोप लगायी है। आवेदन में संदीप पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**नरकोपी।** थाना अंतर्गत ग्राम ईटा के बीरगोडा पुल के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से धक्का लगने से मृत्यु हो गई। उसकी पहचान ईटा ग्राम वासी आदम अंसारी, उम्र 44 वर्ष, पिता अमजद अंसारी, के रूप में हुई है ।

## सैमसंग के 12 सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनिंग के लिए सीयूजे आए



रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय और कोरिया की कंपनी सैमसंग के बीच समझौते के तहत भारतीय संस्कृति और हिन्दी भाषा को सीखने के लिए हर वर्ष कोरिया से सैमसंग के कर्मचारी सीयूजे आते हैं। इस वर्ष भी 14 सदस्यीय टीम रविवार को रांची पहुंची है जिनकी 8 दिन के टेंडम क्लास के जरिए ट्रेनिंग होगी। इस ट्रेनिंग की शुरुआत 04 अगस्त से होगी। प्रो. कोह ताई जिन और यि यंग गु के नेतृत्व में 12 सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का दल रांची आया है। अपने प्रवास के दौरान ये प्रशिक्षु झारखंड की आदिवासी परंपरा और संस्कृति से भी रुबरु होंगे। इसके साथ ही झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य और खनिज संपदा से परिचित कराया जाएगा। हिंदी भाषा के ज्ञान के लिए हिंदी तकनीकी शब्दावली भी सिखाई जाएगी। यह टीम पतरातु झील और बिरसा मुंडा के गांव खूंटी भी जाएगी। इस 14 सदस्यीय टीम का स्वागत अंतरराष्ट्रीय सेल, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयोजक, श्री शशि मिश्रा ने किया। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने भी सभी का स्वागत करते हुए अपनी शुभकामना प्रेषित की।

**आस्था** | बेड़ो से टांगीनाथ बाबा धाम पहुंचा श्रद्धालुओं का जत्था

# टांगीनाथ धाम में परशुराम ने भगवान शिव की तपस्या की थी : डॉ रमेश प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

- **यह फरसा भगवान भोलेनाथ ने स्वयं उन्हें प्रदान किया था। यहां के सैकड़ों शिवलिंग आस्था और विश्वास का बड़े केंद्र के रुप में जाना जाता है**



**बेड़ो।** गुमला जिले के डुमरी स्थित टांगीनाथ बाबा धाम झारखंड के ऐतिहासिक और अति प्राचीन धार्मिक धरोहरों वाला सबसे प्रमुख शिव धामों में से एक है। उक्त बातें बेडो. एकल विद्यालय संच समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश प्रसाद गुप्ता ने टांगीनाथ बाबा धाम में कही। उन्होंने कहा कि टांगीनाथ बाबा धाम में परशुराम ने भगवान शिव की तपस्या की थी उनका फरसा आज भी यहां जमीन में गडा.हुआ मिलता है। यह फरसा भगवान भोलेनाथ ने स्वयं उन्हें प्रदान किया था। यहां के सैकड़ों शिवलिंग आस्था और विश्वास का बड़े केंद्र के रुप में जाना जाता है। इसके पूर्व एकल अभियान बेड़ो संच, एकल अभियान के आचार्यों एवं ग्रामीण संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर बेडो. से टांगीनाथ धाम यात्रा कर अपनी बातें रखी। टांगीनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे में 51 सदस्य शामिल हुए । इस जत्थे में जरिया, टेंगरिया, पुरियो, कुदारखो, तुतलो, पांडेपारा, बोदा, शाहेदा ग्राम के दर्जनों आचार्य एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने गांवों की खुशहाली के लिए टांगीनाथ बाबा को जलार्पण किया और बाबा टांगीनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महिला नेत्री उमा गुप्ता सहित शामिल आचार्यों में कुदारखो से रूपरानी देवी, टेगरिया से लक्ष्मी देवी, तुतलो से सरिता उरांव, पांडेपारा से बुधमनी उरांव, शाहेदा से वर्तमान सिंह समेत सभी आचार्य मौके पर मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## मांडर कॉलेज में एनएसयूआई की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में सार्थक पहल



**मांडर।** एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष कैफ अली ने शनिवार को मांडर कॉलेज का दौरा कर संगठन विस्तार, छात्र संवाद और कॉलेज स्तर पर छात्रहित से जुड़े मुद्दों की पहचान एवं समाधान की दिशा में पहल की।दौरे के दौरान छात्रों से संवाद स्थापित किया गया, उनकी समस्याएं सुनी गईं और कॉलेज की विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। छात्रहित के मुद्दों पर संबंधित विभागों से बातचीत कर आवश्यक हस्तक्षेप का आश्वासन भी दिया गया। उन्होंने छात्रों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की और कहा कि छात्र संगठनों का दायित्व केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि सकारात्मक हस्तक्षेप और संवाद की संस्कृति को आगे बढ़ाना भी है। छात्र प्रतिनिधि अबू राफ़े ने कहा कि समिति की प्राथमिकता प्रत्येक छात्र की बात को गंभीरता से सुनकर उसे संस्थागत मंच तक पहुँचाना और समाधान के लिए उत्तरदायी रहना है। मौके पर अमन अली, सफदर हबीबी और ज़ैद अंसारी, साबिर खान, अनीश खान, अब्दुल राज़िक, चंदन उरांव, जीनत परवीन, ऋषि राज, अबू सानिब, तनवीर आलम सहित कई छात्र कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चों व शिक्षकों ने किया पौधरोपण



**चान्हो।** प्रखंड स्थित बाघवार एकेडमी में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सैकड़ों फलदार पौधे लगाए गए एवं बच्चों, शिक्षकों तथा स्टाफ सदस्यों के बीच वितरित किए गए। मौके पर बोलते हुए निदेशक अशोक बाघवार ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरणीय संतुलन में उनकी भूमिका एवं उनसे मिलने वाले विविध लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पौधों की देखभाल कैसे की जाए, इस पर भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों एवं स्टाफ को पौधा भी वितरण किया। मौके पर उप प्रधानाचार्य अजय उरांव, हरेकृष्ण सिंह, संगीता एक्का, विकास गुप्ता समेत अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## मामूली विवाद में पिता-पुत्र पर टांगी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के नारायण सोसो गांव में लघुशंका को लेकर हुए विवाद में एक अधेड़ को उसके पड़ोसी ने टांगी से मारकर घायल कर दिया। वहीं पिता को बचाने गए पुत्र पर भी टांगी से हमला कर दिया। घटना शनिवार की रात लगभग 10 बजे की है। घायलों में पिता करमा महतो और उसका पुत्र दिलेश्वर महतो शामिल है। पुलिस ने आरोपी महावीर महतो को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि शनिवार की रात करमा महतो लघुशंका करने घर से बाहर निकला था। खाली जगह पर वह लघुशंका कर रहा था उसी दौरान पड़ोसी महावीर ने उसे लघुशंका करने से रोका। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद होने लगा, रात में शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। मौका पाकर महावीर ने दोनों के सिर में टांगी से हमला कर दिया। सूचना मिलने पर अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल शाह ने घटनास्थल पर पहुंचकर अपने वाहन से अनगड़ा सीएचसी पहुंचाया, जहां से दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे पूर्व भी दोनों पक्ष के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। घायल करमा सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल का वाहन चालक है।

## सिल्ली में राधारमण महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**सिल्ली।** राधारमण महोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर राधारमण मंदिर कुटाम में रविवार को प्रशासन के अधिकारी एवं ग्रामवासियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव के दौरान कार्यक्रमों की रूपरेखा, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और आयोजन स्थलों की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। पार्किंग और आवागमन व्यवस्था पर भी लोगों ने अपने सुझाव दिए। आपात स्थिति में चिकित्सा व्यवस्था को लेकर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, एम्बुलेंस और डॉक्टरों की टीम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। आयोजन के दौरान आसपास के ग्रामवासियों ने सेवा कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में मुरी ओपी, सिल्ली थाना के थाना प्रभारी, राधा रमन मंदिर के अधिकारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## नामकुम में घर के सामने से कार चोरी, केस दर्ज

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सरईटोली महिलौंग निवासी महेन्द्रनाथ महतो ने अपनी मारुति कार (बीआर14जे 9608) चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। टाटीसिलवे थाने में दिए गए आवेदन में महेन्द्र ने बताया कि कार 31 जुलाई को रात 10 बजे अपने घर के बाहर बजाज शोरूम के पास खड़ी की थी, सुबह कार गायब थी। उन्होंने अपने स्तर से खोजबीन करने के कारण प्राथमिकी दर्ज कराने में विलंब की बात कही। थानेदार रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एटीएम कार्ड चुराकर 70 हजार की कर ली निकासी

**रांची।** तुपुदाना भवानीपुर के रहने वाले चिरंजीव झा का एटीएम कार्ड चुराकर अपराधियों ने उनके खाते से 70 हजार की अवैध निकासी कर ली। घटना 30 जुलाई की है। बुजुर्ग चिरंजीव ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा कि वह 30 जुलाई को पैसा निकासी करने के लिए चांदनी चौक स्थित एक एटीएम में गए थे। पांच हजार निकासी के दौरान उनका कार्ड मशीन में फंस गया। बैंक से संपर्क करने पर एक घंटे में टेक्नीशियन आने की बात कही गई। इसके बाद वह एटीएम के पास रहे। इसी दौरान दो-तीन युवक एटीएम में घुसे और निकल गए। कुछ देर बाद उनके खाते से राशि की निकासी हुई। वहीं, एक जेवर दुकान से भी खरीदारी की गई।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने जताया शोक

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हरिनारायण सिंह का निधन झारखंड की पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# महात्मा गांधी के जन्म दिन पर रेडियो जोहार का होगा श्रीगणेश

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** रेडियो की दुनिया, हजारीबाग में 8 नवंबर 1992 को प्रारंभ हुई थी जब प्रसारण राज्य मंत्री कृष्णा साही ने आकाशवाणी हजारीबाग की नींव रखी थी।कालांतर में रेडियो अपने कई पड़ाव को पार करते हुए विभिन्न स्वरूपों में प्रस्तुत होता आया है। आगामी 2 अक्टूबर से हजारीबाग अब सामुदायिक रेडियो से भी जुड़ने वाला है। इस बाबत रेडियो जोहार के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन हजारीबाग प्रेस क्लब में रविवार को किया गया | इसमें रेडियो जोहार के संरक्षक दिनेश कुमार, जनसंपर्क अदिकारी रूद्र प्रताप, गौरव कुमार सिंह, डॉ अनवर हुसैन और चेयरमैन प्रवीन कुमार मौजूद थे। प्रवीण कुमार ने बताया कि रेडियो जोहार का प्रसारण 2 अक्टूबर 2025 से 90.4 FM पर 24 घंटे प्रतिदिन हजारीबाग से किया जायेगा और इसे हजारीबाग से 40 KM की दूरी तक सुना जा सकेगा ।सामुदायिक रेडियो स्टेशन विशेष प्रकार के FM रेडियो स्टेशन होते है और यह कमर्शियल और आल इंडिया रेडियो से बिलकुल ही अलग होते है | सामुदायिक रेडियो समुदाय से जुड़ कर काम करते है और इसे समुदाय के सहयोग से समुदाय के द्वारा और समुदाय के लिए ही प्रसारित किया जाता है, इसमें जनसरोकार के कार्यक्रमों की प्रधानता होती है और समाज के विकास, बेहतरी और लोगो के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और अन्य मुद्दे उठाये जाते हैं | इन कार्यक्रमों को तैयार करने में समाज के हर वर्ग के लोगो के सहयोग सहायता और भागीदारी की जरुरत पड़ेगी, जैसे आम-जन, जिला प्रशासन के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, राज नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक सरोकार वाले एनजीओ व ट्रस्ट, सभी प्रकार के शिक्षण संस्थान, व्यापारी वर्ग, डॉक्टर और अस्पताल, विभिन्न सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट घराने, CSR के अंतर्गत प्रमोटर और फंडर, आर्थिक सहयोग देने वाली अन्य संस्था और गणमान्य व्यक्ति| हजारीबाग जिला के उभरते विभिन्न क्षेत्र में प्रतिभा और गीत-संगीत से जुड़े लोगों को एक मंच भी मिलेगा।रेडियो जोहार के शुरू हो जाने से एक सशक्त माध्यम मिलेगा। रेडियो जोहार के कार्यक्रमों के प्रसारण हेतु एडवाइजरी कमिटी का गठन किया जाना है जिसमें कुल मिला कर 8 सदस्य और एक अध्यक्ष होंगे, साथ ही 100 रेडियो सखी (रिपोर्टर) और कलाकार को भी जोड़ा जायेगा।

# विधायक ने 176 छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

**गोला।** गोला एसएस प्लस टू हाई स्कूल परिसर में शनिवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग से संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम का आयोजन कर आठवीं कक्षा में अध्यनरत छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी व ब्लोक प्रमुख गीता देवी ने उउवि सुतरी व उउवि महलीडीह के 176 बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया। विधायक ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का सर्वांगिंण विकास हो रहा है। सरकार की पारदर्शी नीति से जरुरतमंदों को सरकारी योजनाओं का सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार विद्यार्थियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना व अन्य कई योजनाएं चला रही है। जिसका छात्र-छात्राएं लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण से बच्चे उत्साहित होंगे व शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी और बच्चे नियमित विद्यालय आएंगे। इस दौरान बच्चों ने साइकिल की घंटी बजाकर अपनी खुशी कर इजहार किया। मौके पर प्रिंसिपल अनूपा पुष्पा तिर्की, बीपीओ श्याम सुंदर महतो, सीआरपी बिपुल सिन्हा, शिक्षक शिव प्रकाश, विनोद बेदिया, मोइन अली व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत

**इचाक।** थाना क्षेत्र के बरियठ गांव निवासी कलवा देवी (42 वर्ष, पति बंगाली महतो) की मौत सर्पदंश से हो गयी। घटना विगत शनिवार की है। मुखिया पति अभिषेक कुमार ने बताया कि उक्त महिला पार टांड़ खेत में घास काटने गयी थी। इसी दौरान उसे किसी विषैले सांप ने काट लिया। हो-हल्ला करने के बाद महिला बेहोश हो गयी। जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में बेहोशी की हालत में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुखिया निशु कुमारी ने महिला की मौत पर शोक जताया है। मृतका की तीन लड़की व एक लड़का है। बड़ी बेटी की शादी कर चुकी थी।

### अखंड हरि कीर्तन को लेकर ग्रामवासियों ने बैठक, सफल आयोजन पर की चर्चा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन इस सप्ताह में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया । इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन विहिप प्रखंड प्रमुख मुकेश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न की जाएगी । इस दौरान सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी बुधवार को अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जो सुबह 9:00 बजे से लेकर अगले दिन सुबह 9:00 बजे समाप्त किया जाएगा । वहीं मुकेश पांडेय ने समस्त ग्राम वासियों से निवेदन किया है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाएं ।मौके पर विहिप पंचायत अध्यक्ष शिवलाल यादव, समाजसेवी सुनील पांडेय, श्याम सिंह, भूषण सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, राम बच्चन पांडेय, सुरजदेव प्रजापति, वार्ड सदस्य प्रदीप पांडेय, कृष्ण जय पांडेय, मंटू पांडेय,पवन पांडेय,राजन चौधरी ,टिंकू मंडल, केशव लाल प्रजापति, लखन मंडल मुकेश पांडेय रामेश्वर राम, खुब लाल पंडित, संतोष मंडल ,रजनीकांत पांडेय, श्रवण गिरी, बसंत शर्मा के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### बारिश से मिट्टी के मकान का दीवार गिरी बाल-बाल बचे लोग, जनजीवन प्रभावित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लगातार हो रही बारिश से शनिवार को कोनहारा कला निवासी जैनुल मियां, पिता बढन मियां का मिट्टी के मकान का दिवाल ढह गया। जिसमें घर के लोग बाल बाल बच गये। बताया जाता है कि जैनुल मियां मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वहीं मकान गिर जाने से परिजनों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। साथ ही आवास की मांग है।

### सात सूत्री मांगों को लेकर वीएलई का दो दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

**बरही।** 4 और 5 अगस्त को डिजिटल पंचायत संचालकों का रांची में दो दिवसीय धरना प्रस्तावित है। धरना को लेकर तैयारी पूरी की जा चुकी है। उक्त जानकारी प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के जिला सचिव मोती सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिले के उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सीएससी हेड इत्यादि को 7 सूत्री मांग पत्र की कॉपी सौंपी जा चुकी है। मांग के अनुसार पंचायत भवन में बुनियादी सुविधा और सुरक्षा के लिए पंचायती राज ग्राम पंचायत को पंद्रह हजार रुपए की राशि प्रति माह उपलब्ध करवा रही है, बाबजूद पंचायत भवन में पानी, बिजली, गार्ड सह सफाई कर्मी की कमी है। इसके अलावा डिजिटल पंचायत वीएलई को 7550 रुपए प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि मिलने है, जिसे एजेंसी सिर्फ 2475 रुपए ही देती है। जिसका भी कोई निर्धारित समय नही है। पंचायत वीएलई के द्वारा जन्म, मृत्यु, मनरेगा इत्यादि के इंट्री करने है। इस दिशा में डीडीसी के आदेश के बाबजूद स्थानीय प्रशासन का कोई कोई सार्थक सहयोग नही है। वीएलई पर एजेंसी द्वारा अनावश्यक और बिना मतलब दवाब बनाए जाते हैं, जिसके भुगतान भी निश्चित नहीं होते है। मांग पत्र में प्रत्येक वीएलई के लिए पांच लाख रूपए के स्वास्थ्य व सुरक्षा बीमा की भी मांग की गई है। जिलाध्यक्ष संगम कुमार गहलौत द्वारा हस्ताक्षरित मांग पत्र में दर्जनों प्रज्ञा केंद्र संचालक के हस्ताक्षर हैं।

### माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में रविवार को पंजाबी हिन्दू बिरादरी के सौजन्य से केयर नेत्रम गुड विजन इण्डिया फाउण्डेशन के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 37 लोगों का नि:शुल्क आंख जांच कर उचित परामर्श दिया गया। केयर नेत्रम गुड विजन इण्डिया फाउण्डेशन के कोर्डिनेटर वैद्यनाथ शर्मा ने बताया कि अपने जीवन यापन करने वाले निर्धन व्यक्ति को अंधापन से बचाव के लिए संस्था नि:शुल्क आंख जांच कर रही है। साथ ही जांच में मोतियाबिन्द की शिकायत पाये जाने पर नि:शुल्क सर्जरी की व्यवस्था कर रही है। आंखों पर दूर या नजदीकी दृष्टि दोष पाये जाने पर बहुत ही कम दर पर पावर चश्मा भी मौके पर दी जा रही है। शिविर में आंख जांच करने वालों में श्वेता महतो, उर्मिला कुमारी, अमृता कुमारी, रोशन कुमार शामिल थे। शिविर के सफल आयोजन में पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। इल लोगों का कहना था कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ी सेवा है, इससे बढ़कर नहीं है।

# मुख्यमंत्री के 50वें जन्मदिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन



**रामगढ़ ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत समिति बलकुदरा की बैठक रविवार को रिचीबंधा नया टोला स्थित फुटबॉल ग्राउंड में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालन पंचायत उपाध्यक्ष रवि महली ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के 50वें जन्मदिवस के अवसर पर इस वर्ष भी बलकुदरा में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 10 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिवस केक काटकर की जाएगी। यह प्रतियोगिता लगातार छह दिनों तक चलेगी और इसका फाइनल मुकाबला 15 अगस्त 2025 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों से पुरुष वर्ग की 16 और महिला वर्ग की 8 टीमें भाग लेंगी। बैठक में झामुमो के युवा नेता योगेन्द्र यादव ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल में नेतृत्व का मतलब टीम को प्रेरित करना, मार्गदर्शन देना और दबाव की स्थिति में सही निर्णय लेना है। बैठक में प्रमुख रूप से सन्नी मुंडा, अशोक यादव, भीम मुंडा, बैजनाथ उरांव, नरेश मुंडा, सतीश मुंडा, रामजतन यादव, रोशन मुंडा, संदीप मुंडा, अनिल मुंडा, ईश्वर प्रसाद, कुणाल यादव, विनोद यादव, दिवाकर नाग, सुकेश मुंडा, आनंद मुंडा, शिबू मुंडा आदि उपस्थित थे।

## जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक

# महिला हिंसा की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखण्ड अंतर्गत प्रखंड सभागार में जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जीआरसी (जेंडर रिसोर्स सेंटर) सलाहकार समिति में महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, नशा उन्मूलन और बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। यह बैठक विभिन्न विभागों और संकुल संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई, जिसमें इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि जेंडर रिसोर्स सेंटर में अब तक कुल 19 केस दर्ज हुए है जिसमें घरेलू हिंसा कुल 14, डायन प्रताड़ना के 1, दहेज प्रताड़ना के 1 एवं 3 अन्य मामलों है इसमें 17 केस का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है एवं दो केस प्रकियाधीन है जिससे पीड़ित महिलाओं को राहत मिली। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जेंडर रिसोर्स सेंटर में दर्ज सभी केस की समीक्षा की एवं सभी विभागों को समन्वय स्थापित इन मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि महिला हिंसा को समाप्त किया जा सके। बैठक में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रभारी, डालसा के प्रतिनिधि, सीडीपीओ, थाना प्रभारी मांडू, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, प्रदान के रीजनल कॉर्डिनेटर, संकुल संगठन के प्रतिनिधि, जेंडर सीआरपी आदि उपस्थित रहे।

# अपराध व जाम मुक्त बनेगा बरही : थाना प्रभारी

**बरही ।** 12वें जेपीएस बैच के युवा पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार ने बरही थाना के 13वें थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर के रूप में शनिवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है. जिनका बरहीवासियों ने स्वागत किया है. बरही की गिरती विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नए थाना प्रभारी से लोगों की उम्मीदें भी जगी हैं और जनहित में अपेक्षाएं भी बढ़ी है. थाना प्रभारी ने कहा कि बरही जाम मुक्त व अपराध पर अंकुश लगाने का प्रयास रहेगा।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने नवपदस्थापित युवा व तेज तर्रार पुलिस इंस्पेक्टर का स्वागत किया है. नए थाना प्रभारी से बरही की ध्वस्त हुई विधि व्यवस्था को नियंत्रित करने, चोरी, छिनतई, नशाखोरी आदि जैसी घटनाओं पर विराम लगाने, सामाजिक सौहार्द बनाने और नशे के गिरफ्त में आकर क्राइम को अंजाम देने वाले युवाओं पर नियंत्रण करने की उम्मीद जताई है. उन्होंने यह भी बताया कि लोगों के बीच कानून का भय हो, ऐसे माहौल बनाने की आवश्यकता है. जिससे समाज में शांति व सौहार्द कायम रहे. कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने नव पदस्थापित इंस्पेक्टर से बरही में हो रहे नशा के खिलाफ खुफिया लगाकर कारवाई करने की उम्मीद जताई है. उन्होंने कहा कि नशे के सौदागर बरही के युवाओं को नशे की लत लगाकर उससे क्राइम करवा रहे है. इस पर तत्काल करवाई की जानी चाहिए. इसके साथ हीं गो तस्करी पर विराम लगाने के लिए रात्रि में जीटी रोड पर सघन जांच अभियान चलाने की भी उम्मीद जताई है. इसके साथ ही अनियंत्रित रूप से होने वाले सड़क जाम पर नियंत्रण करते हुए विधि व्यवस्था को दुरूस्त करने की बात कही है.

# 45 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए गायक मोहम्मद रफी

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी की 45 वीं पुण्यतिथि अमरदीप आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा टायर मोड़ स्थित ओंकार मिशन हाल में मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, उद्घाटनकर्ता राकेश सिन्हा जबकि विशिष्ट अतिथि अतिथि कमल बगड़िया, मनोज मंडल, विमल शर्मा, रंजन फौजी, सोनी कुमारी, केसरी जी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नागी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । तत्पश्चात रामगढ़ के प्रसिद्ध गायक धुरव कुमार ने तुम मुझे यूं भुला न पाओगे।।। आदि गीत गाकर प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान क्षेत्र के गायकों ने बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर समां को बांधे रखा। इस दौरान कमल बगड़िया द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं ।। ,राकेश सिन्हा द्वारा प्रस्तुत गीत दर्दे दिल दर्दे जिगर।।।, राकेश नागी द्वारा गाए गए गीत बचना ए हसीनों।।सहित मोहम्मद रफी के गाये विभिन्न गानों को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित लोगों ने इनकी भरपूर सराहना की। मौके पर महिला म्यूजिकल ग्रुप की गायिका मौसमी गांगुली,सुलेखा चटर्जी, संजय चटर्जी, संतोषी देवी, सिवानी पासवान, कंचन गांगुली, प्रियंका देवी, उषा, सोनी गुप्ता, रीना, गीता कुमारी, शांति देवी, सुमिता, मिसेल नागी, मानवी, परी, दिनेश खुरना, मुन्ना सिंह, अर्जुन रविदास, राजू पांडे, रणंजय, उमेश, अनिल पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### श्रावण में जीवंत हुई श्रवण कुमार की परंपरा

**भुरकुंडा।** श्रावण मास में जब पूरा वातावरण शिवभक्ति में डूबा है, तब बड़कागांव प्रखंड के हरली गांव से निकला एक भावनात्मक दृश्य सभी के लिए प्रेरणा बन गया। 75 वर्षीय फूलमती देवी को उनके दो पोते रंजन कुमार और ललन कुमार डोले पर बिठाकर रजरप्पा तक पैदल यात्रा पर ले गए, जहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका मंदिर से गंगाजल उठाया। अब वे जल लेकर बड़कागांव स्थित प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इस पुण्य यात्रा के दौरान जब यह दृश्य कोयलांचल भुरकुंडा से गुजरा, तो राहगीर रुक गए।

कांवरियों और श्रद्धालुओं के बीच यह डोला आकर्षण का केंद्र बन गया। बुजुर्ग दादी को कांधे पर डोले के सहारे ले जाते इन पोतों को देख लोगों ने उन्हें सच्चा श्रवण कुमार कहकर सम्मान दिया। श्रावण मास में बड़कागांव, हरली और बादम क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रजरप्पा पहुंचते हैं। वहां मां छिन्नमस्तिका मंदिर से जल उठाकर पैदल ही बुढ़वा महादेव मंदिर लौटते हैं, जहां शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और क्षेत्र की धार्मिक पहचान बन चुकी है। रंजन और ललन ने इस परंपरा को न केवल निभाया, बल्कि अपनी बुजुर्ग दादी की श्रद्धा को सम्मान देकर समाज के सामने एक आदर्श भी प्रस्तुत किया।

### बीओआई ने हुवाग में किया गया वित्तीय जागरुकता शिविर का आयोजन

**गिद्दी।** बैंक आफ इंडिया बलसगरा ने गुरुवार को हुवाग पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय वित्तीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह, बलसगरा बीओआई ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार उपस्थित थे। शिविर में बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत निशुल्क खाता खोलने की प्रक्रिया, जन धन योजनाओं में नामांकन जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, , बचत खातों की दोबारा ग्राहक पहचान प्रक्रिया, बैंक खातों में निष्क्रिय रूप से जमा पड़ी धनराशि के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

### मजदूरों के हक-हकूक के लिए जारी रहेगी लड़ाई: कुमार महेश सिंह

**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का भुरकुंडा शाखा सम्मेलन शनिवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष महावीर कुमार और संचालन क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह शाखा सचिव शिवशंकर पांडेय ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से यूनियन के रिजनल सचिव कुमार महेश सिंह और बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित थे। सम्मेलन में कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। रिजनल सचिव कुमार महेश सिंह ने कहा कि मजदूरों के हक और हकूक के लिए अंतिम दम तक लड़ाई जारी रहेगी। इंटक और कांग्रेस जमीन से जुड़े हैं, इसलिए हम झूठ की बुनियाद पर महल नहीं बनाते।

## विहिप का तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति बैठक का हुआ समापन

# हिंदुओं का संस्कार मठ मंदिर के कारण आज तक जीवित है :अंबरीष

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सिद्धि विनायक वेंकवेट हॉल रांची रोड में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति बैठक का रविवार को समापन हुआ। इस बैठक में विहिप के झारखण्ड प्रांत के सभी जिले के विहिप,बजरंग दल,मातृ शक्ति,दुर्गा वाहिनी तथा सभी आयाम के प्रांत, जिला के कार्यकर्ता के बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विहिप केन्द्रीय मंत्री सह केन्द्रीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष सिंह ने सभी कार्यकर्त्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना के समय जिस परिकल्पना के साथ हुई थी उसपर हम कहां खड़े हैं उसकी चिंता करने का समय है, बहुत सारे देशों में आक्रमण हुआ जिसमें भारत भी है परंतु बहुत सारे देश मानचित्र में दिखता तो है परंतु वहां की सभ्यता संस्कृति पूर्ण रूप से विलुप्त हो गई। परंतु भारत का हिन्दू संस्कार, संस्कृति, चार धाम यात्रा आज भी है, हमारे पूर्वज ने जीवन मूल्यों की लड़ाई लड़ी कुछ लोग जागरण कर रहे थे कुछ कुछ लोग लड़ाई लड़ रहे थे। हमारे संस्कार मठ मंदिर, अर्चक पुरोहित,गौ,गंगा, परिवार व्यवस्था के कारण आज भी जीवित है।उन्होंने कहां की लड़ाई पहले भी होती थी परंतु हिंदू हिंदू थे उनकी पद्धति एक थी। विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना हिन्दू हिन्दू के रुप में रहे इसकी पुनर्स्थापना पुनः करने के लिए हुई। हमारी गलती के कारण जो विधर्मी हो गए है उनको घर वापस लाना। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू सशक्त होगा तो पूरे विश्व का कल्याण होगा। हिंदू जीवन मूल्यों की रक्षा होगी।इसका उदाहरण कोरोना काल में पूरे विश्व ने देखा। 1966 ई० विहिप के स्थापना के 2 वर्ष बाद महाकुंभ में हिंदू सम्मेलन हुई जिसमें एक मंच पर सभी संप्रदायों के संतों की समागम हुई।इस वर्ष महाकुंभ में भगवान ने विराट स्वरूप का प्रकटीकरण हुआ। जहां मां गंगा के आंचल में 68 करोड़ हिन्दूओं ने डूबकी लगाई। क्या उंच,नीच,अमीर ,गरीब, जाती,पंथ से उपर उठकर विशाल हिन्दू समाज का महाकुंभ में संगम देखने को मिला और यहां सिर्फ हिन्दू थे।

# जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का हुआ वितरण




**रामगढ़।** सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी इनरव्हील क्लब रामगढ़ जिसका मूल मंत्र जरूरतमंदों की हर संभव मदद करना है,उनके द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच पोषण युक्त भोजन जलाराम मंदिर के परिसर में वितरित किया गया।इस अवसर पर खिचड़ी, सब्जी जैसे पौष्टिक भोजन और मिठाई का प्रेमपूर्वक वितरण किया गया जिससे लोगों को संतुलित आहार मिला। इनरव्हील क्लब समय-समय पर समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करता रहता है इसी को ध्यान में रखते हुए क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, पर्यावरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करता है। क्लब के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और उनका कहना है की उदारता और उद्देश्य पूर्ण कार्यों से खुशी प्राप्त होती है जो इनरव्हील क्लब की सामूहिक रूप में काम करने की भावना को बढ़ावा देती है। इस मौके पर शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्रॉफ, जनेशा वडेरा, पिंकी गांधी नीरू साहनी, रंजू अरोड़ा, राजिंदर कालरा, जसप्रीत कौर, रंजू अग्रवाल,विजयलक्ष्मी आयंगर, मीरा बगड़िया, जसमीत सोनी, अंबाली जैन आदि उपस्थित थे।

# डीसी का कैलाश धाम करर्मुंडा भ्रमण कार्यक्रम आज

● भक्तों के लिए आवागमन की व्यवस्था व पूजन की विशेष व्यवस्था की गई है

नवीन मेल संवाददाता

**सावन की अंतिम सोमवारी पर विशेष आयोजन**



● उपायुक्त को दर्शन-पूजन व भंडारे में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

● आवागमन, पूजन-सामग्री और भंडारे की समुचित व्यवस्था

**बोलबा।** सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोरोमिंया पंचायत स्थित प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटक स्थल कैलाश धाम करर्मुंडा में उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह का भ्रमण कार्यक्रम सोमवार को अपराह्न 2 बजे निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कैलाश धाम पर्यटन क्लब, करर्मुंडा के अध्यक्ष रामप्रसाद बेहरा एवं धाम के पुजारी नारायण सिंह ने बताया कि सावन माह की अंतिम सोमवारी के अवसर पर उपायुक्त को दर्शन-पूजन तथा भंडारा में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया है। समिति द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर भक्तों के लिए आवागमन की व्यवस्था, पूजन-सामग्री की व्यवस्था, तथा भंडारे का आयोजन किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, भुनेश्वर सेनापति, ओमप्रकाश साहू, प्रसन्न कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य कृष्णा बड़ाइक, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर, अंचल अधिकारी ठेठईटांगर, थाना प्रभारी ठेठईटांगरएवं कोरोमिंया पंचायत की मुखिया रेणुका सोरेंग को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समिति के सदस्यों सुखदेव सिंह, नारायण सिंह, रामप्रसाद बेहरा, राजकुमार सिंह, कमलेश सिंह, जितेंद्र बेहरा, मोतीराम बेहरा, प्रकाश बेहरा, शम्भु सिंह, बरुण प्रधान, अरुण प्रधान सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## न्यूज बॉक्स

### हरिनारायण सिंह के निधन पर सिमडेगा पत्रकार संघ ने जताया शोक



**सिमडेगा।** झारखंड हिंदी पत्रकारिता के स्तंभ और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर सिमडेगा पत्रकार संघ ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। संघ ने इसे पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति बताया है। संघ की ओर से जारी शोक संदेश में कहा गया है कि हरिनारायण सिंह ने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्ठा, संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ समाज और राज्य की सेवा की। उनका निधन न केवल पत्रकारिता जगत के लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अत्यंत दुखद है। शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी शामिल हैं। प्रमुख पत्रकारों में सुहैब शाहिद, अफजल इमाम, सुनील सहाय, वाचस्पति मिश्र,श्रीराम पुरी, दीपक अग्रवाल रिंकू, मुकेश कुमार, विकास साहू, कुश बड़ाइक, अमन मिश्रा, राकेश जयसवाल, अनुज कुमार साहू, सुमंत कुमार, अमित साहू, संजय कुमार केसरी, हलधर प्रसाद, कालो खलखो, संजीत यादव, बलभद्र बड़ाईक, भरत सिंह, चंद्रदेव सेनापति, रविकांत मिश्रा, पंचम प्रसाद, मो. तबरेज आलम, अंकित सिन्हा, सुहैल अख्तर, शिवनंदन बड़ाईक, राजेश बड़ाईक और राज आनंद सिन्हा विक्रम ठाकुर समेत सिमडेगा पत्रकार संघ के सभी सदस्य शामिल हैं।
सभी पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### वाइन दुकान संचालक को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली

**सिमडेगा।** जिले के बांसजोर ओपी क्षेत्र स्थित विदेशी शराब दुकान में शनिवार शाम करीब 7:30 बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने अचानक दुकान पर पहुंचकर दो राउंड गोलीबारी कर दी। इस घटना में दुकान संचालक मनोज महतो के हाथ में गोली लग गई, जिससे वे घायल हो गए। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी विनय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल को इलाज हेतु बिरमितरापुर अस्पताल भिजवाया गया। गोली चलाने के बाद अपराधी कादोपानी की ओर भाग निकले।घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर खोखा को बरामद करते हुए की सिमडेगा एसपी एम अर्शी के निर्देश पर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और पूरे इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। फिलहाल पुलिस अपराधियों की पहचान और हमले के कारणों का पता लगाने में जुटी है। वाइन दुकान जैसे सार्वजनिक स्थल पर हुए इस हमले ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### करंट लगने से दो की मौत, 11 हजार वोल्ट के चपेट में आया पूरा गांव

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के कर्राडमाईर गांव में शनिवार रात एक बिजली दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब ट्रांसफार्मर का ग्राउंड अर्थिंग तार कटकर 11 हजार वोल्ट की लाइन से सट गया, जिससे पूरे गांव में हाई वोल्टेज करंट फैल गया।घटना के संबंध में बानो बिजली विभाग में कार्यरत मानव दिवस कर्मी अकरम ने बताया कि ट्रांसफार्मर के स्विच के पास लगे अर्थिंग वायर के टूट जाने से वह 11,000 वोल्ट की सप्लाई लाइन से संपर्क में आ गया। इससे अर्थिंग सिस्टम के जरिये गांव के बिजली उपकरणों में घातक करंट दौड़ने लगा।इसी दौरान कुछ ग्रामीण जब घर में विद्युत उपकरण चला रहे थे, तो वे करंट की चपेट में आ गए, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लाइन काट दी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।कर्मी अकरम ने बताया कि यदि ग्रामीण स्वयं ट्रांसफार्मर के पास जाकर मैनुअल स्विच ऑफ करने का प्रयास करते, तो और भी गंभीर जनहानि हो सकती थी।घटना के बाद गांव में भय और शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान और विस्तृत जानकारी के लिए बानो थाना पुलिस और बिजली विभाग की संयुक्त जांच जारी है।

### बानो में स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट,11 को होगा आगाज

**बानो।** स्वतंत्रता दिवस पर बानो में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट इस वर्ष और भी भव्य रूप लेने जा रहा है। बिरसा मुंडा खेल समिति के तत्वावधान में एसएस प्लस टू विद्यालय परिसर स्थित नवनिर्मित स्टेडियम में टूर्नामेंट की तैयारी अंतिम चरण में है। समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा मैदान की पूरी तरह से सफाई व साज-सज्जा कर ली गई है। 11 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट का उद्घाटन कोलेबिरा विधायक सुदीप गुड़िया करेंग। इसके साथ ही कई अन्य अतिथियों के भी शामिल होने की संभावना है।खेल समिति के अध्यक्ष संतोष साहू ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट को विशेष रूप से आकर्षक और व्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों व दर्शकों को एक नया अनुभव मिले।गौरतलब है कि बानो का यह फुटबॉल टूर्नामेंट लगभग 50 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है और 15 अगस्त के दिन यहां परंपरागत रूप से हजारों की संख्या में दर्शक जुटते हैं। इसे प्रखंड का सबसे ऐतिहासिक और लोकप्रिय आयोजन माना जाता है।वर्तमान में टूर्नामेंट की तैयारी में समिति के सदस्य अमुश कांडुलना, रिंकू साहू, नीरज साहू, जगदीश बागे, एमडी साबिर, मोहम्मद साहिल, प्रदीप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता दिन-रात लगे हुए हैं।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कर्मयोगी जन सेवा का आयोजन

**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 2 अगस्त को राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, कार्यालयकर्मी, मेसकर्मी एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य फैसिलिटेटर के रूप में गुमला से आए विनोद कुमार ने कर्मयोगी दर्शन पर प्रकाश डाला, वहीं वेन्यू फैसिलिटेटर मनोज कुमार ने सत्रों का समन्वय किया। चार मॉड्यूल पर आधारित सत्रों में चर्चा, प्रश्नोत्तरी और समूह गतिविधियों के माध्यम से सहभागिता को बढ़ाया गया।प्रशिक्षण में कर्मयोगी के रूप में कर्तव्य निर्वहन में निष्ठा, पारदर्शिता और सेवा भावना पर जोर दिया गया। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों के भीतर समर्पण और उत्तरदायित्व की भावना को और प्रबल किया।कार्यक्रम का समापन प्राचार्य संजय कुमार सिंह के प्रेरणात्मक संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने कर्मयोगी जीवनशैली को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने का आह्वान किया।

**नवनिर्मित स्टेज शेड का विधायक ने किया उद्घाटन, कहा**

# समाज सेवा व सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ना चाहिए





नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के जलडेगा प्रखंड अंतर्गत जलडेगा मिशन मैदान में विधायक मद से निर्मित स्टेज शेड सह चबूतरे का लोकार्पण हुआ। उद्घाटन कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने किया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक नृत्य-गान और स्वागत गीत के साथ हुई, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम में विशेष रूप से फादर जेवियर टोपनो उपस्थित रहे। मंच का संयुक्त रूप से उद्घाटन विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, फादर जेवियर टोपनो और जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा द्वारा प्रार्थना के पश्चात किया गया। उद्घाटन के बाद मिशन सभागार में संत मेरी वियन्नी पर्व को भी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अपने संबोधन में विधायक कोनगाड़ी ने कहा संत मेरी वियन्नी जैसे संतों से प्रेरणा लेकर हमें समाज सेवा और सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ना चाहिए। यह स्टेज शेड स्थानीय जनता की मांग पर तैयार किया गया है, ताकि मिशन मैदान में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और खेल आयोजनों को अब बेहतर सुविधाओं के साथ संपन्न किया जा सके।"जलडेगा मिशन समिति ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जनता की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस स्टेज शेड के निर्माण को संभव बनाया, जिसके लिए वे कृतज्ञ हैं।इस अवसर पर पल्ली प्रचारक पौलुस बरजो, फादर राजन सोरेंग, जिला विधायक प्रतिनिधि व अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो, पंचायत अध्यक्ष जोसेफ बागे, जोसेफ लुगुन, समस्त सिस्टर और मिशन के पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

**झामुमो नगर कमेटी की बैठक**

## जन समस्याओं के निराकरण का लिया गया निर्णय



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जयप्रकाश उद्यान सिमडेगा में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अनस आलम ने की। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न जन समस्याओं जैसे बिजली, सड़क व नाली की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी 20 वार्डों में वार्ड स्तर पर बैठक कर जनता की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके समाधान हेतु जिला प्रशासन के समक्ष मांग रखी जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो जिला सचिव सफीक खान ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य संगठन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के विकास और जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव सफीक खान, नगर अध्यक्ष अनस आलम, सिमडेगा प्रखंड सचिव मिनहाज राजन, नगर उपाध्यक्ष बीरबल महतो, संदीप मिंज, किशोर केरकेट्टा, इकबाल हुसैन, नगर संगठन सचिव जफरुल अंसारी व नगर सह सचिव मो० सफीक उपस्थित थे।

**झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न**

## राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतनमान व सुविधाएं मिले : सुशील



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ की एक बैठक रविवार को जिला कृषि कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ की जिला अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुशील कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सुशील कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि वह राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतनमान, सुविधाएं और सेवाशर्तें प्रदान करे। उन्होंने राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि पे बैंड 2400, 4200 और 4600 लागू कर कर्मचारियों को प्रोन्नति दी जाए और चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को वर्ग 3 में समायोजित किया जाए। इसके साथ ही अनुबंध कर्मियों, दैनिक वेतनभोगियों एवं सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमित करने तथा खेल विभाग में कार्यरत अनुबंध कर्मियों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से राज्यकर्मी उपेक्षा के शिकार हैं, उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है। पेंशन योजना, स्थायी नियुक्ति, पदोन्नति, सामूहिक बीमा और चिकित्सा सुविधा जैसे बुनियादी विषयों पर भी सरकार गंभीर नहीं है।बैठक में आगामी रणनीति तय करते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अगर सरकार शीघ्र मांगें पूरी नहीं करती है तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर विजय उरांव, उत्तम प्रसाद, जितवा नायक, राजयमणि कुमारी, दीपक कुमार साहू, कृष्ण सिंह, समेत कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न, आयोजन की तैयारी शुरू

**बानो।** दुर्गा पूजा समिति बानो की एक महत्वपूर्ण बैठक दुर्गा पहाड़ी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तिलकु चौरसिया ने की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा परंपरागत रूप से धूमधाम और भव्यता के साथ मनाई जाएगी।बैठक में पूजा से संबंधित विभिन्न तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, मेला परिसर में दुकानों की स्थापना, 2 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम, तथा नागपुरी गीत-संगीत संध्या के आयोजन को लेकर योजना बनाई गई।साथ ही, 22 सितंबर को होने वाली कलश स्थापना के पूजन कार्य की देखरेख हेतु समिति सदस्यों को कार्यभार सौंपने का निर्णय लिया गया, ताकि आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।इस बैठक में गंधर्व सिंह, विश्वनाथ बड़ाईक, टीपी मनोहरन, राम प्रसाद कृपाल, शंकर सिंह सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए रविवार को को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान न्यायालय परिसर में चलाया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों ने भाग लिया और अपने हाथों में झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधान जिला जज ने सफाई की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं,बल्कि एक जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थान स्वच्छ और स्वस्थ रहें। इस अभियान के दौरान न केवल कचरा एकत्र कर उसे उचित स्थान पर निपटाया गया, बल्कि प्लास्टिक उपयोग से परहेज,कूड़ा प्रबंधन और पर्यावरणीय जागरूकता से जुड़े संदेश भी लोगों को दिए गए। न्यायिक अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे साफ-सफाई बनाए रखें और अपने मोहल्लों में भी इस प्रकार के अभियानों को प्रेरित करें।अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर की सफाई करना था, बल्कि लोगों को यह दिखाना भी था कि हर व्यक्ति,चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो, स्वच्छता की जिम्मेदारी से अछूता नहीं है। मौके पर एडीजे नरंजन सिंह,सीजेएम निताशा बारला, प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम सहित सभी न्यायालय कर्मी मौजूद थे।

## गिरजटोली में झामुमो कार्यकर्ताओं ने की जनजागृति, ग्रामीणों ने दिया समर्थन



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की एक टीम रविवार को सिमडेगा से जलडेगा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र लोंबोई पंचायत के गिरजटोली पहुंची। जहां उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बेहद भावुक होकर कहा कि "जितनी बातें आप लोगों ने आकर बताई हैं, उतनी जानकारी अब तक हमें किसी ने नहीं दी।ग्रामीणों ने एक स्वर में झामुमो के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करते हुए कहा कि वे पहले से ही पार्टी के समर्थक हैं और भविष्य में यदि पार्टी यहां से किसी प्रत्याशी को मैदान में उतारती है, तो वे तन-मन-धन से उनका समर्थन करेंगे।सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने झामुमो के संरक्षक माननीय गुरुजी शिबू सोरेन और झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए प्रार्थना की।

## पशु चिकित्सालय कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** झारखंड में मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 कार्यक्रम के तहत कार्यरत पायलेट और पारावेट कर्मी 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। रविवार को सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कर्मियों ने हड़ताल की घोषणा करते हुए कंपनी पर तीन माह से वेतन नहीं देने, वेतन विसंगति, नियुक्ति पत्र व बीमा सुविधा नहीं देने, और अवकाश नहीं देने जैसे गंभीर आरोप लगाए। कर्मियों का कहना है कि उन्हें महज 12,000 मासिक वेतन मिलता है, जबकि बिहार जैसे राज्यों में पारावेट को 20,000 और पायलेट को 18,000 मिलते हैं। पिछले 11 महीनों से बिना अवकाश लगातार सेवा दे रहे कर्मियों ने "समाधान नहीं तो काम नहीं" का नारा देते हुए अपनी मांगों पर अडिग रहने की बात कही है।हड़ताल के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं बाधित हो गई हैं। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया वेतन भुगतान, वेतनमान में समानता, जॉइनिंग लेटर, बीमा सुविधा और अवकाश का अधिकार नहीं दिया जाता, वे कार्य पर नहीं लौटेंगे। प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की गई है।

**भव्य आयोजन** ठेठईटांगर शिव मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा

# रुद्राभिषेक के बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का हुआ वितरण

● शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक मंदिर परिसर में महाप्रसाद का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** सावन माह के पावन अवसर पर रविवार को ठेठईटांगर शिव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ कलश यात्रा, रुद्राभिषेक और भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु जल कलश लेकर श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरुआत छिंदा नदी से हुई, जहाँ पुरोहित सूर्यकांत झा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर यात्रा को विधिवत आरंभ कराया गया। भक्त जय श्रीराम बोल बम, बाबा एक सहारा बा जैसे जयघोष करते हुए बोलबा रोड मुख्य पथ से होते हुए ठेठईटांगर शिव मंदिर पहुंचे, जहाँ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।इस धार्मिक आयोजन के उपरांत मंदिर परिसर में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसमें ठेठईटांगर, जोराम, अलसंगा, खिजूरटांड़, बासार टोली, राइबहार, कुम्हार टोली समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर यजमान के रूप में बिजय ठाकुर, संकुतला देवी, विक्रम ठाकुर एवं आशा ठाकुर ने पूजा में हिस्सा लिया, जबकि पुजारी की भूमिका में सूर्यकांत झा मौजूद रहे।कार्यक्रम की सफलता में ग्रामीणों और स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा। प्रमुख सहयोगियों में संजय प्रसाद, सोनू बड़ाइक, नरेंद्र बड़ाइक, अनिल कुमार गुप्ता, परमानंद दास, अमन कुमार, पवन केशरी, प्रसन्न कुमार सिन्हा, मिथलेश पांडेय, मनोज सिंह, पप्पू शाह, अमित कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार, रिंटु सिन्हा, मुकेश केशरी, राजेन्द्र प्रसाद, विकास ठाकुर, मुना कुमार, राहुल दास, ओम दास सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

## नन्हे श्रद्धालुओं ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक



**सिमडेगा।** मारवाड़ी युवा मंच सिमडेगा के तत्वावधान में रविवार को बाल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। इस अनोखी पहल में शहर के नन्हे-नन्हे बच्चों ने कांवर उठाकर शिवभक्ति की मिसाल पेश की। यात्रा गुलजार गली दुर्गा स्थान से शुरू होकर राम जानकी मंदिर तक निकाली गई, जहां बच्चों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक संस्कार व भक्ति भावना को विकसित करना था। सभी बाल श्रद्धालु अपने-अपने अभिभावकों की निगरानी में कांवर लेकर उत्साहपूर्वक यात्रा में शामिल हुए। बच्चे छोटे-छोटे कदमों से जल लेकर चल रहे थे और उनके चेहरों पर शिवभक्ति का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था।कांवर यात्रा के मार्ग में शिव भजनों की ध्वनि और बच्चों की आस्था से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। सिमडेगा वासियों ने सड़कों के किनारे खड़े होकर नन्हे कांवरियों का स्वागत किया और उनकी आस्था को सराहा। यात्रा के दौरान अभिभावकगण भी बच्चों के साथ-साथ शिव भजनों पर झूमते नजर आए, जिससे पूरे माहौल में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक समर्पण की भावना व्याप्त रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच उड़ान शाखा तथा मारवाड़ी महिला शाखा सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जहर खाने से एक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**सिमडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के मामा भगिना गांव में जहर खाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लिबिन बूढ़ के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लिबिन बूढ़ शनिवार देर रात अत्यधिक शराब के नशे में था। इसी दौरान उसने घर में रखी जहरीली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्काल उसे सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर जलडेगा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि मृतक के छोटे भाई नेल्सन ने की है।

## देवघर श्रावणी मेला में कांवरियों पर गुलाब जल का छिड़काव

# नगर निगम की पहल से मिल रही राहत

नवीन मेल संवाददाता



**देवघर।** श्रावणी मेले में इस बार जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से कांवरियों की सुविधा के लिए कई तरह की व्यवस्था की गई है. जिसमें से एक गुलाब जल से युक्त मिस्ट कूलिंग की व्यवस्था है. इस व्यवस्था से कांवरियों को उमस भरी गर्मी में काफी राहत मिल रही है. साथ ही वातावरण में ठंडक के साथ गुलाब की सुंगध बिखर रही है. इस संबंध में नगर निगम के नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने बताया कि हर वर्ष गाड़ियों के टैंकरों में पानी भरकर कांवरियों पर छिड़काव किया जाता था, लेकिन इस वर्ष उसमें बदलाव किया गया है. पानी की जगह इस साल कांवरियों पर गुलाब जल का छिड़काव किया जा रहा है. गुलाब जल के छिड़काव से ठंडक तो महसूस होती ही है, साथ ही साथ लोगों को उमस भरी मौसम में त्वचा से जुड़ी परेशानियों से भी राहत मिलती है. वहीं गुलाब जल छिड़काव करने वाले वाहन चालक सूरज कुमार ने बताया कि प्रतिदिन तीन से चार घंटे रूट लाइन में वाहन के जरिए जगह-जगह रुक कर हजारों लीटर गुलाब जल का छिड़काव किया जाता है. पूरी प्रक्रिया की देखरेख करने वाले जूनियर इंजीनियर सुमन कुमार बताते हैं कि रविवार और सोमवार को विशेष कर राम झा चौक, तिवारी चौक, बीएड कॉलेज, बरमसिया जैसे स्थानों पर छिड़काव किया जाता है, क्योंकि इन जगहों पर कांवरियों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है. वहीं देवघर नगर निगम की इस पहल की कांवरियों ने प्रशंसा की है. लोगों ने कहा कि इस तरह लगातार गुलाब जल का छिड़काव होता रहे तो काफी राहत मिलती है. कतार में भी ज्यादा परेशानी नहीं होती है. श्रद्धालुओं ने कहा कि गुलाब जल का छिड़काव होने से वातावरण भी सुगंधित हो जाता है और लोग तरोताजा हो जाते हैं. गौरतलब है कि इस वर्ष जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुख-सुविधा को लेकर कई इंतजाम किए हैं. जिसमें गुलाब जल का छिड़काव लोगों को काफी अच्छा लग रहा है. भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने आ रहे लोगों ने कहा कि देवघर जिला प्रशासन को इस व्यवस्था का और भी विस्तार करना चाहिए, ताकि लोगों को इस गर्मी में ठंडक महसूस हो सके.

## कांवरियों की सेवा सौभाग्य की बात है: रोशनलाल चौधरी

**हजारीबाग।** रजरप्पा से जल उठा कर बड़कागांव स्थित प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर की ओर रवाना हुए सैकड़ों कांवरियों के लिए विधायक रोशनलाल चौधरी ने शनिवार को भदानीनगर फोरलेन स्थित एक मैरेज हॉल में भव्य भोजन व ठहराव की व्यवस्था कर मिसाल पेश की। शनिवार की शाम सैकड़ों महिला-पुरुष कांवरिया इस विश्राम स्थल पर पहुंचे। सभी ने पहले विश्राम किया, फिर भोजन का आनंद लेकर आयोजित भक्तिमय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बोल बम के गगनभेदी नारों से समूचा क्षेत्र गूंज रहा था। रात्रि विश्राम के बाद सभी कांवरिया बड़कागांव स्थित प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर के लिए रवाना होंगे। बताया जाता है कि रविवार तड़के रवाना होने वाले कांवरिया सोमवार को बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। रजरप्पा से बुढ़वा महादेव मंदिर की दूरी करीब 106 किलोमीटर है। इस पुनीत आयोजन से सभी कांवरिया बेहद प्रसन्न नजर आए और विधायक की सराहना करते नहीं थके। मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि श्रावण मास शिवभक्ति और सेवा का महापर्व है। कांवरियों की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं हर साल इस तरह की व्यवस्था करूंगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि कांवर यात्रा न केवल आस्था की यात्रा है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, समर्पण और सामूहिक संकल्प का भी प्रतीक है। आयोजन को सफल बनाने में सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, सागर दांगी आदि ने योगदान दिया।

## न्यूज बॉक्स

### बैंगलोर में करंट लगने से प्रवासी मजदूर की मौत, गांव में छाया मातम



**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार थाना क्षेत्र के खैरवानी गांव निवासी सुमिर कुमार पसावन (22 वर्ष) की मौत शनिवार सुबह बैंगलोर की एक फैक्ट्री में काम के दौरान बिजली की करंट लगने से हो गई। मृतक हिरामन पसावन का पुत्र सुमिर कुमार था और करीब एक माह पहले ही प्रवास पर मजदूरी करने के लिए बैंगलोर गया था। जानकारी के अनुसार, सुमिर बैंगलोर में दूध की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार सुबह लगभग 9 बजे वह काम के दौरान बिजली की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह रोज़गार की तलाश में बैंगलोर गया था। करीब 18 महीने पहले ही सुमिर की शादी अंजु कुमारी से हुई थी। वह दो भाइयों में बड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजन शव को लाने के लिए बैंगलोर रवाना हो गए हैं। इधर, पत्नी अंजु कुमारी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**बानो।** थाना परिसर में 15 अगस्त पर झंडोत्तोलन को लेकर शांति की बैठक थाना प्रभारी सोनू कुमार एवं जिप सदस्य कीउपस्थिति में हुई। बैठक में झंडोतोलन पर चर्चा हुई। 15 अगस्त को बिरसा मुंडा खेल समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल खेल पर चर्चा करते हुए खेल समिति के सदस्यों द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लेकर थाना प्रशासन से सहयोग की अपील किया। थाना प्रभारी ने उस दिन अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने की बात कही। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि 15 अगस्त के दिन सुरक्षा को देखते हुए स्पेशल वाहन जांच का अभियान चलाया जाएगा। हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने को कहा। वाहन चालक को आगाह करते हुए बताया कि वाहनों की गति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी वाहन चालक अपने कागजात के साथ ही आयेंगे। उन्होंने खेल समिति के सदस्यों से दो वाहन पार्किंग व्यवस्था करने को कहा है। एक कस्तूरबा विद्यालय एवं एक पबुड़ा मोड़ के पास। प्रभारी ने कहा कि हेलमेट नहीं रहने पर चालान भी काटा जाएगा। नशा कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक , सोमारी कैथवार सीता कुमारी,कृपा हेमरोम,संतोष साहू नीरज साहू मोहम्मद अंजुम. मोहम्मद फैज , डॉ बिलकु महतो हीरा साहू अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बानो में करंट लगने से दो की मौत, एक घायल

**बानो ।** प्रखंड के कर्राडमाईर गांव में रविवार को बिजली करंट की चपेट में आकर दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान गांव के अल्फोस होबो एवं उनकी गर्भवती बहू कुमुदिनी डुंगडुंग के रूप में की गई है। हादसे में कुमुदिनी के गर्भ में पल रहे बच्चे की भी जान चली गई।ग्रामीणों ने बताया कि यह हादसा पुलिया नहीं होने के कारण हुआ, जिससे बरसात के मौसम में गांव पूरी तरह टापू बन जाता है। बरसात के पानी से भरे अस्थायी रास्ते से गुजरने के दौरान बिजली के संपर्क में आने से यह दुर्घटना घटी। यह पहला मौका नहीं है, जब इस इलाके में प्रशासनिक उपेक्षा के कारण जान गई हो — पूर्व में गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल नहीं ले जाने, हाथी हमले और अन्य कारणों से भी जानें जा चुकी हैं।घटना की सूचना मिलते ही बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार व एएसआई ललन सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सांसद प्रतिनिधि अजीत कुंडलना एवं झामुमो महासचिव अभिषेक बागे ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी तथा एसडीओ से बात कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।बिजली विभाग ने अकरम के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया है। उधर, ग्रामीणों ने सरकार से पुनः आग्रह किया है कि कर्राडमाईर गांव के लिए जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराया जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### जिप सदस्या ने क्षेत्र की समस्याओं से महामहिम को कराया अवगत

**डुमरी।** जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने राज्यपाल को अलग अलग मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा है।इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार,फुलचंद किस्कू एवं दीपक श्रीवास्तव उपस्थित थे।जिप सदस्या ने एसडीएम,बीडीओ,एमओ सहित विभिन्न रिक्त पदों पर शीघ्र ही अधिकारियों की पदस्थापना करने की अपील की है।वहीं डुमरी प्रखण्ड में प्रसिद्ध पारसनाथ रेलवे स्टेशन रोड की सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान कराने की अपील की है वहीं डुमरी अनुमंडल में एक अग्निशमन वाहन स्थाई रुप से उपलब्ध कराने की अपील की है।साथ ही डुमरी में ट्रांसफर्मर रिपेयर वर्कशॉप की स्थापना कराने,डुमरी प्रखण्ड में कब्रिस्तान चाहरदिवारी के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग करने करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग की है।जबकि आस्था की स्थल बजरंगटांड़ में निमियाघाट थाना दारोगा पुअनि उमर खान के द्वारा अंचल द्वारा कार्य रोकाई गई जमीन पर खड़ा होकर काम कराने तथा लक्ष्मणटुण्डा ग्राम कल्याण समिति हिन्दू समाज के अध्यक्ष एवं ग्रामीणों के साथ धक्का मुक्की कर दुर्व्यवहार करने की बात कहते दोषी थाना के अधिकारी पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### नटराज योग संस्थान में सावन मिलन महोत्सव



**रांची।** नटराज योग संस्थान में सावन मिलन महोत्सव का आयोजन किया। श्रावण माह के इस आयोजन में 30 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों के साथ गीत -संगीत का कार्यक्रम हुआ। संस्थान की संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा ने कहा कि संस्था समय-समय पर पारिवारिक कार्यक्रम करती रहती है। नटराज योग संस्थान के संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत ने बताया महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में संगीत प्रतियोगिता, गीत-संगीत और नृत्य में भाग लेकर आयोजन को और रोचक बना दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट प्रतिभा के साथ प्रदर्शन के लिए श्रीमती सुप्रिया कुमारी को सावन क्वीन से सम्मानित किया गया ।

## 3.51 लाख महिलाओं को मिली मंईयां सम्मान योजना की राशि

**धनबाद।** धनबाद जिले की 3,51,179 महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की जून माह की राशि (प्रत्येक को 2500 रुपये) मिल गई है. यह राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई. जिले में कुल 87,79,47,500 की राशि का भुगतान किया गया. डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि मई माह की बकाया राशि का भी भुगतान लाभुकों को किया गया है. इसके तहत बाघमारा प्रखंड कार्यालय से 45,529 , अंचल कार्यालय से 7365, बलियापुर कार्यालय से 21830, अंचल कार्यालय से 1149 , धनबाद प्रखंड कार्यालय से 7202 , अंचल कार्यालय से 34,935 , एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय से 16873, अंचल कार्यालय से 5222 , गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय से 50764 , अंचल कार्यालय से 844, झरिया अंचल कार्यालय से 44386 , कलियासोल प्रखंड कार्यालय से 20011, निरसा प्रखंड कार्यालय से 24079 , पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय से 9792, पुटकी अंचल कार्यालय से 17747, तोपचांची प्रखंड कार्यालय से 26,827 और टुंडी प्रखंड कार्यालय से 16624 लाभुकों के खाते में राशि भेजी गई.

## धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का फुलवारटांड़ स्टेशन पर ठहराव फिर शुरू



**धनबाद।** धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का फुलवारटांड़ रेलवे स्टेशन पर विगत शनिवार से ठहराव फिर शुरू हो गया है. कोरोना काल के बाद से इस स्टेशन पर धनबाद-रांची इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव बंद था. गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी और धनबाद सांसद ढुलू महतो ने संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस मौके पर स्टेशन परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दोनों सांसदों ने ट्रेन के लोको पायलट को पुष्पगुच्छ भेंट किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व नागरिक मौजूद रहे. ट्रेन का ठहराव पुनः शुरू होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है. लोगों ने रेल मंत्रालय और सांसदों के प्रति आभार जताया. सांसदों ने कहा कि यह जनता की पुरानी मांग थी. उन्होंने कहा कि फुलवारटांड़ में धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस के साथ-साथ रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस व रांची-गोड्डा एक्सप्रेस का भी ठहराव शुरू हो गया है. यह व्यवस्था शनिवार से प्रभावी हो गई है. उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में अन्य ट्रेनों के ठहराव के लिए भी प्रयास जारी रहेगा. ताकि यहां की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत हो सके.

## विश्वविद्यालयों की समस्याओं पर भाजपा नेताओं से मिला प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** रांची प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रवींद्र कुमार राय से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान विश्वविद्यालयों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। शनिवार को भाजपा प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक एवं कोयलांचल विवि के सिंडिकेट सदस्य डॉ. राजीव कुमार तथा कोल्हान विवि के सीनेट सदस्य एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सोनू ठाकुर ने विश्वविद्यालयों की समस्याएं विस्तार से रखीं। प्रमुख मुद्दों में पाठ्यक्रम व परीक्षा में देर, छात्रसंघ चुनाव का वर्षों से न होना, शिक्षकों व इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी, एनईपी 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन न होना, सेल्फ फाइनेंस शिक्षकों का वेतन, सीनेट-सिंडिकेट की अनियमित बैठकें, शिक्षकों की पदोन्नति और रूसा फंड के दुरुपयोग की जांच शामिल रही।

# एलपीजी टैंकर ने धान रोपने जा रही महिलाओं को रौंदा, एक की मौत 3 घायल

## आक्रोशित ग्रामीणों ने गांवा - सतगांवा मुख्य सड़क किया जाम



नवीन मेल संवाददाता

**गांवा।** गिरिडीह जिले के गावां - सतगावां मुख्य पथ पर रविवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई.यहां भूताही पुल के पास एक अनियंत्रित गैस टैंकर ने धान रोपने जा रही चार महिलाओं को रौंद दिया। घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं.
जिन्हे गावां सीएचसी में इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह रेफर कर दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार मलहेत निवासी मादो रजवार की पत्नी बसंतीया देवी, महेंद्र रविदास की पत्नी सुगी देवी, संजय रजवार की पत्नी उषा देवी, मीना देवी और गुड्डू रजवार की पत्नी पूनम देवी मलहेत निवासी अपने घर से धान रोपने जा रही थी इसी दौरान एक अनियंत्रित एलपीजी गैस टैंकर अनियंत्रित होकर उक्त महिलाओं को रौंदते हुए आगे निकल गया. घटना में बसंतीया देवी की मौत हो गई है। सूचना के बाद ग्रामीणों ने भाग रहे टैंकर को आलमपुर में रोक कर पुलिस को सूचना दी,गावां पुलिस ड्राइवर को गिरफ्तार कर थाने ले गई है. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गावां सतगावां मुख्य पथ को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जाम स्थल पर जिप सदस्य पवन चौधरी, मुखिया चन्दन कुमार समेत व पुलिस बल के जवान मौजूद हैं।

## युवक को कुआं में डूबने से हुई मौत

गांडेय,गिरिडीह। गांडेय प्रखंड के गजकुंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दुलारी देवी की पुत्र 14 वर्षीय रवि पंडित का कुआं में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के सरोन गांव निवासी दुलारी देवी का लगभग 14 वर्षीय पुत्र रवि पंडित था। जो अपने साथियों के साथ अपने घर के बगल में स्थित एक बड़ा कुंए में नहाने गया था। उक्त कुंए में टुलु मशीन पंप लगा हुआ था और उसमें करंट चल रहा था। इसी क्रम में जब मृतक रवि पंडित नहाकर उठने के क्रम में करंट आ गया। करंट लगने के कारण वह कुंए में गिर गया और पानी के अंदर चला गया। हो हल्ला पर आस पास के लोग व श्रजन जुटे और रस्सी व झगड़ डालकर युवक को निकालने का प्रयास करने लगा । लगातार बारिश में कुंआ काफी पानी भर गया था। जब कोई पता नहीं चला तो गिरिडीह से गौताखोर को सूचना दी गई सूचना पाकर गौताखोर उक्त कुंए के समीप पहुंचे व कुंए में उतर गये अंतत: उनके प्रयास से युवक को कुंए से बाहर निकाला गया। आनन फानन में अहिल्यापुर थाने कि पुलिस के वाहन से ही सीएचसी गांडेय लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चावल लदा ट्रक हाइटेंशन तार से टकराया, बड़ा हादसा टला

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** बलियापुर थाना क्षेत्र के शहरपुरा में शुक्रवार की रात एक बड़ा हादसा टल गया. एफसीआई का चावल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार के संपर्क में आ गया, सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से जा टकराया. चालक ने बताया कि वह एफसीआई का चावल लेकर बरवाअड्डा की ओर जा रहा था. शहरपुरा के पास ट्रक हाइटेंशन तार के संपर्क में आ गया, जिससे पूरा वाहन बिजली के करंट की चपेट में आ गया. झटके के कारण वह नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सीधे ट्रांसफार्मर से जा भिड़ा. गनीमत रही कि दुर्घटना के वक्त आसपास कोई राहगीर या वाहन नहीं था, वरना जान-माल का नुकसान हो सकता था. चालक ने बतायक कि करंट लगने से हल्की चोटें आईं हैं. उसने किसी तरह वाहन से बाहर निकल कर जान बचाई. शनिवार को घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और ट्रक चालक के प्रति आक्रोश जताया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस मार्ग से रोजाना एफसीआई के चावल लदे भारी ट्रक तेज रफ्तार में और कई बार नशे की हालत में गुजरते हैं जिससे क्षेत्र में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

## लायंस के शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान

**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की ओर से राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णमाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन विजयंत कुमार, एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो और अशोक सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। आगे क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णमाल ने स्वयं रक्तदान कर क्रम को आगे बढ़ाया।

## तोते की तस्करी पर वन विभाग की कार्रवाई, एक तस्कर धराया, 2 दर्जन पक्षी जब्त



**धनबाद।** झरिया के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह गणेश पूजा सर्कस मैदान के समीप वन विभाग की टीम ने एक पक्षी विक्रेता के पास से करीब दो दर्जन तोते जब्त किए हैं. टीम ने पक्षी विक्रेता इमामुद्दीन को हिरासत में लिया है. छापामारी के दौरान जमकर हंगामा हुआ. विक्रेता के समर्थन में स्थानीय लोगों ने टीम को घेर लिया. वन विभाग के अधिकारी प्रभाकर वर्णवाल ने बताया कि टीम जब्त किए गए पक्षियों और आरोपी को लेकर लौट रही थी. तभी स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और पक्षियों को छुड़ाने का प्रयास किया. इमामुद्दीन के सहयोगियों ने टीम की गाड़ी को घेरकर रोकने का प्रयास किया, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई. मामले की जानकारी जोड़ापोखर पुलिस को दी गई. पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और इमामुद्दीन को हिरासत में ले लिया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई. जब्त पक्षियों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया.

## शराबी बेटे की करतूत से परेशान मां ने उठाया खौफनाक कदम

# लाठी से पीट-पीटकर कर दी हत्या

- **आरोपी मां ने बताया कि मृतक जब नशे में होता था तो अपने ही शरीर को काटकर घायल कर लेता था. करीब पांच वर्ष पूर्व उसने अपनी मां का ही अंगूठा चबा कर काट डाला था.**



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र के श्रीधरपुर गांव में एक मां ने अपने बेटे की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. साथ ही आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विक्रम बाउरी हमेशा नशे में धुत रहता था. युवक को शराब की बुरी लत थी. युवक शराब के नशे में धुत होकर अक्सर घरवालों के साथ मारपीट करता था. साथ ही घर में तोड़-फोड़ आदि भी करता था. इस कारण मां हमेशा परेशान रहती थी. शनिवार की रात विक्रम फिर से शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था और उत्पात मचा रहा था. इस दौरान उसने घर में आग भी लगा दी थी. साथ ही घरवालों पर चाकू से हमला करने की कोशिश की थी. बेटे के उत्पात से परेशान होकर मां और अन्य परिजनों ने युवक को एक खम्भे से बांध दिया. इसके बाद लाठी से पीट-पीटकर मां ने अपने बेटे की हत्या कर दी. घटना के संबंध में आरोपी मां ने कहा कि उनका बेटा 25 वर्षीय विक्रम बाउरी नशे का आदी था. कल भी नशे की हालत में घर पहुंचा था. उसने घर में आग लगा दी थी. जब घर के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की तो युवक ने घरवालों को चाकू से वार करने की कोशिश की. यहां तक कि उसने अपनी पत्नी को भी मारने की कोशिश की. तब घर के लोगों ने उसे एक बिजली के खम्भे से बांध दिया और उसकी लाठी से पिटाई कर दी. इसी क्रम में उसपर कुल्हाड़ी से वार कर दिया गया. जिससे युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. आरोपी मां ने बताया कि मृतक जब नशे में होता था तो अपने ही शरीर को काटकर घायल कर लेता था. करीब पांच वर्ष पूर्व उसने अपनी मां का ही अंगूठा चबा कर काट डाला था. इधर, मामले को लेकर बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर आरोपी मां उमा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब तुम उससे संतुष्ट हो जाते हो जो तुम हो और खुद की न किसी से तुलना करते हो न प्रतिस्पर्धा करते हो, तब सब लोग तुम्हारा सम्मान करते हैं। -लाओत्से

# संपादकीय

## बदलता भारत और अमेरिकी भभकी

लोकसभा में नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आरोप है कि भारत ने अमेरिकी दबाव में 'ऑपरेशन सिंदूर' को स्थगित किया। इस संदर्भ में राहुल का व्यवहार कैसा है? वह अपने विदेश दौरों में अक्सर अमेरिका-यूरोप से भारत में 'लोकतंत्र बचाने' की गुहार लगाते हैं। राहुल की ही पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता पाकिस्तान जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने की भी मांग कर चुके हैं। जब राहुल कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झूठा कहें, तो मुझे आश्चर्य होता है। वैश्विक राजनीति कोई किशोरावस्था की तकरार नहीं, जिसमें व्यक्ति क्षणिक आवेश में अपमानजनक या कटु शब्दों का प्रयोग करता हो। इस तरह के गैर-जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा केवल राहुल गांधी से ही की जा सकती है, जिन्होंने वर्ष 2013 में सार्वजनिक रूप से अपनी ही सरकार के एक अध्यादेश को फाड़कर कूड़ेदान में फेंकने की बात कही थी। ट्रंप के टैरिफ प्रहार और लंबित व्यापार समझौते पर भारत ने जो निर्भीक रुख अपनाया है, वह राहुल के दावे को पूरी तरह झुठलाता है। जैसे अमेरिका अपने हितों के अनुसार मित्र और शत्रु चुनने हेतु स्वतंत्र है, उसी प्रकार भारत को भी अपने दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखकर स्वतंत्र निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। शीतयुद्ध काल से रूस (तब सोवियत संघ) भारत का भरोसेमंद सहयोगी रहा है। इस ऐतिहासिक संबंध को किस दिशा में और कितनी गहराई तक ले जाना है, यह केवल भारत तय करेगा, कोई अन्य देश नहीं। भारत के इस आत्मविश्वासपूर्ण और स्वायत्त दृष्टिकोण से शेष विश्व, विशेषकर अमेरिका और यूरोप स्तब्ध हैं। दशकों तक भारत की विदेश नीति बाह्य-वैचारिक प्रभाव से संचालित होती रही, जिसके कारण भारत को बार-बार उन देशों के सामने झुकना पड़ा, जो हमारे दूरगामी हितों के विपरीत खड़े थे। वर्षों तक भारत ने फलस्तीन और इस्लामी देशों का समर्थन किया, जबकि वे कश्मीर के मुद्दे पर मजहबी कारणों से पाकिस्तान का साथ देते रहे। जब पाकिस्तान या चीन से भारत का टकराव हुआ, तब भारतीय नेतृत्व अमेरिका-यूरोप से मध्यस्थता की याचना करता दिखा, जिसमें कई बार स्थिति गिड़गिड़ाने तक पहुंच गई थी। वर्ष 1971 के युद्ध में भारत ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त करते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। इस दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को पत्र लिखकर पाकिस्तानी आक्रमण रोकने हेतु संपर्क साधा था। 5 दिसंबर, 1971 को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था, 'इस संकट की घड़ी में भारत सरकार और भारत की जनता आपकी सहानुभूति की आकांक्षी है आपसे आग्रह है कि आप पाकिस्तान को अकारण आक्रामकता एवं सैन्य दुस्साहस की नीति से तत्काल विरत होने के लिए प्रेरित करें मैं महामहिम से विनम्र निवेदन करती हूं कि आप पाकिस्तान पर अपने निर्विवाद प्रभाव का उपयोग करें।' इंदिरा गांधी का यह रुख उनके पिता पं. नेहरू की परंपरा से ही प्रेरित था। 1962 में भारत को न केवल चीन से अपमानजनक पराजय झेलनी पड़ी, बल्कि हम हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि से भी हाथ धो बैठे।

*ट्रंप के टैरिफ प्रहार और लंबित व्यापार समझौते पर भारत ने जो निर्भीक रुख अपनाया है, वह राहुल के दावे को पूरी तरह झुठलाता है।*

# बहुभाषी, समावेशी शिक्षा अब व्यापक स्तर पर साकार

एनईपी के पांच वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल पर बल तक, इसकी अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदल दिया है। 2020 में भारत ने केवल एक नई नीति नहीं अपनाई, बल्कि एक प्राचीन आदर्श को फिर से जीवंत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) ने सीखने को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और इसे हमारी सभ्यतागत परंपराओं से जोड़ा। स्वर्गीय डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के नेतृत्व में तैयार की गई यह नीति इतिहास की सबसे व्यापक जन-सहभागिता वाली नीति-निर्माण प्रक्रिया में से एक थी। यह एक ऐसा दूरदर्शी रूपरेखा थी जो सांस्कृतिक मूल्यों में निहित था। यह एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना थी जो रटने की प्रवृत्ति, कठोर ढाँचों और भाषाई ऊँच-नीच से परे हो—समावेशी, सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार।




पाँच वर्षों में NEP का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण, रटने की पद्धति की जगह ले चुका है; बच्चे अपनी मातृभाषा में सहजता से पढ़ रहे हैं; छठी कक्षा के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रयोगशालाओं में हाथों-हाथ कौशल सीख रहे हैं। अनुसंधान संस्थानों में भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। NEP की सोच STEM क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्थानों की उपस्थिति में भी झलकती है। निपुण भारत मिशन ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को कक्षा 2 तक सुनिश्चित किया है। ASER 2024 और परख (PARAKH) राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 जैसी रिपोर्टों में यह प्रगति परिलक्षित होती है—आज की कक्षाएं जिज्ञासा और समझ का केंद्र बन चुकी हैं। विद्या प्रवेश और बालवाटिका जैसी पहलें अब प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को व्यवस्थित रूप से एकीकृत कर रही हैं। 22 भारतीय भाषाओं में जादुई पिटारा और ई-जादुई पिटारा, नई पीढ़ी की पाठ्यपुस्तकों के साथ, शिक्षा को रुचिकर बना रहे हैं। NISHTHA प्रशिक्षण के माध्यम से 14 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और DIKSHA जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षण सामग्री को देशभर में सुलभ बना रहे हैं। NEP ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किए गए हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार (National Digital Depository) for Indian Knowledge Systems जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बना रही हैं।

आज की बात



धर्मेंद्र प्रधान

National Curriculum Framework (NCF) और कक्षा 1 से 8 की नई किताबें अब जारी हो चुकी हैं। प्रेरणा (PRERNA) एक सेतु कार्यक्रम है जो छात्रों को नई पाठ्यचर्या में सहजता से ढालने के लिए मार्गदर्शन करता है, ताकि वे अभिभूत न हों, बल्कि हर चरण में सहयोग प्राप्त करें। समग्र शिक्षा (Samagra Shiksha) और पीएम पोषण (PM Poshan) जैसी योजनाओं ने लगभग सार्वभौमिक नामांकन को संभव बनाया है। NEP का प्रभाव वंचित समूहों तक भी पहुँचा है। 5,138 से अधिक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 7.12 लाख से अधिक वंचित समुदायों की बालिकाएं नामांकित हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 692 और PVTG छात्रों के लिए 490 से अधिक छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। प्रशस्त कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगता की पहचान कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी व सशक्त बनाया गया है।

NEP 2020 के परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ हैं 14,500 पीएम-श्री स्कूल (PM SHRI Schools), जो आधुनिक, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये विद्यालय NEP के विजन के अनुरूप आदर्श मॉडल स्कूल बन रहे हैं, जो बुनियादी ढाँचे और शिक्षण पद्धति दोनों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख से अधिक volunteers और 2,000 CSR पार्टनर्स से जोड़ा है, जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है। उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है—30.5% की बढ़ोत्तरी। इनमें लगभग 48% छात्राएं हैं। महिला PhD नामांकन 0.48 लाख से बढ़कर 1.12 लाख हो गया है। SC, ST, OBC और अल्पसंख्यक छात्रों का बढ़ता नामांकन उच्च शिक्षा में समावेशिता का ऐतिहासिक संकेत है। महिला GER लगातार छह वर्षों से पुरुषों से अधिक रहा है। मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, Academic Bank of Credits, और National Credit Framework जैसे नवाचारों ने शिक्षा को विकल्पों से भरपूर और छात्र-केंद्रित बनाया है। 21.12 करोड़ APAAR IDs उपलब्ध कराई गई हैं। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प उपलब्ध हैं—अब सीखना क्रमबद्ध नहीं, बल्कि मॉड्यूलर है। NEP के अनुसंधान और नवाचार पर ज़ोर ने भारत के Global Innovation Index को 81वें स्थान से 39वें तक पहुंचाया है। 400 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में 18,000 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए हैं। अनुसंधान NRF, PMRF 2.0, और 6,000 करोड़ की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शोध को विकेंद्रीकृत और सुलभ बना रही हैं।

Swayam और Swayam Plus जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। DIKSHA और PM e-Vidya के 200+ DTH चैनलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के हर कोने में उपलब्ध हो रही है। द्विवार्षिक प्रवेश, डुअल डिग्री जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को और अधिक समावेशी, बहुविषयक और उद्योगोन्मुखी बना रही हैं। QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के 54 संस्थान शामिल हुए हैं, जबकि 2014 में केवल 11 थे। Deakin, Wollongong, और Southampton जैसे वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में कैंपस स्थापित कर रहे हैं।

परिवर्तन की इस यात्रा का उत्सव अखिल भारतीय शिक्षा समागम के माध्यम से मनाया जा रहा है, लेकिन इसका मूल्यांकन शिक्षार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के शांत आत्मविश्वास में हो रहा है। हमें अपने परिसरों को हराभरा बनाना, महत्वपूर्ण अनुसंधान अवसंरचना का विस्तार करना और सीखने के परिणामों को और अधिक गहरा करना जारी रखना होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा केवल एक नीति नहीं, बल्कि सबसे बड़ा राष्ट्रीय निवेश बन चुकी है। जहाँ शिक्षा है, वहीं प्रगति है। एक अरब जागरूक और सशक्त नागरिक केवल जनसांख्यिकीय लाभांश नहीं हैं, बल्कि नए भारत का सुपरनोवा हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## एक कुशल डॉक्टर होने के साथ एक अच्छा इंसान होना बड़ी बात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने अगर यह कहा है तो इसका मतलब है कि राष्ट्रपति महोदया को ज्यादातर डॉक्टरो के व्यवहार के बारे में जानकारी है। उन्होंने सही कहा की मरीज डॉक्टर को देवता नहीं बल्कि साक्षात भगवान मानते हैं। वैसे तो हर इंसान में इंसानियत होनी ही चाहिए। यह विशेष कर डॉक्टर के लिए लागू इसलिए होता है, कारण डॉक्टर के पास मरी ज मजबूरी में शरीर और दिमाग में पीड़ा लेकर जाते हैं और ऐसा देखा गया है कि अगर डॉक्टर मरीज का इलाज अच्छे व्यवहार के साथ करता है तो डॉक्टर का अच्छा व्यवहार ही मरीज को बहुत हद तक ठीक कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को यह बात कहनी पड़ी इसलिए क्योंकि इस सेवा कार्य को भी बहुत से डॉक्टर ने सिर्फ कमाई का साधन बना लिया है। देखा गया है की कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जो अपने मरीजों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था तक नहीं करते। कई डॉक्टरों के यहां मरीज बाहर सड़क पर खड़े रहते हैं, बरसात और गर्मी में भी , कुछ डॉक्टर तो अपनी क्लिनिक को अपने आवास परिसर में ही रखते हैं तब तो उनको मालूम रहता है कि बाहर में कई मरीज धूप या बरसात में खड़े हैं लेकिन डॉक्टर इतना भी नहीं करता कि चैंबर पहले खुलवा दे जिससे मरीज धूप या बरसात से बच सके। अधिकांश डॉक्टर के यहां से जवाब मिलता है, नंबर आकर ही लगाना पड़ेगा, कुछ डॉक्टर के यहां से जवाब मिलता है कि पेशेंट को ही आकर नंबर लगाना पड़ेगा। अगर कोई मरीज बोलता है कि मेरा नंबर आप अपनी सुविधा अनुसार 2 दिन 3 दिन बाद का लगा लीजिए, तब भी डॉक्टर के यहां से जवाब मिलता है कि नहीं हमारे यहां यह सिस्टम नहीं है ।मरीज यहां तक बोलता है कि आपको ऑनलाइन पेमेंट कर देता हूं लेकिन तब भी नहीं। मरीज डॉक्टर के यहां पहुंचता है ,फीस जमा करके नंबर लगा देता है। मरी ज पूछता है कितने बजे तक मेरा नंबर आ जाएगा, तो बड़े रूखे ढंग से जवाब मिलता है डॉक्टर साहब 6 बजे तक देखते हैं, अगर आज देख पाए तो आज देख लेंगे नहीं तो कल आना पड़ेगा। कुछ डॉक्टर की मंशा यह रहती है कि उनके वेटिंग हॉल में ज्यादा से ज्यादा मरीज दिखें, जिससे उनकी लोकप्रियता बढ़े। ज्यादातर डॉक्टर के यहां वेटिंग हॉल में कोई खराब सा टेलीविजन लगा होता है और उस पर किसी भी तरह की मारधाड़ की फिल्म चलती रहती है। इसकी जगह अगर डॉक्टर स्वास्थ्य संबंधी कोई फिल्म लगा दे तो उससे मरीज को भी हो सकता है।

देश की बात



संतोष अग्रवाल

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# बिक रहे हैं, मूल्य और स्वप्न

इन दिनों हम अंधेरे दुःस्वप्न सरीखे त्रासद समय में हैं, धर्मान्ध ताकतों के लिए शाइनिंग इंडिया, शॉपिंग मॉल, मेगा ट्रेड फेयर की चहल-पहल है, हॉलीवुड-बॉलीवुड की अश्लीलताएं हैं, तांत्रिकों की बलि पूजा है, दूसरी ओर किसानों की आत्महत्याएं हैं। वैश्विकता, बाजारवाद, उत्तर पूंजीवाद, अंध साम्राज्यवाद, अंध राष्ट्रवाद पर संगोष्ठी-सेमिनार चल रहे हैं। इस त्रासद समय में कविता-कथा में नयी उम्मीद जगाने वाला नवलेखन है। स्थापित लेखकों को भ्रम है कि युवा लेखकों का बचपन छीन लिया गया है और वे असमय परिपक्वता के शिकार हैं। युवा लेखक अपनी हताशा को भी देख रहे हैं और अंधेरे समय को भी। उन्हें पता है, क्रांति यकायक नहीं आएगी। जहां आज के साहित्य में प्रयोग की निजता पर बल है, वहीं सामाजिक सरोकार भी बेचैन करने वाला है।

आपकी बात



राकेश दुबे

सर्वग्रासी राजनीति के चलते पक्षधरता या प्रतिबद्धता गायब है। सब कुछ ग्लोबल है और जहां सुपर पावर अमरीका का आतंक है, गरीबी का ग्राफ ऊपर है। उत्तर आधुनिकता के विमर्शकार मान रहे हैं कि इतिहास का अंत हो गया है, विचारधारा का अंत हो गया है। सब कुछ ब्रांड है, बिक रहा है, मूल्य और स्वप्न। उत्तर आधुनिकता दुहरी यंत्रणा है। न हम ठीक से आधुनिक हो पा रहे हैं, न ग्लोबल। साम्राज्यवाद की दासता से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। उत्तर पूंजीवाद के घपले हमें भटकते हुए सन्नाटे में ले जा रहे हैं। साहित्य में विचार और दर्शन की भूमिका को नगण्य मानने वाले विद्वान आज भी बहुतायत हैं। साहित्यिक बिरादरी का यह वर्ग साहित्यिक अभिव्यक्ति में विचार और दर्शन की उपस्थिति को न केवल अनावश्यक मानता है, बल्कि विचार व दर्शन की चाशनी को देखने मात्र से इनकी भौंहें तिरछी होने लगती हैं।

विचारधारा का अंत, इतिहास का अंत जैसी अवधारणाओं को गढ़ कर वे साहित्य को जीवन से परे भाववाद की भूलभुलैया में ले जाते हैं। यहां यह कहना भी प्रासंगिक होगा कि आधुनिक काल में जब-जब हमारे साहित्य को जीवन के यथार्थ से, जनता की मुक्ति और उसके सांस्कृतिक उत्थान के संघर्ष से विमुख करने के प्रयत्न हुए हैं, तब-तब निशाना प्रेमचंद को बनाया गया है। जबकि प्रेमचंद की महानता का स्रोत यह है कि अपने उन सैद्धान्तिक रुझानों और वैचारिक पूर्वाग्रहों से जो उन्हें अपने युगीन समाज से विरासत में मिले थे, वे निरंतर जूझते रहे। फलस्वरूप उनकी संवेदना भारतीय समाज के मूल अंतर्विरोधों को सामने लाने में सफल हुई। प्रेमचंद भारत के किसान को सुखी देखना चाहते थे। भारत का वह किसान वस्तुस्थिति से निराश और हताश आज आत्महत्या करने को विवश है। प्रेमचंद स्त्री की मुक्ति चाहते थे। स्त्री-समाज आज भी असुरक्षित अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। वे बलात्कारियों की हवस का शिकार हो रही हैं, मुक्ति की बात तो कोसों दूर, महानगरों, नगरों, कस्बों, गांवों और दूरदराज के अंचलों में घरों की सीलन भरी कोठरियों में गीली लकड़ी की तरह सुलग और घुट रही हैं। पुरुष वर्चस्व का शिकंजा उनकी गर्दनों पर पहले जैसा ही कसा हुआ है।

दलित समाज आजादी के इतने वर्षों के बाद आज भी दमन और उत्पीडऩ का शिकार है, सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। आज सांप्रदायिक धर्मोन्माद इतने चरम रूप में है कि पूजा-उपासना के ध्वंस की बात अलग, सांप्रदायिक जुनून के चलते निरंतर हत्याएं हो रही हैं। गोरक्षा के नाम पर होने वाली हत्याओं को भी इसी प्रसंग में देखा जाना चाहिए। आज तो पहले का पूंजीवाद सांस्थानिक पूंजीवाद में रूपांतरित होकर, कमजोर, पिछड़े हुए और विकासशील देशों को अपने कर्ज के लपेटे में लेकर, उन्हें अपने बाजार के रूप में बदलता हुआ, आश्वस्त और निश्चिंत, उनका आर्थिक दोहन कर रहा है। यह हमारा समय है, यहां पाने और न पाने के बीच द्वंद्व सबसे अधिक मुखर है। लोग या तो बाजार की चकाचैंध को अचकचाए खड़े निहार रहे हैं या फिर भौतिक संसाधनों से भरे अपने घर में कैद होकर निरंतर अकेले और असहाय होते जा रहे हैं। हम भारतीय अपनी सामाजिकता के लिए जितने अधिक जाने जाते हैं, उस पर इतना घनघोर किस्म का संकट इसके पूर्व कभी नहीं आया। लेखक का दायित्व सबसे गुरुत्तर हो जाता है। जब एक लेखक को इन भौतिक संसाधनों के मकडज़ाल से बचकर गलियों और सडक़ों की धूल छाननी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

कभी तने की शाख थे, हम बेहद मजबूत।
झुकी डाल पर झूलने लगे समय के 'ऊत'।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# 'श्रावण.....श्रवण.....शिव'

सरलता के सुगंध की वर्षा करने वाले शिव का प्रिय माह समापन की ओर अग्रसर है। भूत-भावन भोलेनाथ को राम नाम अत्यंत प्रिय है। वे माता पार्वती को भी राम नाम की कथा श्रवण के लिए प्रेरित करते है और माँ भी आतुर होकर जगतपति श्री राम की कथा श्रद्धा पूर्वक श्रवण करती है। राम कथा की अमृत वर्षा में महेश और भवानी सदैव सराबोर होते है। भगवान होने के पश्चात् भी वे राम भक्ति में ही आनंद की अनुभूति करते है। शिव सदैव सरलता और त्याग से सुशोभित होते है और माँ भगवती जगदम्बा शिव के इसी स्वरुप का सदैव वरण करना चाहती है।

श्रावण माह तो प्रभु की भक्ति के श्रवण का भी माह है, फिर भले ही वह राम कथा हो या शिवमहापुराण। रूद्र अवतार हनुमान भी तो राम कथा प्रेमी है। इसलिए जब भगवान राम ने अपनी लीला समाप्त की और हनुमान से चलने का आग्रह किया तो उन्होंने चलने से मना कर दिया, क्योंकि भगवान की कथा रूपी अमृत वर्षा तो केवल धरती पर ही होती है और वे सदैव इसी राम कथा के रसास्वादन में लीन रहते है। श्रावण माह हमें श्रवण अर्थात सुनने की ओर भी प्रेरित करता है। भगवान की कथा सुनने के पश्चात् हमें भक्ति करने में आनंद का अनुभव होता है और यह कथा श्रवण हमारी भक्ति को और भी दृढ़ता प्रदान करती है। कथाएँ हमें भगवान के स्वरुप को समझने में सहायक होती है और जीवन के संशय को समाप्त करती है। जीवन में श्रवण का महत्त्व सर्वाधिक है। राजा परीक्षित को कथा के द्वारा ही उद्धार प्राप्त हुआ था। हरि और हर की कथा श्रवण तो जीवन की उन्नति और उद्धार का मार्ग प्रशस्त करती है। जलधारा से प्रसन्न होने वाले शिव जल के अभाव में भी मात्र शिव मानस पूजा से प्रसन्न हो जाते है, अर्थात हम मन से भी विभिन्न शिव प्रिय द्रव्यावली अर्पित कर शिव कृपा प्राप्त कर सकते है। भगवत कथा श्रवण से हमारी मन की आँखें खुलती है। हम हृदय से कहाँ है यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी अपने हृदय में भगवान के स्वरुप को विराजमान कर सकते है। कथा हमें हमारे हृदय में ईश्वर के प्रति प्रेम और अनुराग को पल्लवित और पुष्पित करती है। शिव अजन्मे है, इसलिए उनकी लिङ्ग रूपों में सर्वत्र पूजा होती है। यह उनका निराकार स्वरुप है। लिङ्ग पूजा का विधान आकाश, पाताल एवं पृथ्वी लोक सभी जगह है। स्वयं श्री हरि नारायण, माता लक्ष्मी, ब्रह्मदेव, देवता-दानव, यक्ष, गन्धर्व इत्यादि अपने-अपने मनोरथ के अनुरूप विभिन्न प्रकार के शिवलिंग का पूजन एवं अर्चन करते है। शिव अपना साकार स्वरुप भक्त को दर्शन देते वक्त प्रत्यक्ष करते है। सत्यम शिवम् सुंदरम रूप ही शिव का सर्वश्रेष्ठ स्वरुप है। शिव के जीवन और शिव की वेशभूषा में भी गहराई निहित है। शिव की ध्यान मुद्रा अंतर्मुखी होने को प्राथमिकता देती है, अर्थात हमें सर्वप्रथम अपने भीतर की उथल-पुथल को शांत करना है। भीतर की एकाग्रता हमें बाहर के परिवेश से प्रभावित नहीं होने देगी और तभी हम शिव के आनंद स्वरुप को प्राप्त कर सकते है।

शिव की वेशभूषा में सर्पो से श्रृंगार है। शिव के कुंडल भी विष के है। दुनिया हमें जहर रूपी विष प्रदान करेगी परन्तु हमें कथा के श्रवण से उस विष के प्रभाव को नष्ट कर देना है और जीवन में कुछ अच्छा ग्रहण एवं आत्मसात करना है। शिव के कंठ में विष और हृदय में राम है। इसलिए उन्होंने विष को कंठ में ही रोक दिया और नीलकंठ भगवान शिव ने अपने हृदय को अपने आराध्य श्री राम के लिए निर्मल एवं पवित्र रखा, इसीलिए सारी विषमताओं के बावजूद भी वे सदैव ध्यान में एकाग्र रहते है। शिव ने जटाधारी स्वरुप धारण किया है, वे अन्य देवताओं की तरह स्वर्ण एवं हीरे जड़ित मुकुट एवं आभूषण धारण नहीं करते है, क्योंकि यह सब माया का स्वरुप है और शिव योगी है। शिव ने अपनी जटाओं को बाँधकर यह सन्देश दिया है कि हमें जीवन के जंजालो एवं झंझटों को बांधना होगा। उनको कभी सबके सामने प्रदर्शित न करें। उनको समेटने की कोशिश करें, क्योंकि यह जीवन का एक हिस्सा है। शिव के शीश से गंगा प्रवाहित होती है, इसका अर्थ है हमें भक्ति को जीवन में सर्वोच्च स्थान प्रदान करना चाहिए क्योंकि गंगा भक्ति का स्वरुप है। शिव के मस्तक पर चन्द्रमा सुशोभित है और यह चन्द्रमा शीतलता प्रदान करता है इसका तात्पर्य है हमें भी मस्तक पर शीतलता को धारण करना होगा अर्थात शांत चित्त रहना होगा तभी हम अपने जीवन को एक निश्चित ध्येय प्रदान कर सकते है। शिव परिवार की सबसे अनूठी विशेषता यह भी है की शिव परिवार का सदस्य पूजित है। माँ पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नंदी, रिद्धि सिद्धि, शुभ, लाभ यह सभी पूजित है। शिव परिवार में सांसारिक सुविधाओं की कमी है फिर भी आनंद और स्नेह की अविरल धारा कैलाश में प्रवाहित होती रहती है। यह शिव साक्षात् कल्याण का स्वरुप है, तो क्यों न श्रावण के अंतिम दिनों में शिव और शिव के आराध्य श्री राम की कथा श्रवण कर हम इस मनुष्ययोनि के उद्धार का मार्ग प्रशस्त करें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



डॉ. रीना रवि मालपानी
लेखिका

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# आज होगा बाबा विश्वनाथ का भव्य रुद्राक्ष श्रृंगार

**एजेंसी। वाराणसी**

श्रावण मास के चतुर्थ और अंतिम सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ का भव्य रुद्राक्ष श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के इस अलौकिक स्वरूप का दिव्य दर्शन कर सकेंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन माह के हर सोमवार को देवाधिदेव महादेव के अलग-अलग स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया जाता है। श्रावण माह का चौथा सोमवार 4 अगस्त को है। बाबा हर सोमवार को अपने अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। योगी सरकार श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा और सुगम दर्शन का पूरा ध्यान रख रही है। वहीं योगी सरकार ने गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने श्रावण मास में भक्तों और कावड़ियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किया है। श्रावण मास में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पिछले तीन सोमवार को बाबा विश्वनाथ का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार हो चुका है। पहले सोमवार को चल प्रतिमा स्वरूप, दूसरे सोमवार को गौरी शंकर (शंकर पार्वती ) स्वरूप, तीसरे सोमवार को अर्धनारीश्वर स्वरूप का श्रृंगार हो चुका है। श्रावण के पूर्णिमा 9 अगस्त को बाबा का पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार होगा। सड़क से लगायत बाबा दरबार तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के जबरदस्त इंतज़ाम है। कांवड़ मार्ग पर पेट्रोलिंग हो रही है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है। महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा के लिए महिला पुलिस तैनात है। सुरक्षा के मद्देनज़र ड्रोन से निगरानी की जा रही है। महादेव के आंगन में भक्तों के लिए चिकित्सा केंद्र, खोया पाया केंद्र, गुड़, पानी, ओआरएस की सुविधा एवं व्यवस्था है। मैदागिन और गोदौलिया से मंदिर तक नो व्हीकल जोन है। यहां से वृद्धों और दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क गोल्फ कार्ट की सुविधा है । कांवड़ मार्ग पर सुचारू रूप से शिविरों का संचालन हो रहा है।

- **विशेष श्रृंगार :** बाबा विश्वनाथ का रुद्राक्ष श्रृंगार होगा। यह श्रृंगार सायंकालीन आरती में किया जाएगा।
- **दर्शन का महत्व :** श्रावण सोमवार को दर्शन से विशेष पुण्य प्राप्त होता है।

### श्रद्धालुओं की आस्था और प्रशासन की तैयारी

श्रावण औघड़दानी का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। श्रावण मास के सोमवार को बाबा के दर्शन का विशेष फल व पुण्य मिलता है। बीते तीनों सोमवार को देवाधिदेव महादेव बाबा विश्वनाथ के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन पाकर भक्तों को दिव्य अनुभूति हुई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि शिव भक्त सावन के चौथे सोमवार को बाबा का विशेष स्वरूप में दर्शन पाएंगे। चौथे सोमवार को देवाधिदेव महादेव का सायंकालीन रुद्राक्ष श्रृंगार आरती किया जाएगा। महादेव में अटूट आस्था की कतार रात से ही सड़कों पर दिखने लगी। श्रावण मास में हर सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष श्रृंगार और पूजन की परंपरा रही है, जो भक्तों के लिए अत्यंत पुण्य फलदायी और दुर्लभ अवसर होता है।

## देवरिया में तंत्र-मंत्र के चक्कर में नौ वर्षीय बालक की बलि, चार आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। देवरिया**



उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भलुअनी क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के चक्कर में नौ वर्षीय एक बालक की बलि देने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौ वर्षीय बच्चे की बलि देने के मामले में पुलिस ने जय प्रकाश गौड़, इन्द्रजीत गौड़ उर्फ अतुल, भीम गौड़ और रमा शंकर उर्फ शंकर गौड़ को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रांत वीर ने बताया कि 17 अप्रैल 2025 को क्षेत्र के ग्राम पटखौली निवासी सोमनाथ गौड़ ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसका भतीजा आरुष (नौ) 16 अप्रैल की शाम से लापता है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बालक की खोजबीन शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि बालक की खोजबीन के लिए पुलिस की टीमों का भी गठन किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा बच्चे की खोजबीन के क्रम में शुक्रवार को एक व्यक्ति जयप्रकाश गौड़ को मुखबिर की सूचना पर उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया और उसने बच्चे की बलि देने की कहानी बताई। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में पुलिस पूछताछ में इन्द्रजीत कुमार गौड़ उर्फ अतुल कुमार और उसके मौसी के बेटे भीम गौड़ को मिसकारी गांव के पास से गिरफ्तार किया गया।

**कोरेगांव भीमा हिंसा**

## जांच आयोग की रिपोर्ट सौंपने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय दिया गया

**एजेंसी। महाराष्ट्र**



महाराष्ट्र सरकार ने पुणे जिले के कोरेगांव भीमा गांव में एक जनवरी 2018 को हुई हिंसा की तफ्तीश कर रहे जांच आयोग को तीन महीने का नया विस्तार दिया है। अधिकारियों ने बताया कि कोरेगांव भीमा जांच आयोग को पहले 31 जुलाई तक का विस्तार दिया गया था। अब आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए 31 अक्टूबर तक का विस्तार दिया गया है।पुणे में एल्गार परिषद सम्मेलन के एक दिन बाद एक जनवरी, 2018 को पुणे जिले के कोरेगांव भीमा युद्ध स्मारक के पास हिंसा भड़क उठी थी। दलित बड़ी संख्या में इस स्मारक पर आते हैं क्योंकि यह 1818 में पुणे के ब्राह्मण पेशवा शासकों की सेना पर ब्रिटिश सेना की विजय का स्मरण कराता है।ब्रिटिश सेना में दलित सैनिक भी शामिल थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश जे एन पटेल और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव सुमित मलिक का दो सदस्यीय आयोग उन परिस्थितियों की जांच कर रहा जिनकी वजह से हिंसा हुई थी।

**महाराष्ट्र में सनातन पर घमासान**

# जितेंद्र आव्हाड ने छेड़ा संग्राम, भाजपा शिवसेना ने जताई कड़ी आपत्ति

**एजेंसी। महाराष्ट्र। एनसीपी (शरद गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने शनिवार को सनातन धर्म पर एक बयान देकर नया विवाद खडा कर दिया है। आव्हाड ने कहा, 'सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया है।' उन्होंने दावा किया कि 'सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं, हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं।'**

### आव्हाड ने क्या विवादित बयान दिया?



चार बार विधायक रहे आव्हाड ने अपने बयान में कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक रोकने और छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम करने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इसी के अनुयायियों ने समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की हत्या करने की कोशिश की थी। आव्हाड ने कहा, 'इन्होंने ही सावित्रीबाई फुले पर गोबर और गंदगी फेंकी। इसी सनातन धर्म ने शाहू महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डॉ. बी.आर. आंबेडकर को पानी पीने या स्कूल जाने की इजाजत नहीं दी।' उन्होंने आगे कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भी सनातन धर्म का विरोध किया, मनुस्मृति को जलाया और उसकी परंपराओं को नकार दिया था। आव्हाड ने लोगों से सनातन धर्म और उसकी विचारधारा को 'विकृत' कहने में संकोच न करने की अपील की।

### आव्हाड के बयान पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं



आव्हाड के इस बयान पर बीजेपी और शिवसेना ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना नेता शाइना एनसी ने आव्हाड के बयान को सनातन धर्म के खिलाफ एक 'ट्रेंड' बताया। उन्होंने कहा, 'जितेंद्र आव्हाड कौन हैं, जो छत्रपति शिवाजी महाराज से लेकर शंभाजी महाराज और ज्योतिबा फुले तक, सभी का विरोध कर रहे हैं?' उन्होंने आव्हाड से सवाल किया कि क्या वे जानते हैं कि सनातन धर्म क्या है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आव्हाड के बयान की निंदा करते हुए कहा कि, 'हम सहिष्णु हैं, इसलिए प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि अगर ऐसा बयान इस्लाम या मुसलमानों के खिलाफ दिया गया होता तो इसकी प्रतिक्रिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं, बल्कि किसी और तरीके से मिलती। उन्होंने शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले से भी पूछा कि क्या यह आव्हाड का निजी बयान है या उनकी पार्टी का आधिकारिक रुख है। पात्रा ने कहा कि दुनिया में कहीं और ऐसा नहीं होता कि बहुसंख्यक आबादी पर आरोप लगाए जाएं और फिर उन्हें असहिष्णु कहा जाए।

## सीबीएसई के क्षेत्रीय निदेशक चेन्नई स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए

**चेन्नई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक यहां अन्ना नगर स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान महेश डी धर्माधिकारी (57) के रूप में हुई है और वह शुक्रवार को अपने घर में अचेत मिले थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि धर्माधिकारी अकेले रह रहे थे। पुलिस ने कहा, डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि उनकी मृत्यु हृदयाघात के कारण हुई। धर्माधिकारी के पुणे स्थित परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि चेन्नई पहुंचने पर उनका पार्थिव शरीर उन्हें सौंप दिया जाएगा।

## पत्नी से बात करने पर एक व्यक्ति की उसकी सहजीवन साथी ने हत्या कर दी

**हरियाणा।** हरियाणा में गुरुग्राम के डीएलएफ फेज 3 इलाके में शनिवार तड़के 40 वर्षीय कबाड़ कारोबारी की उसकी सहजीवन साथी ने कथित रूप से चाकू से हमला करके हत्या कर दी। घटना से पहले दोनों के बीच व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी से बातचीत करने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने यह जानकारी दी। गुरुग्राम के बलियावास गांव निवासी हरीश शर्मा, 27 वर्षीय आरोपी यशमीत कौर के साथ एक साल से ज़्यादा समय से सहजीवन (लीव-इन) संबंध में रह रहे थे। वे एक किराए के फ्लैट में रहते थे। शर्मा शादीशुदा था और उसकी दो बेटियां थीं जो उसकी पत्नी के साथ गांव में रहती थीं। पुलिस ने बताया कि उसकी पत्नी कुछ समय से बीमार थी और शर्मा अक्सर उससे बात करता था, जिससे कौर नाराज़ रहती थी।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच शुरू

**एजेंसी। नागपुर**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। नागपुर पुलिस के 112 नंबर पर धमकी भरा कॉल आया, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली।नितिन गडकरी के वर्धा रोड स्थित आवास एनरिको हाइट्स को रविवार सुबह 8:46 बजे बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी नागपुर पुलिस के कंट्रोल रूम के आपातकालीन नंबर 112 पर एक अज्ञात व्यक्ति के कॉल के माध्यम से प्राप्त हुई। घर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। प्रताप नगर पुलिस थाने को इसके बारे में सूचित किया गया, और पुलिस ने गडकरी के आवास पर पहुंचकर तलाशी ली। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। जोन-1 के डीसीपी ऋषिकेश रेड्डी के अनुसार, पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। साथ ही, पुलिस अज्ञात कॉलर का पता लगा रही है।बता दें कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस समय नागपुर में ही मौजूद हैं। इसके मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। साथ ही इस घटना की गहनता के साथ जांच जारी है। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले भी कई वीवीआईपी हस्तियों और जगहों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।इससे पहले, 13 जुलाई को केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।आरोपी ने चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। आरोपी की पहचान बिहार के बेगूसराय जिले के भीड़हा गांव के रहने वाले मोहम्मद मेराज (21) के रूप में हुई है। इसके अलावा, 26 जुलाई को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) स्टेशन पर बम रखे होने की सूचना मिली थी।

## गलती से सीमा पार करके पाकिस्तान पहुंचे पंजाब के व्यक्ति को एक माह की कैद

**पंजाब।** गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंचे पंजाब के फिरोजपुर जिले के 23 वर्षीय किसान अमृतपाल सिंह को पड़ोसी देश की एक अदालत ने एक माह कैद की सजा सुनाई है। किसान के पिता जुगराज सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।जुगराज सिंह ने केंद्र और पंजाब सरकार से उनके बेटे को भारत वापस लाने के लिए न्यायोचित कदम उठाने का आग्रह किया। फिरोजपुर जिले के गांव 'खैरे के उत्तर' के निवासी अमृतपाल सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की निगरानी में सीमा चौकी (बीओपी) राणा के पास कंटीली बाड़ के पार स्थित अपने खेत में गए थे और इसके बाद 21 जून को भारत-पाकिस्तान सीमा पर लापता हो गए।

## पूर्व पीएम का पोता जेल में रोता रहा

**एजेंसी। बेंगलुरु**



बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में निलंबित जेडी(एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना को कैदी संख्या 15528 दी गई है। यह जानकारी जेल अधिकारियों ने रविवार को दी। बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सज़ा सुनाए जाने के बाद, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौडा के पोते रेवन्ना ने जेल में अपनी पहली रात बिताई। जेल अधिकारियों के अनुसार, अदालत के फैसले के बाद प्रज्वल रेवन्ना काफी परेशान और रोते हुए नज़र आए। जेल के डॉक्टरों ने देर रात उनके स्वास्थ्य की जांच की, जिसके दौरान वह रोने लगे और उन्होंने अपनी पीडा ज़ाहिर की। डॉक्टरों ने उनकी हालत को स्थिर बताया। रेवन्ना को एक उच्च-सुरक्षा वाली कोठरी में रखा गया है और उन्हें कड़ी सुरक्षा दी जा रही है। उन्हें जेल के नियमों के अनुसार कैदियों की वर्दी पहननी होगी। शनिवार को एक विशेष अदालत ने प्रज्वल रेवन्ना को बलात्कार और यौन शोषण के एक मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई, जिसका अर्थ है कि उन्हें शेष प्राकृतिक जीवन तक जेल में रहना होगा। इसके साथ ही, उन पर कुल 11.5 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि में से 11.25 लाख पीड़िता को दिए जाएंगे, जो रेवन्ना के परिवार की घरेलू सहायिका

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## क्यों काटे वोटर लिस्ट से नाम, स्पष्ट करे चुनाव आयोग : तेजस्वी यादव

**एजेंसी। पटना**



बिहार में चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए मतदाता सूची के मसौदे (ड्राफ्ट) पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं। तेजस्वी ने कहा कि जिन लोगों का निधन हो चुका है या फिर जो दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में चले गए हैं, चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि उनके नाम क्यों हटाए गए।राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "कल हमने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे थे। चुनाव आयोग ने उन लोगों के नाम क्यों छिपाए हैं जिनके बूथवार ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर दर्ज हैं या जिनका निधन हो चुका है, जो स्थानांतरित हो गए हैं, या जो दूसरे विधानसभा क्षेत्र में चले गए हैं? उनके बारे में जानकारी क्यों छुपाई गई है? चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन नामों को क्यों हटाया गया।"तेजस्वी ने मतदाता सूची संशोधन और निवास प्रमाण पत्र की प्रक्रिया की गंभीरता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "जब बिहार में 'डॉग बाबू' और 'मोनालिसा' के नाम पर निवास प्रमाण पत्र बनाए गए, तो यह दिखाता है कि यह पुनरीक्षण कितना 'गहन' था। कई आईएएस

## तेजस्वी यादव दो एपिक नंबर का रहस्य बताएं : संबित पात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष, खासकर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जुबानी हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल लगातार झूठे और भ्रामक तरीके से देश की संवैधानिक संस्थाओं की साख पर हमला कर रहे हैं, जो सीधे-सीधे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। संबित पात्रा ने तेजस्वी यादव के हालिया बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि बीते दिन तेजस्वी यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि बिहार की वोटर लिस्ट से उनका नाम काट दिया गया है। उन्होंने अपना एपिक (ईपीआईसी) नंबर आरएबी2916120 बताया और एक मोबाइल ऐप के जरिए यह दिखाने की कोशिश की कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। लेकिन, इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग और पटना के डीएम ने सच्चाई सार्वजनिक कर दी। तेजस्वी यादव का नाम दीघा विधानसभा क्षेत्र में सूचीबद्ध है और उनका असली एपिक नंबर आरएबी0456228 है। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाते हुए।

## श्रीनगर एयरपोर्ट पर 9 किलो अतिरिक्त सामान को लेकर बवाल

**एजेंसी। श्रीनगर**



श्रीनगर हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक सैन्य अधिकारी पर स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस हमले में कर्मचारियों को रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर और अन्य गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना अतिरिक्त सामान को लेकर हुए विवाद के बाद हुई।

**क्या है पूरा मामला ? :** यह घटना 26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उडान SG-386 के बोर्डिंग गेट पर हुई। विवाद की वजह जो सामने आई है, वो यह कि सैन्य अधिकारी दो हैंड बैगेज ले जा रहे थे, जिनका कुल वजन 16 किलो था, जबकि नियम के अनुसार केवल 7 किलो की अनुमति है। जब एयरलाइन कर्मचारियों ने उन्हें अतिरिक्त सामान के बारे में बताया और शुल्क भरने को कहा, तो वे भडक गए। अधिकारी ने न सिर्फ शुल्क देने से इनकार किया, बल्कि कर्मचारियों पर बार-बार घूंसे और लातें बरसाईं। एक कर्मचारी को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया, लेकिन अधिकारी उसे लगातार मारता रहा। एक अन्य कर्मचारी को भी जबडे पर लात लगी, जिससे उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा।

## साइबर ठगी का शिकार होने के बाद डीयू के छात्र ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 19 वर्षीय छात्र ने मोबाइल फोन खरीदने की कोशिश करते समय ऑनलाइन धोखाधड़ी में 94,000 रुपये गंवाने के बाद यहां रोहिणी इलाके में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। महेश राणा 14 जुलाई को उत्तरी दिल्ली स्थित अपने घर से लापता हो गया था। उसका शव 16 जुलाई को बेगमपुर जल शोधन संयंत्र के पास मिला। पुलिस के मुताबिक, राणा ने अपनी मां को संदेश भेजकर बताया था कि उसके साथ साइबर धोखाधड़ी हुई है और वह घर छोड़कर जा रहा है। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। राणा डीयू के 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' में बी.कॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष का छात्र था।

## अमरनाथ गुफा मंदिर में इस साल 4.14 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**एजेंसी। श्रीनगर**




वार्षिक अमरनाथ यात्रा के अंतिम दिन 6,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित पवित्र गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन किए, जिससे कुल यात्रियों की संख्या 4.14 लाख हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पिछले वर्ष 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने इस गुफा मंदिर में दर्शन किए थे।अमरनाथ यात्रा का समापन आम तौर पर रक्षा बंधन के दिन होता है। इस साल यह यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होने वाला था। अधिकारियों ने भारी बारिश के मद्देनजर महत्वपूर्ण मरम्मत और रखरखाव कार्यों का हवाला देते हुए यात्रा को एक सप्ताह छोटा करने का निर्णय किया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कुल 6,497 तीर्थयात्रियों ने 3,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने बताया कि यात्रियों में 4,586 पुरुष, 1,299 महिलाएं, 62 बच्चे, 51 साधु, पांच साध्वी और 494 सुरक्षा बल के जवान शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि तीन जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 4,14,311 यात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। हाल ही में हुई भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए मार्गों के रखरखाव की आवश्यकता के कारण, अधिकारियों ने इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा उसके निर्धारित समापन से ठीक एक सप्ताह पहले शनिवार को स्थगित कर दी।

## 'कटहल' को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना मप्र के लिए गौरव का क्षण: मुख्यमंत्री

**एजेंसी। मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने फिल्म 'कटहल' को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शनिवार को फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सतना जिले के अशोक मिश्रा द्वारा लिखित एवं उनके पुत्र यशोवर्धन मिश्रा द्वारा निर्देशित फिल्म 'कटहल' को 2023 की सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलना सभी प्रदेशवासियों के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है।''मुख्यमंत्री ने कामना की कि अशोक और यशोवर्धन मिश्रा अपनी लेखनी एवं निर्देशन से समाज जागरण के नित-नए प्रयास करते रहें। शुक्रवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। '12वीं फेल' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि हिन्दी फिल्म श्रेणी में 'कटहल' ने बाजी मारी। यादव ने कहा, ''सफलता शार्टकट से नहीं मिलती। सफलता पाने के लिए मेहनत और संघर्ष करके तपना पड़ता है। तभी इंसान का असली व्यक्तित्व सामने आता है।'' यादव ने मुरैना जिले के निवासी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के संघर्ष से सफलता हासिल करने के कथानक पर आधारित फिल्म '12वीं फेल' को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार का सम्मान मिलने पर बधाई दी।



# बारिश के चलते मैच रुका जीत से 35 रन दूर इंग्लैंड

## भारत को चाहिए चार विकेट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का आखिरी टेस्ट मैच लंदन के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर जारी है. इस मुकाबले का आज (3 अगस्त) चौथा दिन है. इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में बैटिंग कर रही है. इंग्लैंड का स्कोर 339 रन है और उसके 6 विकेट गिरे हैं. जेमी ओवर्टन और जेमी स्मिथ नाबाद बैटर हैं. इंग्लैंड जीत से 35 रन दूर है. भारत को चार विकेट चाहिए. फिलहाल बारिश के चलते खेल रुका हुआ है। मुकाबले में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रनों का टारगेट दिया है. भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 और इंग्लैंड ने अपनी पहली इनिंग्स में 247 रन बनए. इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 23 रन की मामूली बढ़त मिली. फिर भारतीय टीम की दूसरी पारी 396 रन पर सिमटी। यह मुकाबला शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है. भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को तभी बराबर कर पाएगी, जब वो इस मुकाबले में जीत दर्ज करेगी. अगर ओवल टेस्ट ड्रॉ पर छूटा या इंग्लैंड ने जीत हासिल की तो भारतीय रनचेज के दौरान दूसरी पारी में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी रही. जैक क्राउली और बेन डकेट ने मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रनों की पार्टनरशिप की. इस पार्टनरशिप को तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तोड़ा, जिन्होंने तीसरे दिन के खेल में आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया। खेल के चौथे दिन बेन डकेट और ओली पोप ने संभली शुरुआत की और दूसरे विकेट के लिए 32 रन जोड़े. डकेट फिफ्टी जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर केएल राहुल के हाथों लपके गए. डकेट ने 83 गेंद पर 54 रन बनाए, जिसमें 6 चौके शामिल रहे. बकेट के बाद इंग्लैंड ने ओली पोप का विकेट सस्ते में गंवा दिया, जो मोहम्मद सिराज की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए. पोप के आउट होने के समय स्कोर 106/3 था। यहां से जो रूट और हैरी ब्रूक ने शतकीय पार्टनरशिप करके इंग्लैंड को मुकाबले में लौटाया. ब्रूक ने तूफानी बैटिंग करते हुए 6 चौके और दो छक्के की मदद से महज 39 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. वहीं जो रूट ने भी अपने अंदाज में बैटिंग की और 6 चौके की मदद से 81 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। देखा जाए तो हैरी ब्रूक और जो रूट ने चौथे दिन के खेल के दूसरे सेशन में भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए. दोनों ने आसानी से रन बटोरे. ब्रूक ने 91 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया, जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल रहे. ब्रूक 111 रन (98 गेंद, 14 चौके और 2 छक्के) बनाकर आकाश दीप की गेंद पर आउट हुए. ब्रूक और रूट के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद जो रूट और जैकब बेथेल ने इनिंग्स को आगे बढ़ाया. रूट तीसरे सेशनल की शुरुआत में अपना शतक जडा. रूट ने 12 चौकों की मदद से 137 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. रूट के टेस्ट करियर का ये 39वां शतक रहा।

# कैनेडियन ओपनः एलेक्सी पोपिरिन ने होल्गर रूने को शिकस्त दी



**टोरंटो।** गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने नेशनल बैंक ओपन में होल्गर रूने को हराकर पूर्व टॉप-5 खिलाड़ी पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रविवार को टोरंटो में खेले गए इस मुकाबले में पोपिरिन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त रूने को 4-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। पहले सेट में पोपिरिन 11 में से एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं भुना सके, लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने दोनों ब्रेक प्वाइंट्स को भुनाया और तीसरे सेट की शुरुआत में ही पहला ब्रेक हासिल किया। उन्होंने 14 ऐस और 13 फोरहैंड विनर्स की मदद से शानदार अंदाज में मुकाबला अपने नाम किया। पोपिरिन ने कहा, "मैं इस हफ्ते बहुत ज्यादा आत्मविश्वास के साथ नहीं आया था। मानसिक तौर पर खुद को संभालने की जरूरत थी, लेकिन इस हफ्ते मैंने हर तरह के दबाव को खुद से दूर कर दिया।" उन्होंने आगे कहा, "पहला सेट हारने के बाद मैं काफी नाखुश था, क्योंकि मैं एक भी ब्रेक नहीं ले सका। लेकिन जब अगली बार वापसी के लिए कोर्ट पर उतरा, तो मुझे लगा कि अब मैच पर मेरा कंट्रोल है। मैंने खुद से कहा कि अगली बार ब्रेक प्वाइंट मिले, तो आक्रामक रहूंगा। इसके बाद से मुझे खेल में काफी सहजता महसूस हुई।" 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्सी पोपिरिन ने सर्व +1 की ताकत और निरंतरता का बेहतरीन संतुलन दिखाया। दूसरे सेट में उन्होंने बेसलाइन से सिर्फ दो अनफोर्स्ड एरर किए और कनाडा में अपनी जीत की लय को नौ मुकाबलों तक पहुंचा दिया। अब उनका अगला मुकाबला शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पोपिरिन ने तीसरे राउंड में पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 डेनियल मेदवेदेव को बाहर कर दिया था।

# राफेल कैमारा ने किया '2025 फॉर्मूला 3 चैंपियनशिप' पर कब्जा

**बुडापेस्ट।** राफेल कैमारा ने '2025 एफआईए फॉर्मूला 3 ड्राइवर्स चैंपियनशिप' अपने नाम कर ली है। यह इस सीजन उनकी चौथी जीत रही। ट्राइडेंट ड्राइवर ने पोल पोजीशन को जीत में बदला। उन्होंने हर लैप में बढ़त बनाए रखते हुए दबदबा बनाया। कैमारा की इस जीत ने उन्हें केवल एक राउंड शेष रहते 48 अंकों की बढ़त दिला दी, जिससे वह 2025 के चैंपियन बन गए। पूरे सीजन निरंतरता और गति ने उन्हें एक रेस शेष रहते ही खिताब दिला दिया। चैंपियनशिप जीतने के बाद कैमारा ने कहा, "अभी-अभी फीचर रेस पूरी की और चैंपियनशिप भी खत्म हो गई। पूरे सीजन में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि हम शुरुआत से ही बहुत मजबूत रहे हैं।

# झारखंड टीम ने कर्नाटक को 8-0 से रौंदकर क्वार्टर फाइनल में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हॉकी झारखंड टीम ने आज दूसरे मैच में हॉकी कर्नाटक को 8-0 से बड़े गोल अंतर से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व अपने पहले मैच हॉकी पंजाब को 5-2 गोल से पराजित किया था। आज के मैच में झारखंड टीम की ओर अमित कोंगाड़ी 03 गोल, सबियन किरो 02 गोल, अनीश डुंगडुंग, सुबोध टोपनो और गंगा टोपनो ने एक एक गोल किए। झारखंड टीम की ओर तीन गोल करने वाले अमित कोंगाडी को उनके शानदार खेल के लिए आज के मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। झारखंड टीम के क्वार्टर फाइनल पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त अधिकारियों ने बधाई दी है और क्वार्टर फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।



अमित कोंगाडी को उनके शानदार के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया

# अचीवर्स लायंस टीम ने अचीवर्स बुल्स को चार विकेट से हराया




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में आज नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी –2 प्रतियोगिता के दूसरा मैच नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स बुल्स के बीच में हुआ। बुल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बुल्स की टीम ने 20 ओवरों में 10 विकेट खो के 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस की टीम ने लक्ष्य को 18.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 102 रन बना के हासिल कर लिया। । मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दिलीप मुंडा को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम नगड़ी क्रिकेट एकेडमी के कोच श्री सौमित्र पटनायक ने दिया।

# वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को हराया, अंतिम मुकाबला होगा निर्णायक

**एजेंसी। नई दिल्ली** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच को दो विकेट से अपने नाम किया। फ्लोरिडा में खेले गए मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी। टीम ने महज नौ रन पर सईम अयूब का विकेट गंवा दिया था। यहां से टीम ने 53 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए। साहिबजादा फरहान (3), मोहम्मद हारिस (4) और फखर जमान (20) पवेलियन लौट चुके थे। कप्तान सलमान आगा ने हसन नवाज के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तान चुनौतीपूर्ण स्कोर तक नहीं पुंच सका। सलमान आगा ने 33 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 38 रन बनाए, जबकि हसन नवाज ने 23 गेंदों में 40 रन की पारी खेली, जिसमें चार छक्के और एक चौका शामिल रहा। विपक्षी टीम की ओर से जेसन होल्डर ने सर्वाधिक चार शिकार किए, जबकि गुडाकेश मोती ने दो विकेट हासिल किए। अकील हुसैन, शमर जोसेफ और रोस्टन चेज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने अंतिम गेंद पर चौके के साथ मैच अपने नाम किया। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने 20 गेंदों में 28 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान शाई होप ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक छक्के और एक चौके के साथ नाबाद 16 रन बनाए। मोहम्मद नवाज ने सर्वाधिक तीन शिकार किए जबकि सईम अयूब ने दो विकेट चटकाए।

# फिर से छाएगा रोमन रेंस का राज



एजेंसी। नई दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूई का समरस्लैम न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में मेटलाइफ स्टेडियम में हुआ। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने इस बार इसे दो रातों में आयोजित किया। यह रेसलमेनिया की तरह है। समरस्लैम मैच से पहले ब्रेकर और रीड का दबदबा था, लेकिन रेंस ने ब्रेकर को रिंग के बाहर बैरिकेड पर स्पीयर मारा और खेल पलट गया। इसके बाद रेंस और जे ने उसोस का 1डी मूव लगाया। ब्रेकर ने जे को स्पीयर मारने की कोशिश की, लेकिन रेंस बीच में आ गए। फिर जे ने रीड पर उसो स्प्लैश मारकर जीत हासिल की। समरस्लैम में यह रेंस की पहली जीत थी। इससे पहले उन्होंने 6 जनवरी, 2025 को रॉ के नेटफ्लिक्स पर डेब्यू में सोलो सिकोआ को हराया था। उस मुकाबले को ट्राइबल कॉम्बैट कहा गया था। मैच की शुरुआत में उसो ने रिंग के बाहर डाइव लगाई और सभी को गिरा दिया। फिर रीड पर डीडीटी लगाने के बाद रेंस को टैग मिला। रेंस ने भी बाहर जाकर रीड और ब्रेकर पर डाइव लगाई। वे बाल-बाल बचे और उनका सिर जमीन पर लगने से बच गया। रीड ने भी सुसाइड डाइव मारकर उसो और रेंस को गिरा दिया। यह उनकी मैच में तीसरी बड़ी डाइव थी। ब्रेकर ने रेंस को कपड़े की लाइन से मारा और वे अनाउंस टेबल पर जा गिरे। मैच के दौरान कुछ खास पल आए। उसो ने रिंग के बाहर डाइव मारकर सबको चौंका दिया। रेंस ने भी खतरनाक डाइव लगाई, जिसमें वे लगभग घायल हो गए थे। रीड ने तीन बार डाइव मारकर रेंस और उसो को गिराया। ब्रेकर ने रेंस को अनाउंस टेबल पर पटका। रेंस ने ब्रेकर को बैरिकेड पर स्पीयर मारकर दर्शकों को उत्साहित कर दिया।

**टैग टीम मुकाबले में दिखाई गजब की फाइट**

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### बीसीआइ प्लेटिनम की मासिक बैठक आयोजित, कारोबार वृद्धि पर चर्चा

# व्यापार सहयोग से ही होगी तरक्की : किशोर मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) प्लेटिनम की बैठक रविवार को होटल रामाडा बाय विंधम में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष डॉ सजीत कुमार ने की। उन्होंने करोड़ों का कारोबार देने वाले सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया और कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से कारोबार में निरंतन वृद्धि हो रही है। ऐसे ही लोग एक दूसरे का सहयोग करेंगे ,तो कारोबार एवं व्यापार फलता-फूलता रहेगा।
मेंटर के रूप में उपस्थित किशोर मंत्री ने कहा कि आपके व्यापार एवं कारोबार की चिंता बीसीआइ प्लेटिनम 50 सदस्य भी करते हैं, ताकि आपका कारोबार आगे बढ़े। यहां अपनापन का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि अटल वेंडर मार्केट के तर्ज पर महिलाओं को भी एक मार्केट मिले, तो घरों में उत्पाद बनाने वाली महिला उद्यमियों को नया बाजार मिलेगा। सरकार से आग्रह है कि महिलाओं के लिए भी अलग मार्केट की व्यवस्था करें, ताकि महिलाएं अपने उत्पादों को आसानी से बेच सके। बैठक में सावन माह में बेस्ट ड्रेसअप के लिए अमर बाजोरिया एवं अनुराधा चौधरी को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजेश कुमार ने दिया। इस अवसर पर बीसीआइ के निदेशक धीरज ग्रोवर, शिव कुमार सिंह, संस्था के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, सत्यम सिंह, अंकित बसिया, जुली कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# वॉट्सऐप ने भारत में जून में 98 लाख से ज्यादा अकाउंट किए बैन

एजेंसी। नई दिल्ली

चैटिंग ऐप वॉट्सऐप की लेटेस्ट इंडिया मंथली रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर दुर्व्यवहार और हानिकारक गतिविधियों को रोकने के अपने प्रयासों के तहत कंपनी ने जून के दौरान भारत में 98 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से लगभग 19.79 लाख अकाउंट्स को यूजर्स की कोई भी शिकायत मिलने से पहले ही सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया। अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाने के अलावा, वॉट्सऐप ने भारत में यूजर्स से प्राप्त शिकायतों पर भी कार्रवाई की। इस महीने के दौरान, प्लेटफॉर्म को 23,596 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 1,001 अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों में अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाना या शिकायतों की समीक्षा के बाद पहले से प्रतिबंधित अकाउंट्स को बहाल करना शामिल था।
अधिकतर शिकायतें बैन अपीलों से संबंधित थीं, जिनमें से 16,069 ऐसे मामले सामने आए, जिनमें से 756 अकाउंट्स पर कार्रवाई की गई। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी कैटेगरी में अकाउंट सपोर्ट, प्रोडक्ट सपोर्ट और सुरक्षा संबंधी मुद्दे शामिल थे। वॉट्सऐप ने कहा कि कंपनी का दुरुपयोग का पता लगाने वाला सिस्टम अकाउंट रजिस्ट्रेशन के दौरान, मैसेजिंग के दौरान और नकारात्मक फीडबैक जैसे कि यूजर रिपोर्ट और ब्लॉक के साथ तीन चरणों में काम करता है। कंपनी ने आगे कहा कि 'रोकथाम' उसका मुख्य फोकस है, क्योंकि हानिकारक गतिविधि होने से पहले रोकना, बाद में उसका पता लगाने से ज्यादा प्रभावी है।
प्लेटफॉर्म ने यूजर सेफ्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि कंपनी दुरुपयोग, गलत सूचना और सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन, सेफ्टी टूल और डेडिकेटेड टीम का इस्तेमाल करती है। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने रिपोर्ट में कहा कि कंपनी साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और इलेक्शन इंटीग्रिटी की रक्षा के लिए एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करती है।
पिछले महीने, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप ने दो नए टूल 'स्टेटस एड्स' और 'प्रमोटेड चैनल' पेश किए हैं। डब्ल्यूएबीटाइंफो के अनुसार, स्टेटस एड्स इंस्टाग्राम स्टोरी एड्स की तरह काम करते हैं। अब, बिजनेस अकाउंट पेड कंटेंट पोस्ट कर सकते हैं, जो वॉट्सऐप यूजर्स के स्टेटस अपडेट में दिखाई देंगे। ये एड्स दोस्तों और परिवार के स्टेटस अपडेट के बीच दिखाई देंगे, जिन पर एक स्पॉन्सर्ड लेबल होगा ताकि लोग उन्हें आसानी से विज्ञापन के रूप में पहचान सकें।

# राष्ट्रीय जलमार्ग-57 का पुनरुद्धार असम के लिए ऐतिहासिक क्षण : सर्बानंद सोनोवाल

एजेंसी। नई दिल्ली



असम के नदी-आधारित व्यापार और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स को फिर से शुरू करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय जलमार्ग-57 (कोपिली नदी) पहली बार गोवर्धन पुल से दक्षिण समारा में हाटसिंगिमारी तक कार्गो ट्रायल रन के साथ चालू हो गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह परिचालन एक दशक से भी अधिक समय के बाद असम में अंतर-राज्यीय जलमार्ग माल परिवहन के शुरू होने का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस विकास को असम और पूर्वोत्तर में अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन के लिए एक 'महत्वपूर्ण क्षण' बताया।
सेल्फ-लोडिंग क्षमता से लैस कार्गो वेसल एमवी वीवी गिरि ने कोपिली नदी (एनडब्ल्यू 57) और ब्रह्मपुत्र नदी (एनडब्ल्यू 2) पर 300 किलोमीटर के मार्ग पर स्टार सीमेंट से 300 मीट्रिक टन सीमेंट ढोया। इसकी यात्रा का समय लगभग 12 से 14 घंटे रहा। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि इस विकास के साथ, असम में 1168 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय जलमार्ग चालू हो गए हैं।
केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा, "यह असम के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# भारत फास्ट पेमेंट में ग्लोबल लीडर, जुलाई में कुल यूपीआई ट्रांजैक्शन 19 अरब के पार

एजेंसी। मुंबई

मोबाइल के जरिए दिन के चौबीसों घंटे और साल के 365 दिन तुरंत मनी ट्रांसफर किए जाने की सुविधा के साथ यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की लोकप्रियता तेजी से बढ़ती जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, लोकप्रिय यूपीआई के माध्यम से लेनदेन की संख्या बीते महीने जुलाई में 19.47 अरब के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो कि सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।
इसी तरह, यूपीआई के जरिए लेनदेन का कुल मूल्य 25.08 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जो मई में दर्ज 25.14 लाख करोड़ रुपए के बाद दूसरा उच्चतम स्तर था। लेनदेन के मूल्य में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एनपीसीआई के अनुसार, जुलाई में यूपीआई के जरिए एवरेज डेली ट्रांजैक्शन काउंट 628 मिलियन और एवरेज डेली ट्रांजैक्शन अमाउंट 80,919 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अकेले जून 2025 में यूपीआई के जरिए 24.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक के भुगतान किए और कुल 18.40 अरब लेनदेन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 अरब लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक वर्ष में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए नोट, 'ग्रॉइंग रिटेल डिजिटल पेमेंट्सः द वैल्यू ऑफ इंटरऑपरेबिलिटी' के अनुसार, भारत फास्ट पेमेंट में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार यूपीआई है।




# केंद्र ने 35 आवश्यक दवाओं की कीमतों में की कटौती

**नई दिल्ली।** मरीजों के लिए दवाओं को अधिक किफायती बनाने की दिशा में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने प्रमुख दवा कंपनियों द्वारा बेची जाने वाली 35 आवश्यक दवाओं की खुदरा कीमतों में कटौती की है। अब कम कीमत वाले इन फॉर्मूले में हृदय-संबंधी, एंटीबायोटिक, मधुमेह-रोधी और मानसिक रोगों से संबंधित दवाओं सहित कई प्रकार की दवाएं शामिल हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एनपीपीए द्वारा मूल्य विनियमन के आधार पर इस आदेश को अधिसूचित किया है। सभी दवाओं पर लागू होने वाली कीमतों में कटौती से उपभोक्ताओं, विशेष रूप से पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के अंतर्गत आने वाले प्रमुख फॉर्मूले में एसिक्लोफेनाक, पैरासिटामोल और ट्रिप्सिन काइमोट्रिप्सिन, एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलनेट के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन, एटोरवास्टेटिन कॉम्बिनेशन और एम्पैग्लिफ्लोजिन, सिटाग्लिप्टिन और मेटफॉर्मिन जैसे नए ओरल एंटीडायबिटिक कॉम्बिनेशन शामिल हैं। अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा विपणन की जाने वाली एक एसीक्लोफेनाक-पैरासिटामोल-ट्रिप्सिन काइमोट्रिप्सिन टैबलेट की कीमत अब 13 रुपए तय की गई है, जबकि कैडिला फार्मास्युटिकल्स द्वारा विपणन की जाने वाली इसी दवा की कीमत अब 15.01 रुपए है। इसी प्रकार, हृदय संबंधी बीमारियों के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली एटोरवास्टेटिन 40 मिलीग्राम और क्लोपिडोग्रेल 75 मिलीग्राम युक्त एक टैबलेट की कीमत 25.61 रुपए तय कर दी गई है।

## राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ रामायण पाठ



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी परिसर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रामायण पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लव कुमार आदर्श संकीर्तन रामायण मंडली द्वारा किया गया, जिसमें धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक रंगों का समावेश देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर सिंह छोटू (आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव), पूर्व मेयर अरुणा शंकर, समाजसेवी विजय तिवारी, पंकज श्रीवास्तव व मुक्तेश्वर पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुई। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कहा कि रामायण पूजा भगवान राम के जीवन आदर्शों को स्मरण कराती है और इससे घर में सुख-शांति बनी रहती है। वहीं, अरुणा शंकर ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देते हैं।

पूरे आयोजन के दौरान झारखंड-बिहार के चार व्यासों ने रातभर भजन और गीतों की प्रस्तुति दी। दोगोला कार्यक्रम खास आकर्षण का केंद्र रहा। मंडली के प्रमोद ठाकुर, शिवकुमार चौधरी, अभिमन्यु तिवारी और शिशिर शुक्ला ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन यशवंत तिवारी ने किया।

मौके पर शीला श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश ठाकुर, वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, शशि तिवारी, रिंकू तिवारी, शंकर तिवारी, बीजू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# देसी कट्टा के साथ राहुल दुबे गैंग के दो अपराधी गिरफ्तार

- हाइवे निर्माण साइट पर गोलीबारी करने जा रहे थे दोनों

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को एक देसी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपराधी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सतबरवा की ओर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु सदर थाना, डालटनगंज से एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम द्वारा टोल प्लाजा, चुकरु के पास सघन निगरानी शुरू की गई। कुछ समय बाद एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति डालटनगंज की ओर से आते दिखे, जिन्हें रुकने का संकेत दिया गया। परंतु दोनों व्यक्ति पुलिस बल को चकमा देकर भागने लगे, जिन्हें तत्परता से पीछा कर पकड़ा गया। प्राथमिक पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि दोनों अभियुक्त राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य हैं एवं उनके निर्देश पर चियांकी से पोलपोल (सतबरवा) में हाइवे निर्माण साइट पर गोलीबारी करने जा रहे थे। दोनों अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, तीन करतूस, दो मोबाइल फोन और एक फर्जी नंबर का मोटरसाइकिल जब्त किया है। गिरफ्तार अपराधि राकेश कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता घनंजय बड़ाईक, लोहरसी, थाना पिपराटांड़, दूसरा अपराधी रजनीकांत मेहता, उम्र 22 वर्ष, पिता- सुनील मेहता, सा० लोहड़ी, थाना पड़वा का रहने वाला है। छापामारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी सदर, संतोष कुमार गुप्ता, पुअनि रंजित कुमार,पुअनि मनोज मुंडा,आरक्षी अनुराग सिंह, वेद प्रकाश, रोहित कुमार, चालक अविनाश कुमार शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक

**चंदवा।** झारखंड राज्य में पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह माने जाने वाले वरिष्ठ पत्रकार सह संपादक हरि नारायण सिंह का रविवार को निधन हो गया। रविवार दोपहर रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहें थे। उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में किया गया। हरिनारायण सिंह ने अपने जीवन का आधे से ज्यादा समय पत्रकारिता जगत को दिया। वे राज्य के प्रतिष्ठित अखबारों, टीवी चैनलों के संपादक भी रहे। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत मर्माहत है। वे अपने पीछे दो बेटे,बहु व पत्नी छोड़ गये। उन्होंने अपने लंबी पत्रकारिता जीवन में निष्ठा व संवेदनशीलता के साथ समाज और राज्य की सेवा की। पत्रकार जगत ने उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताया है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदवा पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त नितेश गंझू उर्फ पांडु गंझू को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि नितेश गंझू पूर्व में टीएसपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा है। इनके विरुद्ध चंदवा थाना में कांड संख्या 20/2020 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। उक्त मामले में पुलिस को लंबे समय से नितेश गंझू की तलाश थी। अभियान में पुअनि अजीत कुमार समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### हाथी ने चार घरों को किया धवस्त

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सेरनदाग के केडू गांव में बीती रात हाथियों द्वारा तांडव मचाया गया। जिसमें चार पांच घरों को ध्वस्त करते हुए अनाज चट कर गये। इसमें मंगरू भुइयां पिता शिवराज भुइंया, साबिर अंसारी पिता इस्लाम अंसारी, विनोद लोहार पिता नर्सिंग लोहार, खरीदे गंजू जंगा ली जोगन गंझू शामिल है। सभी लोगों को जिला परिषद सदस्य चंचला देवी एवं प्रखंड कर्मचारी एवं वनपाल कर्मी ने हर संभव मदद की आश्वासन दिया। समाजसेवी शिवनाथ रजक, प्यारो अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचकर प्रशासन एवं वन विभाग की कर्मियों से क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई।

### पंचायत भवन के कमरे रखा जाता है एमडीएम का समाग्री

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखण्ड के मरगड्डा पंचायत के मरगड्डा विद्यालय भवन की दुर्दशा देखकर कोई भी द्रवित हो सकता है। जर्जर छत और बारिश के दिनों में टपकने वाले पानी के बीच नन्हें नन्हें बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को विवश हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता के कारण विद्यालय भवन की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में है और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्यालय भवन की मरम्मत कराई जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक शिक्षा प्रदान की जा सके। वही मरगड्डा विद्यालय की दूसरी समस्या, बारिश का रिशाव हो जाने के कारण एमडीएम की सामग्री पंचायत भवन के कमरे में रखी जाती है इससे सामग्री की सुरक्षा और गुणवत्ता पर कई सवाल उठता है।

### झामुमो नेता ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात, अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की

**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बालूमाथ निवासी जुनैद अनवर ने रविवार को रांची में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर झारखंड में अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के क्रम में झामुमो नेता जुनैद अनवर ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को हिंदी भाषा में तजुर्मा-ए-कुरआन भेंट की। झामुमो नेता जुनैद अनवर ने बताया कि देश और राज्य में नफरती सोच रखने वाले चंद लोग अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाकर राज्य की अमन, शांति व भाईचारगी के माहौल को खराब करने का दिवास्वप्न देख कर राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन देश की मजबूत एकता और अखंडता से वैसे लोगों के मंसूबों पर पानी फिर जा रहा है।

## लेढिया नदी में बही कार बाल-बाल बचे कार सवार

नवीन मेल संवाददाता



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के कदगावां कला पंचायत अंतर्गत नरचाही लेढिया नदी पर बना पुलिया पार करने के दौरान अचानक पुल के उपर तेज पानी बहाव में स्विफ्ट कार बह गया। जानकारी अनुसार कोडरमा जिले के डोमन राम अपने पांच पारिवार के साथ शालेय गांव अग्नि संस्कार में शामिल होने आए थे। अग्नि संस्कार के बाद अपने परिवार के साथ कोडरमा लौट रहे थे। लौटने के क्रम में नरचाही के समीप लेढिया नदी पर बनीं पुलिया पार करने के दौरान घटना घटी। पुल पार करने के दौरान अचानक तेज गति से पानी का बहाव आने के कारण कार बहकर पुल के नीचे पानी में बह कर गढे में फंस गई। राहगीरों एवं ग्रामीणों के मदद से सभी कार सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लेढिया नदी के बीच छोटी पुल पर कम पानी को बहता हुआ देख कार चालक पार करने लगा जो आधे पुल को ही पार कर पाया कि अचानक पानी के तेज बहाव में कार बह गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से मदद मांगी। उपायुक्त कृतिश्रीजी के दिशानिर्देश पर बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी आशीष प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों की मदद से पुल के नीचे डूबी कार को क्रेन की सहायता से नदी से बाहर निकाला गया।ग्रामीणों ने बताया की नदी में बड़ी पुल निर्माण करवाने को लेकर स्थानीय विधायक,सांसद को सामूहिक रूप से आवेदन देने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया। कार सवार लोगों को बचाने में योगेश सिंह,संजय कुमार ,बिरेंद्र राणा, सुरेंद्र चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, बिट्टू सिंह, आर्यन चंद्रवंशी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई।

## महुआडांड़ में दिखा नक्सली बंदी का असर, दुकानें रही बंद



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड में रविवार को माओवादी बंदी का पूरा असर दिखाई दिया। मुख्य बाजार की दो-चार दुकान को छोड़कर पूरा बाजार बंद रहा। वहीं जिला परिषद बस स्टैंड में गुमला, लोहरदगा, रांची, पलामू, समेत पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ जाने वाली सभी यात्री बसे खड़ी रही। गांव से बाजार आने वाले ग्रामीण भी नजर नहीं आये। रविवार होने के कारण सरकारी कार्यालय, बैंक, स्कूल भी बंद था। बंदी के मद्देनजर पुलिस अलर्ट रही। महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार के निर्देश पर पुलिस बल की गस्ती टीम पूरे क्षेत्र में मोटरसाइकिल से भ्रमण करती नजर आई। ज्ञात हो माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य विवेक उर्फ करम क्रांति और सात अन्य की 21 अप्रैल को बोकारो के लुग्गु पहाड़ियों में ऑपरेशन कागर के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मृत्यु के विरोध में झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में बंदी बुलाया गया था।

## पुराने पुलिया का एप्रोच पथ बहा, नया पुल अब तक अधूरा

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड को सामरी (छत्तीसगढ़) से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एक प्रमुख पुलिया का एप्रोच पथ बह जाने के कारण इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से ठप होने की कगार पर है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब इस मार्ग से गुजरना वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या बीते कुछ वर्षों से लगातार बनी हुई है, लेकिन हाल की बारिश ने स्थिति और बिगाड़ दी है। जलभराव और मिट्टी कटाव के कारण पुराने पुलिया का एप्रोच पथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे छोटे-बड़े सभी वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

उल्लेखनीय है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा लगभग 45 रुपए करोड़ की लागत से हामी से ओरसा होते हुए छत्तीसगढ़ सीमा तक सड़क निर्माण की परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के तहत पुराने पुल के स्थान पर एक नया पुल भी बनाया जाना है। हालांकि, निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है और नया पुल अभी तक यातायात के लिए नहीं खोला गया है। अधूरे निर्माण कार्य और प्रशासन की उदासीनता से परेशान ग्रामीणों ने मांग की है कि बह चुके एप्रोच पथ की तत्काल मरम्मत की जाए और साथ ही नए पुल के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए।

### कुंदा के युवक का आंध्र प्रदेश में बिजली पॉल से दबने से हुई मौत

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के बेलगड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय विजय गंझु पिता मनु गंझु की आंध्र प्रदेश में बिजली का कार्य करने के दौरान बिजली पॉल टूट कर गिरते समय चपेट में आ जाने से दब जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। विजय अपने पीछे पत्नी आशा देवी समेत एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं।विजय की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार व गाँव में मातम छा गया,परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की है और कहा है कि दुर्घटना के लिए कार्य करा रहे पीवीआरके प्रबंधन जिम्मेदार है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। विजय की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## पारा शिक्षकों का विधानसभा घेराव कार्यक्रम स्थगित

## शिक्षा मंत्री के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पारा शिक्षकों की वर्षों पुरानी वेतनमान लागू कराने की मांग को ले कर चार अगस्त को रांची में विधानसभा घेराव कार्यक्रम प्रस्तावित था। लेकिन अब उक्त कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने दी। अतुल कुमार ने बताया कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उक्त कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष अतुल सिंह एवं महासचिव अनूप कुमार ने कहा कि शिक्षा मंत्री के बाथरूम में गिर जाने के बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। सूबे के 60 हजार सहायक अध्यापक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से कर रहा है। शिक्षा मंत्री के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करने वालो में जिला अध्यक्ष अतुल सिंह महासचिव अनूप कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ऋषिकेश पाठक, बेलाल अहमद, सिंटू सिंह, विनोद तिवारी, मनोज सिंह, सूर्यदेव तिवारी, उमेश साहू, गोविन्द कुमार, अभिनय कुमार मिश्र, अरविंद कुमार, दिलीप प्रसाद, दिनेश ठाकुर, राजेश सिंह, सतपाल उरांव, नंदकिशोर यादव, विनोद राम, प्रमोद प्रसाद, शिशुपाल सिंह, संजीत प्रसाद, संजय कुमार द्विवेदी, नेमा अगरिया, धर्मदेव सिंह, बृज किशोर यादव, उदय प्रसाद, प्रवीण सिंह, निर्मल कुमार यादव, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश ठाकुर, सुधा देवी, सुनैना देवी, संगीता कुमारी, मंजू देवी, मीना देवी, मानो कुजूर, प्रार्थना सोनी, जयश्री कश्यप, बिहारी यादव, सुशीला रवि, रामप्रसाद प्रसाद, श्रवण कुमार व विनोद कुमार आदि का नाम शामिल है।

### मुख्यमंत्री अपना वायदा पूरा करें : अतुल कुमार

जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपना वायदा पूरा करने की मांग की। कहा कि शिक्षक दिवस के पहले पूरा मुख्?यमंत्री चुनाव पूर्व किये गये अपने वायदे को पूरा करें नहीं तो शिक्षक दिवस के दिन से ही मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने सूबे के सभी पक्ष व विपक्ष के विधायकों से विधानसभा में पारा शिक्षकों की आवाज बन कर वेतनमान लागू कराने की मांग पूरा कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

## पेज के शेष

### जम्मू कश्मीर के...

रविवार को तीसरे आतंकी को भी मार गिराया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में अभी और आतंकी छिपे हो सकते हैं, इसलिए यह ऑपरेशन जारी रहेगा। घाटी में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियान लगातार जारी हैं। सीमा पर सेना हाई अलर्ट पर है और एलओसी की सख्ती से निगरानी की जा रही है। ज्ञात हो कि 28 जुलाई को श्रीनगर के हरवान इलाके के दाचीगाम नेशनल पार्क में 'ऑपरेशन महादेव' के तहत तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मारा गया था। इन आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर सुलेमान शाह और उसके दो साथी अबू हमजा और जिबरान भाई शामिल थे। ये तीनों आतंकी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में शामिल थे, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अगले ही दिन, 29 जुलाई को सेना ने 'ऑपरेशन शिव शक्ति' चलाया, जिसमें दो और आतंकी ढेर किए गए। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों के अलावा उनके सहयोगियों, ओवरग्राउंड वर्करों और समर्थकों के खिलाफ भी अभियान तेज कर दिया है।

### जमशेदपुर से 2.99...

बोर्ड ऑफ ऑप्शंस एक्सचेंज में एक ऑनलाइन खाता खोल दिया। फिर मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न के झूठे वादों का प्रलोभन देते हुए निवेश के उद्देश्य से विभिन्न बैंक खाताओं में कुल 2.99 करोड़ ट्रांसफर कराकर ठगी कर ली।

### सैनिक भाइयों पर...

वास्तव में वे ही देश के सजग प्रहरी और देश के सरताज हैं। उनकी साहस और वीरता को देखकर पूरा विश्व स्तब्ध था और है। शत्रु उनकी वीरता के सामने घुटने टेक दिए। यह घटना सदियों तक याद की जाएगी और जब-जब याद की जाएगी तब-तब हमारे शीश उन महावीरों के सम्मान में झुक जाया करेंगे।

### कुआं में गिरने से मजदूर की मौत

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के रामपूर ग्राम स्थित कृषि फार्म में मजदूरी का कार्य करने वाले एक मजदूर बीरेन्द्र नगेसिया (40) पिता जगमोहन किसान जो ग्राम सोहरपाठ का निवासी था। शनिवार की शाम 6 बजे नहाने के दौरान कृषि फार्म कुआं में गिरकर मौत हो गई। इस संबंध में मृतक मजदूर की पत्नी पतसुग्गी नागेसिया ने बताया, डेरा लेकर हम रहते है। कृषक पाठशाला एनजीओ (चाईबासा ) कृषि फार्म महुआडांड़ में कार्यरत है। पति एनजीओ में रेगुलर मजदूर के रूप में मजदूरी कार्य कर रहे थे। जानकारी के अनुसार कृषि फार्म में धान रोपाई का कार्य चल रहा है। बीरेंद्र नगेसिया धान रोपाई कराकर शाम को डेरा लौटा और नहाने के लिए कुआं के पास गया। तभी कुआं में डूबने की आवाज उसके ही बच्चों ने सुनी और चिल्लाने लगें। बच्चो की चींख सुनकर आस-पास ग्रामीण दौड़कर कुआं के पास पहुंचे और बीरेन्द्र को बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुआं से बाहर निकालने तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक मजदूर के चार बच्चे है, पत्नि और बच्चो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मकरा के सरहुल मांडर से श्मशान घाट तक रोड जर्जर, लोगों को पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के सरहुल मांडर से लेकर खुठनिया टोला होते हुए श्मशान घाट तक जाने वाली कच्ची सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिससे उक्त रास्ता पूरी तरह कीचड़ युक्त हो जाने से मोटरसाइकिल पार करना भी मुश्किल हो गया है। पैदल आने जाने वाले ग्रामीणों और स्कूल जाने में छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण उमेश कुमार, कार्तिक कुमार, विशेषश्वर कुमार, चलितर राम, बालो राम, विकास कुमार, दीपक तुरी, तुलेश्वर तुरी, कुलेश्वर राम, चौठी राम, रमेश राम, राजू राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की लगातर बारिश होने से यह कच्ची सड़क की स्थित काफी नाजुक बन गई है। बरसात के दिनों मे अगर कोई बीमार पड़ जाए व अन्य कार्य के लिए चारपहिए वाहन आने से वंचित रहता है। उक्त कच्ची सड़क मे कई जगह पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में हम सभी को मुख्य सड़क जाने के लिए सोचना पड़ता है मोटरसाइकिल भी चलना दुर्लभ हो गया है। कई बार इस रोड को मापी किया गया है लेकिन अभी तक किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा। 15 से 20 वर्षों से हम लोग इस कच्ची सड़क में झेल रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से उक्त कच्ची सड़क को कालीकरण करने की मांग की है।

## सावन उत्सव में शिव भजनों व कजरी गीतों से गूंजा माहौल, महिलाओं ने बांधा समां

- कार्यक्रम में भक्ति, नृत्य, गीत व उत्साह का दिखा अनूठा संगम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सावन के पावन अवसर पर नवनिर्माण शक्ति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सावन उत्सव ने महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह की लहर दौड़ा दी। कार्यक्रम का आयोजन शांभवी मेंशन, तिवारी पेट्रोल पंप के समीप, पुलिस लाइन रोड में किया गया, जिसमें शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी मेलजोल की भावना को बल मिलता है।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के भजनों से हुई, जिनकी भक्ति में सभी महिलाएं भावविभोर हो गईं। इसके बाद मंच पर सावन की रिमझिम को महसूस कराते गीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "सावन में मोरनी बनके", "गौरा झूला झूल रही भोलेनाथ संग", "काला चश्मा" जैसे गीतों पर महिलाओं ने झूम-झूमकर समा बांध दिया। रैंप वॉक, पिक द चीट गेम, डांडिया आदि गतिविधियों में भी सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल और भी जीवंत हो उठा।संस्था की सचिव स्नेहा ओझा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके रोजमर्रा के तनाव और प्रतिस्पर्धा से कुछ पल राहत देकर, उन्हें खुशी के क्षणों से जोड़ना है। संस्था की अध्यक्ष डॉ. अमितू सिंह ने भी कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि महिलाओं को सामाजिक और मानसिक रूप से ऊर्जा मिलती रहे। कार्यक्रम में वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शमीर्ला वर्मा ने भी सहभागिता दी और कहा कि महिलाओं के लिए यह तरह के मंच बेहद जरूरी हैं, जो उन्हें आत्मविश्वास और आनंद की अनुभूति देते हैं। इस अवसर पर नगर की जानी-मानी महिलाएं—पार्षद मधु ओझा, पम्मी ओझा (तृप्ति ब्यूटी पार्लर), सोनी पाठक (५२ क्लासेज), दीप्ति ओझा (स्त्रि बैंक्वेट), शिक्षिका रानी उपाध्याय, पूनम गोस्वामी, प्रिया सिंह, इंदु मेहता, अनु शर्मा, वागीशा विश्वकर्मा, अंशु वर्मा, सोनी गुप्ता, और सोनी पाठक की विशेष भूमिका रही।

# भूकंप के बाद रूस का ज्वालामुखी फटी, 450 साल बाद हुआ विस्फोट

**मॉस्को । एजेंसी**

रूस के पूर्वी कामचटका क्षेत्र में एक ज्वालामुखी, क्रशेनिनिकोव, 450 साल में पहली बार फटा है। यह विस्फोट इस क्षेत्र में आए अब तक के सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक के बाद हुआ है। स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के ग्लोबल वोल्केनिज्म प्रोग्राम के अनुसार, 1550 में अपने अंतिम विस्फोट के बाद से यह ज्वालामुखी शांत था। अब इसमें से राख का एक विशाल गुबार निकला है, जिसकी ऊंचाई लगभग 6,000 मीटर (19,700 फीट) तक पहुंच गई है। रूसी सरकारी मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में यह गुबार साफ देखा जा सकता है।

रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बताया कि यह राख का गुबार ज्वालामुखी से पूर्व की ओर प्रशांत महासागर की ओर फैल रहा है। इसके रास्ते में कोई भी आबादी वाला इलाका नहीं है और अभी तक किसी भी शहर में राख गिरने की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। मंत्रालय ने इस ज्वालामुखी को 'नारंगी' विमानन खतरा कोड के साथ वर्गीकृत किया है, जिसका मतलब है कि इस क्षेत्र में उडानें बाधित हो सकती हैं। यह विस्फोट यूरोप और एशिया के सबसे ऊंचे सक्रिय ज्वालामुखी, क्लुचेव्स्कॉय, के बुधवार को हुए विस्फोट के तुरंत बाद हुआ है। ग्लोबल वोल्केनिज्म प्रोग्राम के मुताबिक, क्लुचेव्स्कॉय में अक्सर विस्फोट होते रहते हैं, और साल 2000 के बाद से कम से कम 18 बार ऐसा हो चुका है।



## रूस में भूकंप
## 6.8 तीव्रता के आफ्टरशॉक से दहला कामचटका

**व्लादिवोस्तोक (आईएएनएस)** । प्रशांत महासागर में रविवार को रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर 6.8 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। आपातकालीन स्थिति मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। यह भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजकर 37 मिनट पर आया। यह क्षेत्रीय राजधानी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 277 किलोमीटर दूर, 26 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कामचटका सुनामी वॉर्निंग और मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, भूकंप से उत्पन्न सुनामी लहरों की ऊंचाई 19 सेंटीमीटर से अधिक होने की उम्मीद नहीं है। लहरों की सीमित ऊंचाई के बावजूद, स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने लोगों से एहतियातन समुद्र तट से दूर रहने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने तटीय जल में स्थित जहाजों को 50 मीटर के आइसोबाथ से आगे समुद्र में जाने और तटरेखा के लंबवत चलने की सलाह दी है।

**भूकंप का केंद्र**
- पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 277 किमी दूर।
- गहराई: 26 किलोमीटर।

**सुनामी पूर्वानुमान**
- सुनामी लहरों की ऊंचाई 19 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होने की संभावना।
- कामचटका सुनामी वॉर्निंग और मॉनिटरिंग सेंटर की जानकारी।

**सावधानी के निर्देश**
- लोगों को समुद्र तट से दूर रहने की सलाह दी गई।
- भले ही लहरें छोटी हों, एहतियात जरूरी बताया गया।

**जहाजों के लिए चेतावनी**
- जहाजों को 50 मीटर आइसोबाथ से आगे समुद्र में जाने की सलाह।
- तटरेखा के लंबवत दिशा में चलने का निर्देश।

## ब्लड शुगर कंट्रोल के लिए अमरूद के पत्ते काफी लाभदायक



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वैसे तो हर फल किसी न किसी बीमारी में लाभदायक और सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। लेकिन तमाम फलों प पेड़ों के पत्ते भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी होते हैं। फल शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं। अमरूद जैसे कुछ पेड़ों की पत्तियों में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कुछ आयुर्वेदिक चिकित्सकों का कहना है कि शुगर स्तर को नियंत्रित करने के लिए अपने आहार में अमरूद के पत्तों को शामिल करने पर विचार कर सकते हैं। अमरूद के पत्ते ब्लड शुगर कंट्रोल के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं, क्योंकि इनमें ग्लूकोज अवशोषण को रोकने व इंसुलिन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की क्षमता होती है। यदि सीमित मात्रा में सेवन किया जाए तो अमरूद संतुलित आहार का भी हिस्सा बन सकता है। जहां तक अमरूद का सवाल है , अमरूद का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह मधुमेह के मरीजों के लिए एक अच्छा विकल्प बन जाता है। हालांकि ज्यादा पका हुआ अमरूद खाने से ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। जबकि , अमरूद के पत्तों का सेवन करने से पाचन तंत्र से लेकर कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। अमरूद के पत्ते आंतों में ग्लूकोज के अवशोषण को रोकने व इंसुलिन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की अपनी क्षमता के कारण ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

अमरूद के पत्तों को उबले हुए पानी में या उनके रस के साथ सेवन किया जा सकता है। अमरूद के पत्तों में कई तरह के पोषक तत्व व एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। ये पाचन के लिए भी बहुत लाभकारी होते हैं। इनमें फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज, गैस जैसी समस्याओं को दूर करता है।अमरूद के पत्ते में फेनोलिक यौगिक होता है, जो खून में शुगर स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए यह फायदेमंद है। जानवरों व मनुष्यों पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि अमरूद के पत्ते ब्लड शुगर के स्तर को कम कर सकते हैं। अमरूद के पत्ते इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जिससे टाइप 2 मधुमेह का खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा अमरूद के पत्ते एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव व सूजन से बचाने में मदद करते हैं। वैसे तो किसी को इसका विशेष तरह से सेवन करने के लिए किसी वैद्य या आयुर्वेदिक चिकित्सक से अपने स्वास्थ्य , बीमारी आदि के बारे में बता कर राय ले लेनी चाहिए।

## भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनीं

### बिंदी लगाने पर ट्रोल हुईं, ओहियो राज्य की तरफ से केस लड़ेंगी

**वॉशिंगटन डीसी । एजेंसी**



भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा- 'कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।

**मथुरा ने यूएस सुप्रीम कोर्ट में केस जीता था :** योस्ट ने मथुरा की तारीफ करते हुए बताया कि मथुरा ने पिछले साल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में केस जीता था। ओहियो के दो पूर्व सॉलिसिटर जनरल, बेंजामिन फ्लावर्स और इलियट गैसर ने भी उनके नाम सिफारिश की थी। योस्ट ने कहा कि मथुरा बहुत होशियार हैं और स्पष्ट बोलती हैं। मैंने उनसे कहा था कि मुझे बहस करने वाली वकील चाहिए और वह ऐसा करती हैं।

## कपूरथला के युवक की दुबई में टैंकर पलटने से हुई मौत

### 2 बहनों का इकलौता भाई था, 10 महीने पहले गया था विदेश

**कपूरथला । एजेंसी**



पंजाब के कपूरथला के रहने वाले युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत हो गई। वह नवंबर 2024 में बेहतर भविष्य और रोजगार की तलाश में दुबई गया था। जहां वह टैंकर ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हादसा बीते कल हुआ है। जिसकी जानकारी परिजनों को आज सुबह मिली है। मृतक की पहचान नवजोत सिंह के नाम से हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। दुबई में हादसे के बाद नवजोत को अस्पताल भी लेकर गया था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

## इजरायली बंधक को हमास ने अपनी ही कब्र खोदने को किया मजबूर

### कई दिनों की भूख से शरीर बन चुका कंकाल

**एजेंसी । गाजा**

हमास के आतंकियों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए एक इजरायली बंधक को कैमरे के सामने उससे उपनी ही कब्र खोदनेके लिए मजबूर कर दिया। इस सनसनीखेज वीडियो को देखने के बाद किसी का भी दिल दहल सकता है। इस वीडियो को इजरायल सरकार के एक पूर्व प्रवक्ता ने अपने एक्स एकाउंट पर शेयर किया है।

**कितना मनोविकृत है हमास :** हमास की इस तथाकथित दरिंदगी का वीडियो शेयर करते हुए इजरायल के पूर्व प्रवक्ता ईलोन लेवी ने लिखा, "हमास कितना मनोविकृत (साइकोपैथिक) है? उसने भूख से तड़प रहे बंधक एव्यातार डेविड को कैमरों के सामने अपनी ही कब्र खुदवाने के लिए मजबूर किया। यदि यह घटना प्रमाणित हो जाती है, तो यह अत्यंत अमानवीय और मानसिक यातना का गंभीर उदाहरण होगा। हमास द्वारा किए गए कृत्य अक्सर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बने रहते हैं, लेकिन अगर यह दावा सत्य है कि उसने एक भूख से तड़पते बंधक एव्यातार डेविड को कैमरे के सामने अपनी ही कब्र खोदने के लिए मजबूर किया तो यह न केवल क्रूरता का चरम है, बल्कि मनोविकृति का भी स्पष्ट प्रमाण है। मनोविकृति एक मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति में संवेदना, पछतावे, या अपराधबोध की पूर्ण कमी होती है और वह दूसरों की पीड़ा से आनंद या शक्ति की भावना प्राप्त करता है।



### शंघाई यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी व ड्रॉइडअप रोबोटिक्स ने किया है निर्माण

## सिलिकॉन से बनी त्वचा व इंसानों जैसे भाव वाला रोबोट 'जुएबा 01' करेगा पीएचडी

- 4 साल तक शंघाई थिएटर एकेडमी में पीएचडी करेगा क्लास में भी जाएगा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रोबोटिक्स व एआई के मामले में चीन तेजी से आगे बढ़ते हुए अमेरिका के पीछे -पीछे लगा हुआ है। अब तो चीन का एक ह्यूमनॉइड रोबोट कार का दरवाजा खोल कर उसमें बैठने वाले का स्वागत कर रहा है।यही नहीं , इससे भी आगे की सोचें तो चीन के एक एआई रोबोट को 4 साल के पीएचडी प्रोग्राम के लिए चुना गया है। यानी पीएचडी करने के लिए दाखिला लिया है। यह पहली बार हुआ है, जब दुनिया में किसी रोबोट को पीएचडी करवाई जा रही है। इसकी सूचना मिलने पर बहुत से लोग तो भौंचक होकर भविष्य की चिंता करते हुए कुछ डरते हुए कहने लगे हैं , लगता है आने वाले दिनों में रोबोट्स विद्यार्थियों की भी जगह ले लेंगे। फिर क्या होगा? चीन में जिस एआई रोबोट को पीएचडी प्रोग्राम के लिए चुना गया है, उसका नाम 'जुएबा 01' है। जुएबा को वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉक्टरेट करने के लिए चुना गया। यह आगामी चार साल के लिए शंघाई थिएटर एकेडमी में पीएचडी करेगा। रोबोट को तैयार करने में शंघाई यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी व ड्रॉइडअप रोबोटिक्स की भूमिका है। जुएबा चीनी ओपेरा पर शोध करेगा। इस रोबोट को एक वर्चुअल स्टूडेंट आईडी भी मिली है। पीएचडी में जुएबा के मेंटर नामी कलाकार व प्रोफेसर यांग किंगकिंग हैं।

**पीएचडी में 'जुएबा 01' के गाइड नामी कलाकार व प्रोफेसर यांग किंगकिंग हैं**

जुएबा एक ह्यूमनॉइड रोबोट है, यह दिखने में एक आदमी जैसा ही लगता है। इसकी त्वचा सिलिकॉन से बनी है, इसके चेहरे के भाव भी इंसानों जैसे ही हैं। रोबोट की लंबाई करीब 1.75 है, जबकि वजन 30 किलो के आसपास है। यह रोबोट लोगों से बातचीत करने में भी सहज है। इसी साल 14 सितंबर से यह रोबोट कैंपस में दाखिल लेगा। पहले यह कॉलेज में एडमिन को रिपोर्ट करेगा, बाद में बाकी छात्रों के साथ क्लास अटेंड करेगा। यह रोबोट चार साल के लिए चीन का पारंपरिक चीनी ओपेरा के साथ-साथ अन्य विषय भी पढ़ेगा। इसमें स्टेज परफॉर्मेंस, स्क्रिप्ट राइटिंग व सेट डिजाइन जैसे आर्ट्स के विषय भी पढ़ेगा। तकनीकी विषय जैसे- मोशन कंट्रोल व लैंग्वेज जनरेशन भी सीखने वाला है। यह रोबोट बाकी छात्रों के साथ ही ओपेरा भी प्रैक्टिस करेगा।यह ख़बर जानने के बाद लोग तरह -तरह की बात कर रहे हैं , कुछ कहने लगे हैं कि चीन तो अमेरिका की नींद हराम कर दिया है, स्वयंभू विश्व गुरुओं की तो हवा टाइट कर दिया है।

## चीन लगातार 12 वर्षों से दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार

**बीजिंग (आईएएनएस)।** 2025 विश्व रोबोट महासभा की प्रेस कॉन्फ्रेंस से मिली खबर के अनुसार, 2024 में, चीन के औद्योगिक रोबोट बाजार की बिक्री मात्रा 3 लाख 2 हजार सेट तक पहुंच गई। इस तरह चीन लगातार 12 वर्षों से दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार बना है। चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स सोसाइटी की अध्यक्ष शू श्याओलान ने कहा कि 2015 में पेइचिंग में आयोजित पहली विश्व रोबोट महासभा के बाद से, चीन के रोबोटिक्स उद्योग ने वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताओं की एक श्रृंखला हासिल की है।

# सीटें बढ़ीं तो बीटेक कंप्यूटर विज्ञान में नाम लिखाने वालों की संख्या में 67% की हुई बढ़ोतरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के आंकड़ों को देखा जाए तो कंप्यूटर विज्ञान व संबंधित क्षेत्रों में बीटेक में इस बार नामांकन 2024-25 शैक्षणिक सत्र में 8 साल के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया, जिसमें देश भर में 12.53 लाख सीटें भर गई - जो 2017-18 की तुलना में 67% की वृद्धि है। रिक्तियां घटकर केवल 16.36% रह गईं। कंप्यूटर विज्ञान व इंजीनियरिंग सबसे अधिक नामांकन (3,90,245) के साथ कार्यक्रमों की सूची में सबसे ऊपर रहे, इसके बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग (2,36,909); सिविल इंजीनियरिंग (1,72,936); इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (1,60,450); और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (1,25,902) का स्थान रहा। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार एआईसीटीई ने कहा, "हालांकि तकनीकी क्षेत्र में नौकरियों में उछाल के कारण कंप्यूटर विज्ञान व संबद्ध कार्यक्रम शीर्ष विकल्प के रूप में उभरे हैं, लेकिन कोर इंजीनियरिंग शाखाएँ महत्वपूर्ण बनी हुई हैं और बड़ी संख्या में छात्रों को आकर्षित कर रही हैं।" बीटेक नामांकन में वृद्धि तब हुई जब स्वीकृत प्रवेश - उपलब्ध सीटों की कुल संख्या - 2024-25 सत्र (अगस्त से मई) में बढ़कर 14.90 लाख हो गई, जो आठ वर्षों में सबसे अधिक है। यह एआईसीटीई द्वारा 2024-25 सत्र से इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटों की संख्या पर लगाई गई सीमा को हटाने का नतीजा था। इस प्रतिबंध का मतलब था कि कोई संस्थान अधिकतम 360 छात्रों को ले सकता था और प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए तभी आवेदन कर सकता था जब उसके पास किसी कार्यक्रम के लिए वैध मान्यता हो। हालांकि 2017-18 से 2021-22 तक स्वीकृत प्रवेश संख्या में लगातार गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण मांग में कमी व सरकार द्वारा निर्धारित सीमाएँ थीं, लेकिन तब से इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। नामांकन संख्या, जो 2018-19 में 7.22 लाख के निचले स्तर पर पहुँच गई थी, में भी 2021-22 के बाद से वृद्धि दर्ज की जाने लगी। नामांकन में वृद्धि के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में, एआईसीटीई ने "पाठ्यक्रम में सुधार और लचीलेपन" के साथ-साथ "कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा में नए युग के कार्यक्रमों" की ओर इशारा किया, जिससे "इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों का आकर्षण काफ़ी बढ़ गया है।" एआईसीटीई के पूर्व सदस्य सचिव राजीव कुमार, जिनका कार्यकाल जून में समाप्त हुआ, उन्होंने नामांकन में वृद्धि का श्रेय संशोधित पाठ्यक्रम को दिया। उन्होंने कहा, "पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है और नई तकनीक को एकीकृत किया गया है... एआई, डेटा विज्ञान, एआर/वीआर को सभी पाठ्यक्रमों में जोड़ा गया है, चाहे वह कोर इंजीनियरिंग हो या अन्य शाखाएँ।" हालांकि, कुमार और एआईसीटीई के पूर्व अध्यक्ष एस एस मंथा, दोनों ने सावधानी बरतने का आग्रह किया। कुमार ने कहा, "हमें भी सतर्क रहना होगा... चूँकि अब ज़्यादा छात्र प्रवेश ले रहे हैं, इसलिए प्लेसमेंट तीन-चार साल बाद की नौकरी की स्थिति पर निर्भर करेगा।" मंथा ने कहा: "हमें यह देखना होगा कि चार साल बाद क्या होगा। संख्या में ज्यादातर कंप्यूटर विज्ञान से जुड़े क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। ऐसी धारणा है कि कंप्यूटर विज्ञान की डिग्री से उचित रोजगार मिलेगा। संस्थानों ने कंप्यूटर विज्ञान में कार्यक्रम शुरू किए हैं। लेकिन हम नहीं जानते कि कंप्यूटर विज्ञान (पाठ्यक्रमों) और एआई का जीवन चक्र क्या है। इसमें भारी बदलाव होते रहते हैं। सीटों की संख्या बढ़ाकर आकांक्षात्मक मूल्यों का ध्यान रखा जाता है, लेकिन रोजगार के अवसर उस स्तर तक नहीं बढ़ सकते।"



**सीटों की कुल संख्या सत्र 2024-25 में बढ़ाकर 14.90 लाख किया गया**

**कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में सबसे ज्यादा 3,90,245 नामांकन**

कुछ राज्यों ने भी सावधानी बरती है और कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग (सीएसई) की सीटों में और वृद्धि को रोकने की कोशिश की है। उदाहरण के लिए, तेलंगाना ने 2024-25 सत्र के लिए सीएसई में प्रवेश बढ़ाने के कुछ संस्थानों के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया। जब संस्थानों ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में इस मामले को चुनौती दी, तो राज्य ने रिक्तियों का हवाला देते हुए कहा कि सीएसई सीटों में वृद्धि की कोई आवश्यकता नहीं है। राज्य ने अदालत को यह भी बताया कि पारंपरिक और उभरते पाठ्यक्रमों में प्रवेश को संतुलित करने के लिए, उसने उन कॉलेजों में अतिरिक्त प्रवेश की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है जिन्हें पहले वृद्धि की अनुमति दी गई थी। राज्य के फैसले को बरकरार रखते हुए, उच्च न्यायालय ने इस साल मई में याचिकाओं को खारिज कर दिया। कर्नाटक इस साल की शुरुआत में इसी तरह के कदम पर विचार कर रहा था, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एम. सी. सुधाकर ने कर्नाटक के कॉलेजों द्वारा कंप्यूटर विज्ञान की सीटों में अंधाधुंध वृद्धि के उदाहरणों का हवाला दिया, कभी-कभी सिविल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की सीटों को सीएसई सीटों में परिवर्तित करके। इस बीच, 2025-26 के लिए स्वीकृत प्रवेश 15.98 लाख है, जो पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में 7% अधिक है। एआईसीटीई के आंकड़ों से पता चलता है कि छह वर्षों में पहली बार, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए एआईसीटीई-अनुमोदित संस्थानों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है, जो 2020-21 से साल-दर-साल घट रही थी। 2025-26 के लिए, ऐसे संस्थानों की संख्या 5,875 है - 2020-21 में यह 6,062 थी और 2024-25 में घटकर 5,845 रह गई। संस्थानों में वृद्धि पर, एआईसीटीई ने "मांग में पुनरुत्थान... विशेष रूप से एआई, मशीन लर्निंग, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अर्धचालक जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में" की ओर इशारा किया।लेकिन वास्तविकता तो आने वाले कुछ सालों में सामने आएगी जब एआई का रोबोट के मार्फत हर क्षेत्र में इस्तेमाल होने लगेगा।

